राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 356 लखनऊ,
बुधवार 20 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 16 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ग्लोबल लीडरशिप के लिए तैयार होंगे यूपी के युवा : सीएम योगी 03

बुजुर्ग बदल रहे अर्थव्यवस्था की चाल, चमकने लगी 'सिल्वर इकोनॉमी' 06

## इंडिया गठबंधन ने बी. सुदर्शन को बनाया उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का एलान किया। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी संदोष कुमार, कांग्रेस के के सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे।

## यूएई में नौ सितंबर से शुरु होने वाले एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान

### टी-20 विश्वकप 2024 के नायक जसप्रीत बुमराह व स्पिनर कुलदीप यादव की एक साल से अधिक के समय के बाद हुई टीम में वापसी

**सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान जबकि शुभमन गिल निभाएंगे उपकप्तान की जिम्मेदारी**

एजेंसी





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने मंगलवार को यूएई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टी-20 टीम की घोषणा कर दी है।

टी-20 विश्व कप 2024 के नायक जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव की एक साल से अधिक समय बाद टीम में वापसी हुई है। श्रेयस अय्यर को एक बार फिर नजरअंदाज कर दिया गया है। बुमराह ने आखिरी बार जून 2024 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में खेला था, जहां उन्होंने 2/18 के शानदार आंकड़े के साथ भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

वह उस टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुने गए थे। हालांकि, चोटों और वर्कलोड मैनेजमेंट की वजह से वह लंबे समय से सफेद गेंद क्रिकेट से दूर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि शुभमन गिल उपकप्तान की जिम्मेदारी निभाएंगे। गिल की भी टी-20 फॉर्मेट में वापसी हुई है। इस पर कप्तान सूर्यकुमार ने कहा, जब गिल ने पिछली बार टी-20 खेला था तो वह उपकप्तान थे। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट के कारण उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। हम खुश हैं कि वह वापस आए हैं। टीम चयन को लेकर सूर्यकुमार ने अभिषेक शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया है और वह टीम को बैटिंग के साथ बॉलिंग विकल्प भी देते हैं। हालांकि, टीम कॉम्बिनेशन के कारण कुछ खिलाड़ियों को बाहर होना ही था। हालांकि विस्फोटक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है, बल्कि उन्हें स्टैंडबाय के रूप में रखा गया है।

**भारत की एशिया कप 2025 टी-20 टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश मंत्री जयशंकर रूस की तीन दिन की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है।

### पीएम कोलकाता को देंगे 13.62 किमी की मेट्रो लाइन का तोहफा

**कोलकाता।** भारत की पहली मेट्रो सिटी कोलकाता अब सबसे तेज़ी से विस्तार पाता हुआ नेटवर्क बनने की दिशा में बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पूजा से पहले कोलकातावासियों को 13.62 किलोमीटर की नई मेट्रो लाइन का तोहफा देंगे। मेट्रो रेलवे ने मंगलवार शाम बयान जारी कर बताया कि तीन अहम रूट- ग्रीन लाइन (एस्प्लेनेड-सीलदह), येलो लाइन (नॉआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर) और ऑरेंज लाइन (हेमंत मुखोपाध्याय-बेलियाघाटा) यात्रियों के लिए खोले जाएंगे। इससे हावड़ा मैदान से लेकर साल्ट लेट तक और दक्षिणेश्वर से लेकर दक्षिण कोलकाता के चप्पे-चप्पे तक महानगर कोलकाता मेट्रो से जुड़ जाएगा। 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसका उद्घाटन होना है।

### पांच जिलों में रेड अलर्ट, कोंकण तट पर ऊंची लहरों की चेतावनी

**मुंबई।** मौसम विभाग ने मंगलवार को महाराष्ट्र में 24 घंटों के लिए राज्य के पांच जिलों, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर और रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट और रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, गढ़चिरौली जिलों और कोल्हापुर घाट क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चेतावनी के बाद संबंधित जिला प्रशासनों को आपात स्थिति में और अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। 20 अगस्त की सुबह 11.30 बजे तक 3.3 से 3.8 मीटर ऊंची लहरों की चेतावनी जारी की गई है।

### आपातकाल के दौरान 1.07 करोड़ से अधिक की नसबंदी हुईं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि वर्ष 1975 से 1977 के दौरान देश में लागू आपातकाल की अवधि में 1.07 करोड़ से अधिक लोगों की नसबंदी की गई, जोकि उस समय तय किए गए कुल लक्ष्य से काफी अधिक थी। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दी। तेलंगाना से सांसद कॉन्डा विश्वेश्वर रेड्डी द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने दो वर्षों 1975-76 और 1976-77 के लिए क्रमशः 24.85 लाख और 42.55 लाख नसबंदी प्रक्रियाओं का लक्ष्य तय किया था।

## भारत व चीन संबंधों में सुधार से आगे बढ़ने में मिली मदद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है।



श्री डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में श्री वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा, पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं।

**भारत ने चीन के साथ उठाया ब्रह्मपुत्र पर मेगा डैम का मुद्दा**

भारत ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान ब्रह्मपुत्र (यारलुंग सांगपो) नदी के निचले हिस्सों में चीन की ओर से बनाए जा रहे मेगा डैम पर भी चिंता जताई है और कहा कि इससे निचले हिस्सों के भारतीय राज्यों पर गंभीर असर पड़ेगा। इस संबंध में अत्यधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय का कहना है कि विदेश मंत्री जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान चीन की ओर से ताइवान का मुद्दा उठाया गया।

**एससीओ शिखरवार्ता के लिए चीन जाएंगे प्रधानमंत्री**



**राष्ट्रपति शी से होगी अलग से वार्ता**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें तियानजिन में आयोजित हो रहे एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग का संदेश और निमंत्रण सौंपा। प्रधानमंत्री ने निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और अपनी स्वीकृति व्यक्त की। साथ ही उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग के साथ वार्ता के इतर द्विपक्षीय वार्ता को लेकर उत्सुकता जाहिर की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार वांग यी ने विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक और विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक के बारे में अपना सकारात्मक मूल्यांकन भी साझा किया। इस बैठक की वांग यी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सह-अध्यक्षता की थी। प्रधानमंत्री ने वांग यी के साथ हुई मुलाकात में सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के महत्व पर बल दिया और सीमा प्रश्न के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एनडीए के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन आज करेंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का अभिनंदन किया। राधाकृष्णन बुधवार सुबह 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पार्लियामेंट्री लाइब्रेरी बिल्डिंग के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में मंगलवार को हुई संसदीय दल की बैठक में एनडीए के सभी लोकसभा और राज्यसभा सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बैठक में परिचय कराया गया। एनडीए के फ्लोर लीडर्स, सांसदों ने सीपी राधाकृष्णन का गर्मजोशी से स्वागत किया, उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि एनडीए संसदीय दल की बैठक में उनका परिचय प्रधानमंत्री मोदी ने कराया।

## पंजाब में पकड़े गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल मॉड्यूल के दो आतंकी

एजेंसी

**नवांशहर ग्रेनेड हमले के आरोपितों की निशानदेही पर हुई गिरफ्तारियां कनाडा के जीशान अख्तर और अजय गिल के इशारों पर कर रहे थे काम**

**चंडीगढ़।** बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के कुछ ही दिन बाद काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने इसी मॉड्यूल के दो और सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक 86पी हैंड-ग्रेनेड बरामद किया है।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने नवांशहर ग्रेनेड हमले में शामिल बीकेआई मॉड्यूल के पांच सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया था। इनमें ऋतिक नरोलिया और सोनू कुमार उर्फ काली के साथ तीन नाबालिग थे। उस समय पुलिस ने एक 86पी हैंड-ग्रेनेड और एक .30 बोर पिस्तौल भी बरामद की थी। इसके बाद सी.आई. जालंधर ने हाल ही में राजस्थान से बीकेआई के दो सदस्यों ऋतिक नरोलिया और एक नाबालिग आरोपित पकड़ा था और उनके कब्जे से भी एक 86पी हैंड-ग्रेनेड बरामद हुआ था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि इन्हीं खुलासों के आधार पर नकोदर के शंकर गांव निवासी विशवजीत और जैक्सन को गिरफ्तार किया गया है। विशवजीत मलेशिया भागने की फिराक में था, लेकिन उसे कोलकाता से और जैक्सन को नकोदर से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से भी एक हैंड-ग्रेनेड बरामद हुआ। डीजीपी ने पुष्टि की कि सभी आरोपित कनाडा में बैठे बीकेआई मास्टरमाइंड ज़ीशान अख्तर और अजय गिल के निर्देशों पर काम कर रहे थे। काउंटर इंटेलिजेंस के एआईजी नवजोत सिंह माहल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विशवजीत और जैक्सन ने इस वर्ष जुलाई के अंतिम सप्ताह में अपने साथियों के माध्यम से दो हैंड-ग्रेनेड हासिल किए थे। इनमें से एक ग्रेनेड का इस्तेमाल करीब 10 दिन पहले एसबीएस नगर में शराब के ठेके पर धमाका करने में किया गया था। एआईजी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## अमूल दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड : अमित शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि अमूल को दुनिया के सबसे सशक्त खाद्य और डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड है। श्री शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल के अनुसार गुजरात में 15740 डेयरी सहकारी समितियां कार्यशील है। गुजरात में एक सुविकसित डेयरी सहकारी नेटवर्क है जिसका नेतृत्व गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (अमूल) करता है जिसमें 18 जिला संघ और 36 लाख से अधिक सदस्य शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गुजरात से अमूल अपने सहकारी नेटवर्क के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 250 लाख ली. दूध प्राप्त करता है जिससे गुजरात देश के अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्यों में से एक बन गया है।

## किसानों की समस्या का निराकरण समय पर सुनिश्चित हो : शिवराज सिंह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में मंत्रालयों के विभिन्न पोर्टल और कॉल सेंटर पर आने वाली किसानों की शिकायतों की समीक्षा की। बैठक में किसानों की तरफ से जो नकली खाद-बीज और कीटनाशक की समस्या बताई गई थी, उसके प्रति भी शिवराज सिंह ने सख्त रवैया अपनाते हुए इस संबंध में सख्त कानून बनाने की बात कही है।

बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि योजनाओं का निर्माण जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उनका उचित कार्यान्वयन भी है। किसानों की जो भी समस्याएं विभिन्न पोर्टल्स के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं, उनका उचित निराकरण समय पर करने की व्यवस्था होना चाहिए। व्यवस्था इतनी मजबूत हो चाहिए कि जब किसान भाई-बहन इन पोर्टल्स के माध्यम से हमसे संपर्क करें, तब उन्हें भरोसा हो कि उनकी समस्याओं का निराकरण जरूर हो जाएगा।

शिवराज सिंह ने अधिकारियों से पीएम किसान पोर्टल, किसान ई-मित्र, किसान कॉल सेंटर सहित विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए मिल रही किसानों की समस्याओं की पूरी जानकारी ली और कहा कि अगले हफ्ते वे फिर से विस्तारपूर्वक समीक्षा करेंगे।

**सपा प्रमुख अखिलेश ने चुनाव आयोग पर बोला हमला, दिखाई हलफनामे की कॉपी, बोले**

## 18 हजार लोगों को वोट नहीं करने दिया गया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संसद में एसआईआर प्रक्रिया पर गतिरोध लगातार जारी है। विपक्ष ने मंगलवार को भी एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद प्रियंका गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत इंडिया ब्लॉक के नेता शामिल थे।

समाजवादी पार्टी के सांसद और प्रमुख अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में हलफनामों की प्रतियां दिखाई। उन्होंने कहा कि हमने हलफनामे दिए हैं और ईमेल भेजे हैं। ईमेल भेजने के बावजूद 18,000 लोगों को वोट नहीं करने दिया गया और उनके नाम काट दिए गए। कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन प्रशासन दबाव बना रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में उपचुनावों के दौरान वोटों की डकैती हुई और पुलिस ने इसमें मदद की। इसके हमने हलफनामे हमारे पास हैं। चुनाव आयोग को 18,000 हलफनामे दिए हैं। अगर चुनाव आयोग एक पर भी कार्रवाई करता है, तो एक भी वोट नहीं छूटेगा। इस दौरान, समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए।

**ट्रेनों में सामान का वजन व अतिरिक्त शुल्क वसूली का कदम गरीब विरोधी**

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर मंगलवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ट्रेनों में यात्रियों के सामान का वजन करने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने का कथित कदम गरीब विरोधी फैसला है जिससे आम आदमी पर और बोझ पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा जनता के लिए भारी बोझ बन गयी है। जिस दिन भाजपाई भ्रष्टाचार की पोटली को जनता तोल देगी, उस दिन भाजपा पटरी से उतर जाएगी,, और अब वो दिन बहुत दूर भी नहीं है। कन्नौज से सपा सांसद ने दावा किया कि रेल में यात्रियों के सामान को तोलने के नाम पर भ्रष्टाचार का एक और अध्याय खोला जा रहा है।

## मनरेगा के 15 लोकपालों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए पुनः बढ़ा

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के अनुमोदन के बाद उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत छह दिसम्बर 2021 में नियुक्त लोकपालों के सापेक्ष 15 लोकपालों का कार्यकाल पुनः बढ़ा दिया गया है। शासन ने विजय कुमार (प्रयागराज), धनन्जय कुमार राय (बलिया), दिवाकर त्रिवेदी (लखीमपुर), पवन कुमार लाल (संतकबीरनगर), विनीता पाण्डेय (मऊ), नवीन कुमार (गोरखपुर), आनन्द उपमन्यु (बलरामपुर), गंगा सिह सेंगर (जालौन), राकेश श्रीवास्तव (कुशीनगर), लक्ष्मी श्रीवास्तव (बाराबंकी), डा. अरविन्द प्रताप सिंह यादव (सीतापुर), महेंद्र विक्रम सिंह (सुल्तानपुर), राज कुमार श्रीवास्तव (अयोध्या), गीता देवी (गाजीपुर) व शिवपूजन सिंह चित्रकूट का कार्यकाल पुनः एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

## जब राष्ट्रपति ने सलाह मांगी तो इसमें दिक्कत क्या : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**राष्ट्रपति व राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर शीर्ष कोर्ट में हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने पूछा, जब खुद राष्ट्रपति ने राय मांगी है तो इसमें दिक्कत क्या है? क्या आप वाकई इसे चुनौती देना चाहते हैं।

बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मामले में सलाहकारी अधिकार-क्षेत्र में बैठी है, यानी अभी यह कोई अंतिम आदेश नहीं बल्कि केवल राय देने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने सुप्रीम कोर्ट के अप्रैल 2025 वाले फैसले पर कहा कि क्या अदालत संविधान को फिर से लिख सकती है? कोर्ट ने गवर्नर और राष्ट्रपति को आम प्रशासनिक अधिकारी की तरह देखा, जबकि वे संवैधानिक पद हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, संविधान सभा ने जानबूझकर गवर्नर और राष्ट्रपति के लिए कोई समय सीमा नहीं रखी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु मामले में दखल इसलिए देना पड़ा क्योंकि गवर्नर लंबे समय तक बिलों पर बैठे रहे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया रुक गई।

**फैसला** — प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में निर्णय

## ओडिशा में 8300 करोड़ की लागत से हरित राजमार्ग की मंजूरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में करीब साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से छह लेन के राजधानी क्षेत्र रिंग रोड के निर्माण को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिससे खोरधा, भुवनेश्वर और कटक जैसे शहरी क्षेत्रों में भीड़-भाड़ में कमी आयेगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर को ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है और मिली-जुली व्यवस्था के तहत बनाये जाने वाले इस राजमार्ग के निर्माण पर 8307.74 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को ढाई वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर से टांगी के बीच संपर्क मार्ग के खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरने से काफी भीड़ भाड़ रहती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए इस परियोजना को छह-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इससे इन शहरों में भारी वाणिज्यिक यातायात को बाईपास पर भेजने की व्यवस्था हो जायेगी। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी।

**केंद्र ने 6-लेन भुवनेश्वर बाईपास को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा में हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर 8307.74 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत से 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास - 110.875 किमी) के निर्माण को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी आबादी वाले शहरों के कारण रामेश्वर से तांगी के बीच काफी भीड़भाड़ रहती है। इससे निपटने के लिए 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग के विकास का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि परियोजना से प्रत्यक्ष तौर पर लगभग 74.43 लाख व्यक्ति-दिवस और अप्रत्यक्ष तौर पर 93.04 लाख व्यक्ति-दिवस रोज़गार सृजित होगा।

**केन्द्र ने कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के विकास को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राजस्थान के कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का 1507 करोड़ की लागत से विकास करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कोटा-बूंदी में हवाई अड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि इस परियोजना में 20 हजार वर्ग मी. क्षेत्र में फैले एक टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है।

## खबरें एक नजर में

### बसडिया में एजेंट पर पैसे हड़पने व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के बसडिया चौहान बाजार में एजेंट द्वारा ग्राहक के पैसे हड़पने और उससे मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बसडिया निवासी हरीश अवस्थी पुत्र लाड़ले प्रसाद अवस्थी ने थाना खमरिया में दी तहरीर में बताया कि उनका खाता LUCC में है। खाता संचालन के लिए उन्होंने एजेंट आदेश कुमार पुत्र परमानंद शुक्ला को रु.18,000 जमा कराए थे। लेकिन एजेंट ने न तो पासबुक दी और न ही कोई रसीद। पीड़ित के अनुसार जब उसने बसडिया चौहान बाजार में एजेंट से पैसे मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक खमरिया ओपी राय ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी एजेंट आदेश कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक अरुण कुमार कुशवाहा को सौंपी है।

### मोबाइल पर धमकी से परेशान पति ने किया आत्महत्या का प्रयास, पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

**निघासन (खीरी)।** थाना क्षेत्र निघासन के अंतर्गत एक महिला ने ग्राम अम्बरपुरवा निवासी युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लुधौरी निवासी नेहा दीक्षित पत्नी विकास दीक्षित ने कोतवाली निघासन में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 14 अगस्त को आरोपी सरवन मौर्या पुत्र मुन्नू ने फोन पर उनसे बात की। इस दौरान उनके पति विकास दीक्षित घर पहुंचे तो आरोपी ने मोबाइल हैण्डफ्री करने को कहा और फोन पर ही उनके पति को गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। उसने कहा कि पहले भी तुम्हें पिटवा चुका हूँ, अगर नहीं सुधरे तो जान से मार दूंगा। पीड़िता के अनुसार आरोपी सरवन पहले भी उनके पति को जान से मारने की धमकी दे चुका है। बार-बार मिल रही धमकियों से मानसिक रूप से परेशान होकर उनके पति ने 15 अगस्त को आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते अस्पताल पहुंचाने के कारण उनकी जान बच सकी। पीड़िता का कहना है कि उनके पति को अब भी जान का खतरा बना हुआ है और किसी भी दिन अप्रिय घटना हो सकती है। महिला ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार को सौंपी है।

### नदी के कटान से प्रभावित परिवारों को दी गई राहत सामग्री

**निघासन खीरी।** शासन की मंशा के अनुरूप मंगलवार को एसडीएम राजीव निगम के निर्देशन में शारदा नदी के कटान से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। राशन पाने वालों में सुमन देवी पत्नी संतराम, राजकुमारी पत्नी गोकर्ण, राम सिंह पुत्र टाइम, संतोष पुत्र राम सिंह, कमला देवी पत्नी लालता, कमलू पुत्र जगदीश, विजय कुमार पुत्र रामविलास, वंदना देवी पत्नी जयपाल, कामिनी देवी पत्नी रमेश और सीमा देवी पत्नी दयाराम समेत कई परिवार शामिल रहे। इस दौरान लेखपाल श्याम नंदन मिश्रा, राजस्व निरीक्षक देशराज वर्मा, ग्राम प्रधान कुसुम देवी और आपदा मित्र मंगल सिंह यादव मौके पर मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नए लाभार्थियों के सर्वे के बाद सत्यापन में लाते हुए शीघ्र शतप्रतिशत सत्यापन किए जाने एवं सत्यापन का कार्य पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित रूप से किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पीएम आवास के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि सभी किश्त समय से प्रदान करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर आवास पूर्ण किए जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### गौवध करने वाले अभियुक्त को न्यायालय ने चार वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रु. अर्थदंड की सजा सुनाई

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- दिनांक 14.05.2016 को अभियुक्त शब्बू उर्फ सद्दाम पुत्र इदरीश नि. कौड़ीडीह कुशमहर थाना पचपेड़वा बलरामपुर द्वारा सब्बल घोंपकर साँड़ का वध कर देने के संबंध में मु.अ.सं. 547/16 धारा 3/8 गोवध निवारण अधि. पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना उ.नि. छद्दू चौधरी द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में सहायक अभियोजन अधिकारी आशा यादव व प्रभारी मॉनीटरिंग सेल राजकुमार सिंह एवं थाना पचपेड़वा पुलिस के द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय CJSD/ACJM बलरामपुर द्वारा अभियुक्त शब्बू उर्फ सद्दाम उपरोक्त को धारा 3/8 गोवध निवारण अधि. अपराध में चार वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रु. अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च समिट 5 में उतरौला के लाल ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव



**उतरौला (बलरामपुर)।** गोवा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर 16 अगस्त 2025 को ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च समिट 5 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह अवसर न केवल देश और दुनिया के लिए चिकित्सा जगत की उपलब्धियों का उत्सव रहा बल्कि उतरौला तहसील के लिए भी गर्व का विषय बना। इस कार्यक्रम में उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंडित डीह बंजरिया, थाना गैंड़ास बुजुर्ग, तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर के निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अरविंद मिश्रा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि क्रिकेट जगत की दो दिग्गज हस्तियां—ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेट ली और भारत के लीजेंड्री क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने संयुक्त रूप से डॉ. अरविंद मिश्रा को सम्मानित किया। इस सम्मान ने न केवल क्षेत्र का नाम रोशन किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि चिकित्सा और खेल दोनों ही क्षेत्र समाज को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन बर्नेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. नीतिश चंद्र दुबे द्वारा किया गया। दूबे ने इसे होम्योपैथिक महाकुंभ की संज्ञा देते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य होम्योपैथी को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाना है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि होम्योपैथिक डॉक्टरों की मेहनत और लगन ही है, जिसके कारण आज यह चिकित्सा पद्धति विश्वभर में लोकप्रिय हो रही है। समिट में देश-विदेश के नामचीन होम्योपैथिक चिकित्सक एकत्र हुए। इस मंच पर होम्योपैथी से जुड़ी नवीनतम शोध, अनुभव और चिकित्सा पद्धतियों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशेषज्ञों ने माना कि आने वाले समय में होम्योपैथी स्वास्थ्य सेवाओं का और भी महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगी। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए लोकप्रिय गायक अल्ताफ राजा ने भी अपनी प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो गया। वहीं, केंद्रीय होम्योपैथिक अध्यक्ष राम सिंह (गुरुदेव) ने अपने आशीर्वचन से चिकित्सकों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज और चिकित्सा जगत दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस भव्य आयोजन के सफल संचालन के बाद बर्नेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड की पूरी टीम और इसके आयोजक डॉ. नीतिश चंद्र दुबे को क्षेत्र के लोगों एवं उपस्थित महान चिकित्सकों ने हार्दिक धन्यवाद दिया। डॉ. अरविंद मिश्रा के सम्मान ने न केवल उनके परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया, बल्कि यह भी साबित किया कि मेहनत और सेवा का मार्ग हमेशा सम्मान की ओर ले जाता है। गोवा की धरती पर आयोजित ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च समिट 5 ने उतरौला तहसील को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई है। यह आयोजन निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। इस उपलब्धि पर डॉ. एस के पाण्डेय, राजन गुप्ता, प्रधान अमित मिश्रा, राधेश्याम पाण्डेय, विनय कुमार गुप्ता, डॉ गुलाम मोहम्मद अंसारी आदि ने बधाई दी है।

# धौरहरा की चार ग्राम पंचायतें बनीं जीरो पावर्टी पंचायत

- पंचायतों के चयनित 25-25 निर्धनतम परिवारों को एक साथ 22 योजनाओं का मिला लाभ
- सीडीओ बोले- मेहनत और लगन से धौरहरा बनेगा मॉडल ब्लॉक




**धौरहरा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को ग्राम पंचायत हसनापुर के पंचायत भवन में जीरो पावर्टी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह एवं परियोजना निदेशक सोमनाथ चौरसिया ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे।

जिले में पहली बार विकास खंड धौरहरा की जुगनूपुर, चकलखीपुर, रामलोक और हसनापुर ग्राम पंचायतें जीरो पावर्टी पंचायत घोषित हुईं। इन पंचायतों के चयनित 25-25 निर्धनतम परिवारों को एक साथ 22 सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था एवं निराश्रित महिला पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, कौशल विकास मिशन, जल जीवन मिशन कनेक्शन, जननी सुरक्षा योजना सहित अन्य योजनाएँ शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ यदि समय पर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे तो उसका जीवन बदल सकता है। जीरो पावर्टी पहल इसी दिशा में क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार की सराहना करते हुए कहा कि आपके रहते यह विकासखंड नित नए आयाम प्राप्त करेगा। जिस जिम्मेदारी और लगन से आपने कार्य किया है, वह पूरे जिले के लिए मिसाल है। साथ ही उन्होंने बीडीओ के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार तिवारी ने कहा कि चार ग्राम पंचायतों के चयनित 25-25 निर्धनतम परिवार गरीबी मुक्त हो चुके हैं। शेष 45 ग्राम पंचायतों में भी एक सप्ताह के भीतर 25-25 निर्धनतम परिवारों को गरीबी मुक्त कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में विकास खंड का समस्त कार्यालय स्टाफ एवं सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर ग्राम पंचायत जुगनूपुर की ग्राम पंचायत अधिकारी निधि देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सीडीओ ने उनके समर्पण, पारदर्शी कार्यशैली और ग्रामीणों के बीच मजबूत पकड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि ÷निधि देवी ने जिस तत्परता से योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाया है, वह अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणा है। इसके अलावा चकलखीपुर एवं रामलोक के ग्राम विकास अधिकारी नवल किशोर तथा हसनापुर के ग्राम विकास अधिकारी धीरज को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद सीडीओ अभिषेक कुमार सिंह सहित उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने पंचायत भवन प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लाभार्थियों और ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिले रहे। जुगनूपुर निवासी परसराम ने कहा अब हमें आवास और अन्य सुविधाओं का लाभ मिला है, जीवन आसान हो गया है। वहीं हसनापुर की संतोष कुमारी ने कहा अब राशन, पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलने लगी हैं, हमारी बड़ी चिंता खत्म हो गई है। अन्य उपस्थित लाभार्थियों और ग्रामीणों ने भी मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह की विकसित सोच तथा बीडीओ संदीप कुमार तिवारी की मेहनत और लगन की खुलकर सराहना की।

## यूरिया न मिलने से किसानों ने किया हाईवे जाम



**ओयल (खीरी)।** सहकारी समिति पर यूरिया न मिलने से नाराज़ किसानों ने मंगलवार सुबह लखीमपुर-सीतापुर हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब 55 मिनट तक आवागमन बाधित रहा।

किसानों का आरोप है कि समिति पर कई दिनों से यूरिया लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों द्वारा कभी मशीन खराब होने तो कभी मैसेज न आने की बात कहकर टालमटोल किया जा रहा है। समिति का ताला भी निर्धारित समय से देर से खोला जाता है। सुबह गुस्साए किसानों ने हाईवे पर बैठकर जाम लगा दिया। सूचना पर ओयल पुलिस पहुंची और समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान नहीं माने। बाद में खीरी थाना प्रभारी निराला तिवारी मौके पर पहुंचे और खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। तत्पश्चात समिति का ताला खुलवाकर किसानों को खाद वितरण शुरू कराया गया।

## जंगलीनाथ गांव में चोरों का तांडव, एक ही रात पांच घरों में लाखों की चोरी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



> जंगलीनाथ गांव में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर पीड़ितों द्वारा लिखित तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। बहुत जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> -गोपाल नारायण सिंह, थाना प्रभारी, भीरा

भीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगावां के मजरा जंगलीनाथ गांव में सोमवार देर रात चोरों ने कहर बरपाया। गांव में बसे पांच अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। चोरी की ये वारदातें गांव के श्रवण सिंह, कायम सिंह, शेर सिंह, गजराज सिंह और ध्रुव सिंह के घरों में हुईं। पीड़ित परिवारों के अनुसार चोरों ने पायल, बिछुआ, करधनी, सुतिया, झाला, झुमकी, मंगलसूत्र, कंगन, टॉप्स, अंगूठी, हार और नगदी समेत लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, घटना के वक्त सभी परिवार अपने-अपने आंगन और बरामदों में सो रहे थे। इसी दौरान बेख़ौफ़ चोर पीछे के रास्ते घरों में घुसे और इत्मीनान से चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने घरों से बक्से उठाकर खेतों में फेंक दिए, जहां से वे बाद में बरामद किए गए।

घटना की सूचना मिलते ही भीरा थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह, बिजुआ चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार सिंह, सर्विलांस टीम और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जरूरी साक्ष्य जुटाए। रात में आस-पास के गांव कौआखेड़ा, बेबहा मुन्नू सिंह, रायपुर और पिपरा खुर्द सहित कई गांवों में ड्रोन कैमरे के उड़ने की सूचना भी वायरल हुई, जिसके चलते पुलिस ने उस दिशा में भी जांच की। जंगलीनाथ गांव में यह पहली बड़ी चोरी की वारदात है, जिसने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो असुरक्षा की भावना और बढ़ेगी। खास बात यह रही कि चोरों ने उन्हीं घरों को निशाना बनाया जो गांव के किनारे स्थित थे। ग्रामीणों का मानना है कि यदि चोर गांव के बीच स्थित घरों में घुसते, तो पकड़े जाने की संभावना अधिक थी। पुलिस अब ड्रोन कैमरे की गतिविधियों और क्षेत्रीय सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़कर क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा बहाल करेगी।

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

## मेधावी छात्राओं व श्रेष्ठ शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज, राजाजीपुरम राजापुर में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों व गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय की मेधावी छात्राएं निशी (इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला स्तर पर पांचवां स्थान) और अद्रिका वर्मा (हाईस्कूल परीक्षा में जिला स्तर पर चौथा स्थान) को स्मृतिचिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से श्रीमती गीता श्रीवास्तव एवं सिमरन जी को सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों को स्मृतिचिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अतिथियों में विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट, परिषद की अध्यक्ष (संस्कारशाला) अर्चना श्रीवास्तव, सचिव राजीव श्रीवास्तव, संयोजक शौर्य सक्सेना सहित डॉ. सुशीला सिंह, संतोष दीक्षित, सुमन वर्मा, रोशनी श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अंशुमान श्रीवास्तव व शशिकांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## तहसील परिसर में किसान की मौत

- जमीन विवाद की सुनवाई के लिए आया था, लौटते समय बिगड़ी तबीयत

**निघासन (खीरी)।** जमीन विवाद के मुकदमे की सुनवाई के लिए मंगलवार को तहसील आए एक किसान की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। किसान को तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कृपाकुंड थाना क्षेत्र निवासी रामस्वरूप भार्गव (55) का एक जमीन विवाद का मामला एसडीएम कोर्ट में लंबित था। मंगलवार को वे इसी संबंध में तहसील आए थे। कोर्ट बंद होने के कारण लौटते समय अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़े। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि आवास के सामने एक व्यक्ति की तबीयत खराब हो गई है। तुरंत सरकारी वाहन से अस्पताल भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. टी.एन. सिंह ने बताया कि मृतक को मृत अवस्था में लाया गया था। उधर, मृतक के बेटे रविंद्र ने बताया कि उनके पिता का लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था और वे इसी मामले में तहसील आए थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

### जन्माष्टमी पर मटहिया में खेल उत्सव, कबड्डी और रस्साकसी में दिखा खिलाड़ियों का दम

**निघासन खीरी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटहिया गांव में मंगलवार को आठवां अखिल भारतीय कबड्डी एवं रस्साकसी टूर्नामेंट धूमधाम से आयोजित हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्रामीणों और अतिथियों की मौजूदगी में हुआ। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कबड्डी के मैदान पर खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में भी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे माहौल को उत्सव जैसा बना दिया। टूर्नामेंट में जय माता दी क्लब मटहिया, बालाजी क्लब नौरंगाबाद, जय मां दुर्गे क्लब मसूरहा और लकी स्टार क्लब रहीमपुरवा की टीमों ने हिस्सा लिया। शुरुआती मुकाबले में जय माता दी क्लब मटहिया ने बालाजी क्लब नौरंगाबाद को हराया। वहीं लकी स्टार क्लब रहीमपुरवा ने हनुमान वीर क्लब पर जीत दर्ज की। शेष मुकाबले बुधवार को खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 15 हजार रुपये, रनर अप को 8100 रुपये नकद इनाम के साथ ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में भूवनेश्वर लाल भार्गव, श्याम प्रकाश यादव, डॉ. विपिन, पिंकू कश्यप, रोहित यादव, रामप्रवेश यादव, जगदम्बा शाक्य, किशोर शाक्य, राजेश पाल, रामसिंह यादव, पुरुषोत्तम गौतम, सोनू सिंह, लाड़ी सिंह, प्रमोद मित्री, रामपाल शाक्य, मदनलाल गौतम, संदीप भार्गव, स्वेश भार्गव, बहादुर राज, काशीराम भार्गव, शुभम यादव व रामपाल पाल आदि का विशेष योगदान रहा। ग्रामीणों का कहना था कि इस तरह के आयोजन युवाओं में खेल भावना जागृत करने के साथ समाज में भाईचारा और उत्सव का माहौल बनाने में सहायक होते हैं। आयोजकों ने बताया कि फाइनल के बाद कार्यक्रम का समापन इनाम व प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ किया जाएगा।

## जर्जर भवन बना खतरा, 151 बच्चों की जिंदगी पर मंडरा रहा संकट



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय लौकिया ताहिर का भवन अब बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है। वर्ष 1978 में निर्मित यह विद्यालय आज पूरी तरह जर्जर हो गया है। विद्यालय के 8 कमरों की छत का प्लास्टर जगह-जगह से टूटकर गिर रहा है, वहीं कई बीमों में गहरी दरारें पड़ गई हैं। ऐसी स्थिति में यहां पढ़ने वाले 151 छात्र-छात्राओं की जिंदगी पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद शफीक ने बताया कि इसकी लिखित सूचना बीईओ और बीएसए को दी गई है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। बीईओ रमेश कुमार वर्मा ने मामले पर कहा कि जर्जर भवन की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। आदेश मिलते ही समस्या का समाधान कर छात्रों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षा विभाग की लापरवाही पर ग्रामीणों और अभिभावकों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब तक नए भवन का निर्माण नहीं होता, बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों खतरे में बनी रहेंगी।

## बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत, सरकार हमेशा साथ



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** प्रदेश सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राहत सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर के तहसील परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमन गिरि ने स्वयं राहत सामग्री वितरित की और पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर संकट की घड़ी में आमजन के साथ खड़ी है। विधायक अमन गिरि ने मौके पर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम युगांतर त्रिपाठी और तहसीलदार भीम चंद्र से बात कर निर्देश दिया कि पीड़ितों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए।

उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह सजग है और प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी जरूरतमंद को राहत से वंचित न रखा जाए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने अधिवक्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ एक बैठक भी की, जिसमें स्थानीय विकास, कानूनी सहायता और प्रशासनिक सुधारों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सरकार की ओर से मिल रही मदद की सराहना की और विधायक को क्षेत्र की अन्य समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीम चंद्र, के के शुक्ला गुरुजी, राकेश वर्मा, संतकुमार भारती, रामकुमार गौतम, गोला देहात प्रधान राजेश गिरी, पूर्व प्रधान शेरू वर्मा, आशीष मिश्रा, महेंद्र शर्मा, अचल श्रीवास्तव, अमित मिश्रा समेत अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### एसपी ने पुलिस कार्यालय में सुनी आमजनों की समस्याएं



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा आज दिनांक-19.08.2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ता/आम-जनों की सम्भावित समस्याओं का अवलोकन कर तत्काल सुनवाई की गई तथा राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## चोरी की वारदात में माल सहित तीन अभियुक्तों को पुलिस किया गिरफ्तार

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत लूट की घटनाओं का किया गया सफल अनावरण, 3 अभियुक्त गिरफ्तार व उनके कब्जे से लूट का माल बरामद किया। दिनांक 17.08.2025 को वादी कौशल नाथ तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद तिवारी नि.ग्रा. सुल्ताना सिकन्दरवोझी थाना हरैय्या जनपद बलरामपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दिया गया कि विपक्षी 2 नफर अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा मोटर साइकिल नं. UP47Z2097 से टीटू टाकिज मोहल्ला पहलवारा के पास वादी के पुत्री के कान से सोने की बाली छीन कर भागने व हल्ला गोहार करने पर जान माल की धमकी देने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना को. नगर पर मुअसं.- 200/25 धारा 304(2), 351(3), 352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। दिनांक 18.08.2025 को वादिनी मिथलेश शुक्ला पत्नी ओम प्रकाश शुक्ला नि.ग्रा. खगई जोत थाना को.देहात जनपद बलरामपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दिया गया कि वह दिनांक 13.08.25 को ई-रिक्शा से अपनी बहन से मिलने बलरामपुर जा रही थी कि MLK PG कॉलेज के पास 2 अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा कान से सोने का बाला छीन कर भाग जाने के संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना को. नगर पर मुअसं.- 201/25 धारा 304(2), 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटनाओं के अनावरण हेतु टीमे गठित कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिए गए सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में- आज दिनांक 19.08.25 को थाना को. नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं.- 200/25 धारा 304(2), 351(3),352 बीएनएस व मुअसं.- 201/25 धारा 304(2), 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित आने-जाने वाले मार्गों के CCTV फुटेज एवं अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त 1. मोनू सोनी पुत्र अनिल सोनी निवासी पुरैनिया तालाब टेढी बाजार थाना को. नगर जनपद बलरामपुर 2. उत्सव सिंह पुत्र चक्रवीर सिंह निवासी ग्राम महेश्वर दत्त सिंह कालोनी काली थाना को. नगर जनपद बलरामपुर को मुखबिर की सूचना पर आम की बाग के किनारे, सुआव नाला से गेल्हापुर मार्ग थाना को. नगर जनपद बलरामपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा बेचे गए सामान को खरीदने वाले 3.अभियुक्त राजू सोनी पुत्र स्व मदन मोहन सोनी निवासी नई बाजार थाना को. नगर जनपद बलरामपुर को परेडग्राउण्ड थाना को. नगर जनपद बलरामपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 1. दो अदद कान की बाली पीली धातु , 2. दो अदद मोबाइल, 3. घटना में प्रयुक्त दो अदद बाइक बरामद किया।

# तैयारी : देश का डिजिटल डाटा कलेक्शन साइबर अपराध पर लगाएगा लगाम

## सीएम योगी के मार्गदर्शन में यूपीएसआईएफएस में साइबर अपराध को रोकने के लिए चल रहा तीन दिवसीय सेमिनार

▸ बोले एक्सपर्ट, एआई आने वाले समय में साइबर अपराधों को रोकने में निभाएगा अहम रोल



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए यूपी पुलिस विभाग के अधिकारियों को लगातार हाइटेक टेक्नोलॉजी के जरिये प्रशिक्षित कर रही है। इसी के तहत सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

सेमिनार के दूसरे दिन मंगलवार को साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिये होने वाली अवैध गतिविधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गयी। इसका इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें अपना का शिकार बना रहे हैं।

सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। उन्होंने बताया कि डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### डार्क वेब से अवैध गतिविधियों को दिया जा रहा अंजाम

डार्क वेब इंटरनेट का एक हिस्सा है, जो आमतौर पर सर्च इंजनों से छुपा होता है और केवल विशेष टूल्स जैसे टॉर ब्राउज़र से ही एक्सेस किया जा सकता है। डार्क वेब पर ड्रग्स और नशीली पदार्थों की अवैध बिक्री होती है। डार्क वेब का उपयोग मानव तस्करी और अवैध व्यापार के लिए किया जाता है। साइबर अपराधी उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी चुराकर उसे बेचते हैं। हत्या की साजिशें और हिंसा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां डार्क वेब पर पाई जाती हैं।

### इन खतरों से ऐसे निपटें

**एनक्रिप्शन और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन** : डार्क वेब पर होने वाली अवैध गतिविधियों से बचने के लिए डेटा एनक्रिप्शन और सुरक्षित संदेश संचार आवश्यक हैं।
**मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन** : क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट्स और एक्सचेंजों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग किया जाना चाहिए।
**कानूनी निगरानी** : डार्क वेब पर होने वाली अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी निगरानी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सक्रिय कार्रवाई की आवश्यकता है।
**क्रिप्टोकरेंसी ट्रैकिंग** : क्रिप्टोकरेंसी ट्रांजेक्शन की निगरानी और उनके स्रोत का पता लगाने के लिए विशिष्ट टूल्स और सॉफ़्टवेयर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# वी केयर फिजिओ एंड ऐक्यूपंक्चर सेंटर में बिना दवा व सर्जरी के होगा दर्द का इलाज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बढ़ती उम्र तो सिर्फ बहाना है, अब तो युवा भी शरीर के विभिन्न अंगों समेत हड्डियों में दर्द की शिकायत कर रहे हैं। इसमें जितनी बड़ी भूमिका खान-पान की है उतना ही जरूरी सही इलाज भी है। इन्हीं चीजों को ध्यान में रखते हुए राजधानी लखनऊ स्थित एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड में मंगलवार को 'वी केयर फिजिओ ऐंड ऐक्यूपंक्चर सेंटर' की शुरुआती की गई। इसका उद्घाटन समाज सेवी नम्रता पाठक ने किया।

इस अवसर पर उनके साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ हर्षवर्धन, मेडिकल सुपरीटेंडेंट, डॉ के.के सिंह, सर्जन एंड पीआरओ, डॉ लोकेंद्र गुप्ता, हेड इमरजेंसी मेडिसिन (मेदांता), नगर निगम सदन में भाजपा के उपनेता कैशलेंद्र द्विवेदी और आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सशक्त सिंह, इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ़ कॉमर्स यूपी कमेटी के चेयरमैन श्री मुकेश सिंह और लखनऊ चैप्टर की चेयरमैन रीना सिंह भी उपस्थित रहीं। 'वी केयर फिजिओ ऐंड ऐक्यूपंक्चर सेंटर' की प्रोपराइटर डॉ. आरती मिश्रा ने बताया कि सेंटर पर आधुनिक तकनीक और ऐक्यूपंक्चर के ज़रिए मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही हमारी कोशिश है कि लोगों को बिना दवाओं और सर्जरी के दर्द और अन्य समस्याओं से राहत दिलाई जाए।

यूपी सरकार व द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस यूके के बीच समझौता

# ग्लोबल लीडरशिप के लिए तैयार होंगे यूपी के युवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ।

इसके तहत चिवनिंग-भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को ग्लोबल लीडरशिप रोल के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी। ब्रिटिश हाई कमिश्नर टू इंडिया, लिंडी कैमरन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि लखनऊ आकर इस समझौते पर हस्ताक्षर करना बेहद खुशी की बात है। इस नई चिवनिंग स्कॉलरशिप के तहत अगले तीन वर्षों तक हर साल पांच छात्रों को यूके में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई का अवसर मिलेगा। यह यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच बढ़ते रिश्तों का प्रतीक है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके विजिट के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा ट्रेड एग्रीमेंट और विजन 35 साइन किया गया है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ व्यापार के शानदार अवसर भी खुलेंगे।

### छात्रों को मिलेगा वैश्विक एक्सपोजर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रेरणा से प्रारंभ की गई यह योजना प्रदेश के युवाओं को वैश्विक शिक्षा और नेतृत्व में नई ऊंचाइयां हासिल करने का अवसर देगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर उत्तर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं। इस छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा यूके तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। प्रति छात्र लगभग 38,048 पाउंड से 42,076 पाउंड (लगभग 45 से 48 लाख रुपये) का खर्च आएगा। इसमें से उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 19,800 पाउंड (23 लाख रुपये) वहन करेगी, शेष राशि का वहन एफसीडीओ यूके करेगा।

# वोट चोरी लोकतंत्र को खत्म करने का है हिस्सा

▸ कांग्रेस नेताओं ने सदर में वोट चोरी मामले में चौपाल पर उठाया मुद्दा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** चुनाव आयोग और भाजपा की वोट चोरी के गठजोड़ के खिलाफ़ एक चौपाल का आयोजन किया गया इस चौपाल आयोजन उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रवक्ता अनीस अख्तर मोदी द्वारा किया गया।

वोट चोरी लोकतंत्र को खत्म करने का एक हिस्सा है जब आपका वोट के अधिकार खत्म होगा तो आप का रोजगार शिक्षा तमाम मौलिक अधिकार खतरे में आ जाएंगे इस बैठक में वोट चोरों को जनता के सामने बेनकाब करने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नावेद नकवी ने संबोधित करते हो कहा की वोट नागरिकता अधिकार है नागरिक की पहचान है वोट चोरी करना देश के साथ धोखा है देश की जनता के साथ विश्वास घात है। ऐसा करके चुनाव आयोग भाजपा की मिली भगत से संविधान पर हमला कर रहा है लेकिन हम कांग्रेस जन राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में वोट चोरों को बेनकाब करेंगे और देश के संविधान की रक्षा करेंगे।

बैठक में उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शमशुल हसन उमरा ने बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार और चुनाव आयोग की वोट चोरी की साजिश से देश और आने वाली पीढ़ी का भविष्य ख़तरे में है हमारा एक वोट देश का भविष्य तय करता है हमे अपने वोट की कीमत समझने होगी।

### सीएम आवास के बाहर युवक ने सुसाइड की कोशिश की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीएम आवास के बाहर एक युवक ने सुसाइड करने की कोशिश की। युवक की पहचान औरैया के 32 वर्षीय शैलेंद्र यादव के रूप में हुई है। वह नोएडा में नौकरी करता है। वहां से मंगलवार सुबह लखनऊ पहुंचा। वह प्रॉपर्टी विवाद से परेशान बताया जा रहा है। उसने अपने साथ कंबल ले रखा था। सीएम आवास के पास पहुंचते ही उसने साथ में लाए कंबल से गला कसकर पेड़ पर लटकने की कोशिश की। यह देख तैनात पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। पुलिसकर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत उसे पकड़ लिया। हिरासत में लेते हुए पूछताछ शुरू की। युवक ने बताया कि वह काफी समय से संपत्ति विवाद से मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। न्याय न मिलने से हताश होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस युवक को गौतमपल्ली थाने ले गई है, जहां उससे पूछताछ की।

### सूचना

मैं शपथी विनय चौधरी आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र रोहताश सिंह निवासी रहीमनगर पडियाना लखनऊ उत्तर प्रदेश का हूं शपथ पूर्वक निम्न लिखित बयान करता हूं। यह कि शपथी उपरोक्त पते का निवासी है। शपथी की माध्यिमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तीर्ण हाई स्कूल अंक तालिका रो0 न0, 0792880 वर्ष 2003 तथा इन्टरमीडियट अंक तालिका रो0 न0, 0682349 वर्ष 2006 कहीं गुम हो गए हैं। मैं शपथी उपरोक्त इस शपथ पत्र की धारा 1 से लगाकर 4 तक की धाराओं को सत्यापित करता हूं जो कि मेरे निजी ज्ञान और विश्वास से सत्य और सही है किसी भी तथ्य को छुपाया नहीं गया है।


































# ईसीसीई को ऊंचाइयों पर ले जाएंगी कार्यकत्री : सीडीओ




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के हजूरपुर ब्लॉक के 60 आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेसमें वर्कशॉप इंडिया और मेरिको शांति निहार के सहयोग से खेलो,सीखो और बढ़ो परियोजना संचालित की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को सुदृढ़ करना, बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल का विकास करना तथा अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों पर खेल-आधारित शिक्षण-अधिगम गतिविधियों का संचालन, कार्यकर्ताओं को और शिक्षण-अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण, तथा समुदाय स्तर पर नियमित पेरेंटिंग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रयासों से बच्चों की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, विशेषकर बालिकाओं के नामांकन में सकारात्मक सुधार देखा गया है। इसी परियोजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह सक्रिय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 5 अगस्त 2025 को विकास भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेरिको शांति निहार की सीएसआर प्रमुख सत्त्या नायडू तथा सेसमें वर्कशॉप इंडिया की प्रबंध न्यासी सोनाली खान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने सम्मानित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इनका समर्पण और नवाचार न केवल बच्चों के समग्र विकास में सहायक है, बल्कि प्रारंभिक शिक्षा को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में हजूरपुर की सीडीपीओ विमल सिंह तथा पर्यवेक्षिका सुषमा मुखर्जी ने भी भाग लिया और क्षेत्रीय स्तर पर परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए टीम के योगदान की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का यह समर्पण और नवाचार जनपद में ईसीसीई को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई देते हुए निरंतर प्रेरित बने रहने का आह्वान किया। समारोह के अंत में सम्मानित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# 74 आरक्षी को मिली नई तैनाती

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आरक्षी मुख्य आरक्षी मिला कर 74 को थानों पर नई तैनाती किया है। इंद्रासन अमित यादव सुनील कुमार राकेश सिंह यादव तुषा पांडेय निलेश कुमार गुप्ता को नगर कोतवाली ओंकार यादव को नगर क्षेत्राधिकारी के कार्यालय भेजा है। मुख्य आरक्षी रविन्द्र कुमार विनोद कुमार सिंह बृजेश कुमार पटेल पवन कुमार रमेश कुमार यादव संजय मधेशिया श्री राम प्रमोद कुमार विश्वकर्मा विश्व जीत यादव कोतवाली देहात अनुराग कुमार शैलेश कुमार यादव बृजेश चंद्र मधेशिया भूपेंद्र कुमार गुप्ता मो सलीम अवध नारायण संदीप कुमार अजय कुमार यादव इंद्रासन यादव को थाना खोड़ारे धर्मवीर यादव को थाना नवाब गंज का हेडमोहरीर बनाया है। धर्मेंद्र कुमार सिंह सुनील कुमार यादव अंगद कुमार महेंद्र सिंह नीरज कुमार सिंह शैलेंद्र कुमार दुबे को थाना नवाब गंज संजय यादव आकाश वर्मा अजय सरोज विजय कुमार को थाना वजीर गंज उत्तम शर्मा को थाना वजीर गंज का हेडमोहरीर बनाया है । राघवेन्द्र प्रताप शाही पुसेंनरा कुमारी प्रवीण कुमार सिंह को थाना कर्नल गंज। प्रवीण कुमार सिंह थाना परस पुर रमेश कुमार अति उल्लाह को थाना कटरा बाजार दया शंकर सिंह संतोष कुमार बिरजू को थाना खरगू पुर श्याम बहादुर चौहान को थाना खरगू पुर का हेड मुहर्रिर बनाया है। मनोज कुमार लाल जी यादव धर्म देव राजेश पासवान संजीव कुमार को थाना मनका पुर आशीष कुमार यादव को क्षेत्राधिकारी मनका पुर के कार्यालय में तैनात किया है। गौतम प्रसाद राकेश यादव अमर जीत यादव सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा दीपक कुमार को थाना छपिया सचिन चौधरी कपिल देव को थाना मोतीगंज आलोक मिश्रा प्रभात सिंह को थाना इटियाथोक अनिल कुमार सिंह को थाना तरब गंज दया शंकर को थाना कौड़ियां रामाज्ञा को खरगू पुर का पैरोकार बनाया गया है। विनोद कुमार यादव को गोपनीय कार्यालय रोहित कुमार को जनशिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया।आशीष सिंह ऋण विजय गौड़ चंद्रिका प्रसाद मनोज कुमार जायसवाल प्रमोद कुमार अजय पटेल को अभियोजन कार्यालय भेजा गया । प्रतिभा पांडेय को न्यायाल सुरक्षा नवनीत गौरव सिंह रोहित गुप्ता को अंगुष्ठ छाप नफीस सेल भेजा गया । नीलम सिंह को महिला थाना का हेड मुहर्रिर बनाया गया।

# खाद बंटने का नाम सुनते ही उमड़ा किसानों का हुजूम





**मजिस्ट्रेट व पुलिस की निगरानी में बंटी गई यूरिया**

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में यूरीया को लेकर समस्या घटने के बजाय और बढ़ती जा रही है,जिसके क्रम में खाद वितरण करने के लिए प्रशासन समेंत पुलिस को नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं। उसके बावजूद खाद की समस्या बरकरार है। यहां तक की लाइन में 8 से 10 घंटे लगने के बावजूद सभी किसानों को खाद मुअस्सर नहीं हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को मनकापुर विकास खंड के धुसवा सहकारी समिति पर यूरिया वितरण की खबर सुनते ही सैकड़ो की भीड़ और लंबी कतार लगा कर लोग अपनी अपनी पारी आने का इंतजार करने लगे। वहीं सचिव अपने सहयोगियों के साथ गोदाम पर पहुंचकर खाद वितरण वितरण में लग गए और कड़ी मशक्कत के बाद करीब 500 लोगों को युरिया बांटी गई।

इस संबंध में सचिव ने बताया कि धुसवा समिति पर 500 बोरी यूरिया आई थी, जिसे बांटने के लिए राजस्व विभाग व स्थानीय पुलिस से सहयोग की अपेक्षा की गई जिस पर कोतवाली मनकापुर अंतर्गत जिगना बाजार पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी एवं नायब तहसीलदार मनकापुर अनिल त्रिपाठी अपनी टीम के साथ पहुंचकर किसानों के बीच सुगमता से खाद बंटवाई, लेकिन बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्वयं प्रभारी निरीक्षक मनकापुर मनोज पाठक ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही समिति पर मौजूद कई किसानो ने बताया कि किसानों की संख्या अधिक और खाद की कमी होने की वजह से सबको खाद नहीं मिल पाई। जिस पर जवाब देते हुए सचिन ने बताया कि 500 बोरी यूरिया आई थी जिसे आधार कार्ड तथा खतौनी के आधार पर हर एक किसान को एक-एक बोरी बांटी गई है,लेकिन संख्या काफी थी इसलिए कुछ लोग खाद पाने से वंचित रह गए हैं, शीघ्र ही व्यवस्था कराकर खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

# स्कूल में मनाया गया सांस्कृतिक उत्सव



**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर वेदम इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक जयशंकर तिवारी द्वारा किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और भक्ति का वातावरण व्याप्त रहा। बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लेकर कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। इस दौरान दिव्यांशी तिवारी ने मां यशोदा और गार्गी तिवारी ने कान्हा की भूमिका निभाकर सभी का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय की समर्पित अध्यापिकाओं–कॉर्डिनेटर नीरू सिंह, ज्योति तिवारी, संगीता, शबनम, नंदिनी, पुष्पा, लाजवंती, शैलजा, शशि एवं समृद्धि–ने गोकुल वासियों की भूमिका निभाकर वातावरण को जीवंत कर दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी गुप्ता ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल जी की आरती कर समापन किया। इस अवसर पर विवेक तिवारी, मयंक श्रीवास्तव एवं चंदन तिवारी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, आनंद और सांस्कृतिक उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## प्रधान को जान से मारने की दी धमकी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात के इमलिया मिश्र ग्राम के प्रधान राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया कि सोमवार की बीती रात्रि में उस के ग्राम में निर्मित पानी की टंकी पर कुछ लोगो के दारा चोरी की जा रही थी। गांव के लोगों ने टार्च की रोशनी देखी तो टंकी के पास गए । टार्च की रोशनी मारी तो चोरी कर रहे लोग भागने लगे जिस को देखा गया। इस की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्रधान ने पंकज तिवारी, राम विश्वास के खिलाफ में तहरीर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है ।

## आबादी की जमीन को लेकर वृद्ध को पीटा

**झझरी गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के करन पुर गांव के निवासी 60 वर्षीय हनुमान प्रसाद पुत्र कृष्ण कुमार को आबादी के जमीन विवाद को लेकर मंगलवार के दिन हमला कर के घायल कर दिया गया। मेडिकल कालेज में इलाज के बाद छोड़ दिया गया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। गांव के कुछ लोगो ने काफी दिनों से आबादी की जमीन का विवाद चल रहा था। जिस को लेकर इस के पहले भी विवाद हो चुका था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है घटना की जांच कराई जा रही है।

## मुंडेरवा में उचित दर विक्रेता पर लगा मनमानी का आरोप

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड विशेश्वरगंज के ग्राम मुंडेरवा सरहदी के हरिओम पुत्र ईश्वर दयाल तिवारी ने उपजिलाधिकारी पयागपुर को शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत के उचित दर विक्रेता हरिश्चंद्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि विक्रेता राशन वितरण में न केवल कटौती और घटतौली करता है, बल्कि लाभार्थियों को गेहूं-चावल के साथ सर्फ, साबुन व अन्य सामग्री ऊँचे दामों पर खरीदने के लिए मजबूर करता है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं – उचित दर की दुकानों से गेहूं और चावल के अलावा किसी भी अन्य वस्तु की बिक्री का कोई नियम नहीं है, जैसा कि विभागीय संदेशों में भी बताया जाता है।

# सीएचसी पण्डरीकृपाल में कन्या जन्मोत्सव आयोजित

**महिला कल्याण विभाग ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत कराया आयोजन**



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पण्डरीकृपाल में मंगलवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाकर समाज में सकारात्मक संदेश देने और लिंग समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक शैलेन्द्र त्रिपाठी द्वारा बालिका से केक कटवाकर की गई।

इस अवसर पर सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को मिलने वाली सहायता और सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर (एचईडब्लू) शिवेंद्र श्रीवास्तव ने महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने 'हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' योजना की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर भी चस्पा किया गया। कार्यक्रम में किरन गुप्ता बी.सी.पी.एम., अनुराग श्रीवास्तव, अनुराग तिवारी, रोहित शर्मा, आशा कार्यकर्ता, अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी और लाभार्थी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य अभियानों के तहत सभी तक पहुंचे दवा: डीएम

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं अन्तर्विभागीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनहित से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, पंचायतीराज, शिक्षा, बाल विकास एवं अन्य संबद्ध विभागों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित स्वास्थ्य अभियानों के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक आवश्यक दवाएं शत-प्रतिशत पहुंचाई जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी बस्ती, गांव या वार्ड को दवा वितरण से वंचित न रखा जाए। खासकर डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर व अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु सभी संवेदनशील क्षेत्रों में दवाओं का छिड़काव एवं वितरण नियमित रूप से किया जाए। स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, फॉगिंग व एंटी लार्वा स्प्रे का कार्य लगातार चलाया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को निर्देश दिया कि स्वच्छता के लिए स्थानीय स्तर पर विशेष निगरानी टीमें गठित की जाएं।

जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसी भी योजना के क्रियान्वयन में बाधा न आए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध रूप से प्रभावी कार्रवाई अपेक्षित है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीके वर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, डीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनता को न्याय दिलाना है, मेरा कर्तव्य: आनंद कुमार भदोरिया

**पयागपुर बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के विधानसभा पयागपुर मे आनंद कुमार भदोरिया ने घोषणा की है कि वह शोभाराम जन सेवा फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता को मूलभूत सुविधाएँ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि कई ग्राम पंचायतों और विधानसभा क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ ग्रामीण जनता तक बेहतर तरीके से पहुँच सकें। भदोरिया ने यह स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जनता के बीच पहुँचाना है। उन्होंने कहा, ÷यह मेरा कर्तव्य और लक्ष्य है। मैं सपना देखता हूँ कि सभी सुविधाएँ जनता तक पहुँचें। अगर जनता ने मुझे अपना समर्थन और विश्वास दिया, तो मैं विधानसभा में परचम लहराऊंगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके साथ कई ऐसे व्यक्ति हैं जो पंचायत प्रभारियों द्वारा गलत तरीके से धन निकालने की शिकायत लेकर आए हैं। भदोरिया ने वादा किया कि वह इसमें पारदर्शिता लाने के लिए सही हिसाब-किताब मांगेंगे और जनता के न्याय के लिए तत्पर रहेंगे। भदोरिया का यह संकल्प ग्रामीण विकास और जनता की भलाई के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा को दर्शाता है। उनका कहना है, यही मेरा उद्देश्य है÷ और वह इसे पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# सभी महत्वपूर्ण विषयों पर प्राथमिकता से होगी कार्यवाही : डीएम

**नवागत जिलाधिकारी का उद्योग व्यापार मंडल ने किया स्वागत**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बहराइच का प्रतिनिधि मंडल नवागत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट करने पहुँचा।प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका ने किया। इस दौरान मंडल की ओर से जिलाधिकारी का बुके तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने बताया कि भेंटवार्ता के दौरान उद्योग एवं व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें जनपद में इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने, प्लेज पार्कों की स्थापना, इनवेस्ट यूपी के अंतर्गत निवेश को आकर्षित करने, व्यापारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, औद्योगिक परिसरों के लिए ड्रेनेज व्यवस्था तथा व्यापारियों के असलहा लाइसेंस की वरासत संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।नवागत जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि लाइसेंसी असलहों की वरासत के सभी प्रकरणों को अतिशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित डेस्क को दिए जा रहे हैं।

जिलाध्यक्ष भानीरामका ने अपेक्षा जताई कि जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में बहराइच में उद्योग व व्यापार को नया आयाम मिलेगा और व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

शिष्टमंडल में जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका, नगर अध्यक्ष दीपक सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, जिला महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, जिला कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, नगर महामंत्री आशीष कंसल एवं नगर कोषाध्यक्ष सुमित खन्ना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उद्योग एवं व्यापार जगत के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है तथा सभी महत्वपूर्ण विषयों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जाएगी।



## झूलेलाल महोत्सव में हुई नृत्य एवं टैलेंट प्रतियोगिता

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** नगर में चल रहे झूलेलाल महोत्सव में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नृत्य एवं टैलेंट की प्रतियोगिता कराई गई। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि कल धर्मशाला में सिंधी समाज के बच्चों की नृत्य एवं टैलेंट प्रतियोगिता कराई गई । इस प्रतियोगिता में 7 वर्ष के ऊपर के बच्चों ने भाग लिया। किसी बच्चे ने अपना नृत्य दिखाकर प्रस्तुति दी तो किसी ने ढोलक बजाकर अपना टैलेंट दिखाया तो किसी बच्चे ने गायत्री मंत्र का अर्थ बताकर अपनी प्रतिभा दिखाई और कहीं पर बच्चों ने ग्रुप डांस करके सब का मन मोह लिया। जिसमें प्रभु झूलेलाल के भजनों पर नृत्य करने से भक्त गण भाव विभोर उठे। कहीं कहीं तो महिलाएं भी इतना भावुक हो गई की उठकर नृत्य करने लगी। वहीं पुरुष भी अपने कदमों को ना रोक पाए और उठकर नृत्य करने लगे। पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। पूरा धर्मशाला का हाल आयो लाल झूलेलाल के नारो से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों का आयोजक आरती कमेटी से अपनी मेहनत का पुरस्कार पाकर खुशी का ठिकाना ना रहा।

# खैरीघाट थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, हो रही चोरी



**सरकारी विद्यालय में एक सप्ताह में दो बार चोरों ने मचाया उत्पात**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

खैरीघाट थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा हुआ ही नहीं कि एक सप्ताह में दो बार एक ही विद्यालय में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बसंतापुर में सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुरा ले गए। प्रधानाध्यापिका अनवर परवीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह जब विद्यालय पहुंची तो कार्यालय सहित दो कमरों का ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था। कीमती सामान नदारत था। अनवर परवीन के मुताबिक करीब 50 हजार रुपए का सामान चोर चुरा ले गए हैं। कमरे के अंदर कुछ कागज को जलाया गया है। कयास लगाई जा रही है, कि प्रकाश के लिए जलाया गया होगा। इसी सप्ताह 14 अगस्त की रात भी चोरों ने उत्पात मचाया था। उस दिन भी करीब 25 हजार रुपए का सामान चुरा ले गए थे। जिसकी भी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। ज्ञात हो कि इसी ग्राम पंचायत में हाल ही में तीन चोरियां हुई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राशिद अली खान, उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और गहनता से जांच की।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

# खाद-यूरिया की किल्लत से किसान परेशान, भाकियू ने किया प्रदर्शन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

किसानों को खाद और यूरिया की उपलब्धता को लेकर गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले किसानों ने कलेक्ट्रेट के पास स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि जिले के किसान सहकारी समितियों पर 5 से 10 घंटे तक लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रात के समय खाद की कालाबाजारी की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी की। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर खाद और यूरिया की उपलब्धता को लेकर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन उच्चीकृत केजीबीवी परासनपुरवा का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकौड़ा के मजरा परासनपुरवा में धनराशि रू. 4.53 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर बीएसए आशीष कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कैसरगंज सचिन कुमार, कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज जल निगम के सुपरवाईज़र, डीसी निर्माण एवं डीसी बालिका शिक्षा मौजूद रहे। डीएम ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें। डीएम ने निर्देश दिया कि शिक्षण संस्थान के निर्माण के दौरान अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु उपकरणों की स्थापना तथा अन्य आवश्यक कार्यों को पूरी सावधानी के साथ किया जाय। डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में उपयोग में जायी जा रही मुख्य सामग्री का प्रयोगशाला से परीक्षण भी कराया जाये।

## खबरें एक नजर में

### रात के अंधेरे में सफेदा के पेड़ों को काट कर उठा ले गए चोर

**डलमऊ रायबरेली।** रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने खेत में लगे सफेदा के 17 पेड़ों को काटकर उठा ले गए पीड़ित किसान ने डलमऊ पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के भरसना गांव निवासी कन्हैयालाल पुत्र महादेव ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर दे कर बताया कि भरसना ग्राम सभा में उसका खेत है जहां उसने खेत के मेड़ पर सफेदा के पेड़ लगाए थे सोमवार बीती रात को अज्ञात चोरों ने पेड़ों को काटकर चुरा ले गए पीड़ित ने बताया कि खेत में जाने पर वहां बने निशानों से पता चलता है कि चोरों ने पेड़ काटकर सुरसना गांव के रास्ते से चोरी कर के ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि पेड़ों की कीमत लगभग 40 से 50 हजार रुपए है मामले की शिकायत करते हुए पीड़ित ने कार्रवाई किए जाने की मांग की है इस संबंध मे कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामला संज्ञान में जांच करवा उचित कार्यवाही की जाएगी।

### दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल।वायरल वीडियो में कुछ दबंग चार पहिया गाड़ी से उतरकर एक घर के सामने जमकर फायरिंग करते हैं। इतना ही नहीं दबंग वहां खड़ी बाइक में भी तोड़फोड़ करते नज़र आ रहे हैं। हालांकि उसी दौरान गृह स्वामी भी हाथ में डंडा लेकर उन्हें दौड़ाता है तो सभी दबंग कार पर सवार होकर फरार हो जाते हैं। मामला नसीराबाद थाना इलाके के बिरनावा गांव का है। यहां के रहने वाले उदय और निलय पूर्व में मित्र थे लेकिन दोनों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर मन मुटाव हो गया था। इसी मनमुटाव के चलते एक पक्ष दूसरे पक्ष के घर पर जाकर दबंगई कर रहा था जो सीसीटीवी में क़ैद हो गई। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने 7 रनों से जीता फाइनल मैच




**सीतापुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में 11 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक अंतरविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंडरी स्कूल कैंट रोड सेक्रेड हार्ट स्कूल नेपालपुर पीएन सहगल तथा अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज डीपीएस राइजिंग स्टार स्कूल के टीमों ने भाग लिया सेमीफाइनल मैच में अग्रवाल पब्लिक स्कूल दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा राइजिंग स्टार ने पीएन सहगल को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच डीसी मैदान पर अग्रवाल पब्लिक स्कूल तथा राइजिंग स्टार के मध्य खेला गया जिसमें राइजिंग स्टार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। अग्रवाल पब्लिक स्कूल की पूरी टीम 54 रन बनाकर आउट हो गई जिसमें सौरभ सिंह तथा कृष्णा सिंह ने अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। अग्रवाल पब्लिक स्कूल की बेहतरीन गेंदबाजी के चलते विरोधी की 47 रन पर ऑल आउट हो गई। अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने 7 रन से मैच जीता। अग्रवाल पब्लिक स्कूल के कृष्णा सिंह को प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। प्रबंधक मंजू जिंदल द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### किसान दिवस का आयोजन 21 को

**सीतापुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि शासनादेश दिनांक 15 नवम्बर 2019 के द्वारा किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु किसान दिवस जनपद स्तर पर मनाये जाने के निर्देश है। उक्त के क्रम में माह अगस्त 2025 के किसान दिवस का आयोजन दिनांक 21.08.2025 समय दोपहर 12.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में किया जायेगा।

### शीतगृह स्वामियों की बैठक आयोजित

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के निजी क्षेत्र में स्थापित 15 शीतगृहों में कृषकों का आलू भण्डारित है। वर्तमान समय में आलू निकासी की प्रगति काफी धीमी होने के क्रम में भंडारित आलू की निकासी में तेजी लाने हेतु जनपद के शीतगृह स्वामियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शीतगृह स्वामियों को सलाह दी गयी कि कृषकों से समन्वय स्थापित करते हुये आलू निकासी में तीव्रता लायी जाये ताकि किसान भाइयों को उनके उत्पाद का अच्छा मूल्य मिल सके।

### जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: एडीएम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण नीयत तिथि से पहले करने को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल औपचारिक निर्धारण पर्याप्त नहीं है बल्कि समस्याओं का समाधान धरातल पर सुनिश्चित होना चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों में अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम, एलडीएम, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहकारिता विभाग, खंड विकास अधिकारी गौरीगंज, संग्रामपुर, सिंहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर, बहादुरपुर व शुकुल बाजार एडीओ पंचायत अमेठी, सिंहपुर, बहादुरपुर, तिलोई और गौरीगंज तथा सभी तहसीलों को कड़ी चेतावनी दी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आइजीआरएस सात्विक श्रीवास्तव, ईडीएम अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से तीन विवाहित जोड़े पुनः मिले



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को फिर से एक साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह के प्रयास से 3 विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, तथा जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं ।

# जिस थाने में लिखा गया मुकदमा उसी थाने में लग गया शिलापट्ट

- 5 जून को लिखा गया था मुकदमा, कृष्ण जन्माष्टमी के दिन थाने में उसी के नाम का लगा दिया गया शिलापट्ट
- जनता कर रही है चर्चा आखिर यह रिश्ता कैसा

**संतोष सिंह**




सैकड़ों लोगों से की गई वसूली, कई जनप्रतिनिधियों का व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर चंदा देकर सहयोग किया हुआ शिलापट्ट में नाम दर्ज करने के हकदार नहीं जबकि मोहर्रिर रविकांत पांडे वह कोतवाली प्रभारी के कारखाश सिपाही संदीप यादव ने चार पहिया वाहन से महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में घूम घूम कर जनप्रतिनिधियों का व्यापारियों से मंदिर बनवाने के नाम पर जमकर धन उगाही की है।

हनुमान मंदिर के शिलापट्ट पर अखिलेश यादव का महिमा मंडन किया गया है और लिखा गया है की नोट अखिलेश यादव ग्राम पाली के द्वारा संपूर्ण मंदिर में छत निर्माण में शटरिंग का कार्य निशुल्क किया गया जबकि 23 में को एक मामले में अखिलेश यादव चंद्रशेखर पूरे ढोडे मंज़रे पाली पर 5 जून को महराजगंज कोतवाली पुलिस द्वारा ही मुकदमा लिखा गया अब शिलापट्ट पर नाम लिख देना कहीं ना कहीं अपराधी व पुलिस में गठजोड़ की ओर इशारा करता है।

**महराजगंज रायबरेली।** हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के नाम पर लगाए गए शिलापट्ट ने पूरे इलाके में चर्चा छेड़ दी है। कोतवाली पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। महराजगंज कोतवाली परिसर में हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के नाम पर लगाए गए शिलापट्ट मे कोतवाल जगदीश यादव समेत थाने के पुलिसकर्मी और क्षेत्र वासियों के सहयोग से मंदिर जीर्णोद्धार की बात लिखी गई है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस अखिलेश यादव ग्राम पाली पर कोतवाल जगदीश यादव ने ही मुकदमा लिखा था उसी का नाम शिलापट्ट पर दानवीर के तौर पर दर्ज कर दिया गया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि

> क्या कहते हैं मामले में सीओ प्रदीप कुमार- कौन है अखिलेश यादव मुझे मामले की जानकारी नहीं है, कहां शिलापट्ट लगा है मुझे जानकारी नहीं है।

आखिर थाने के भीतर लगे इस शिलापट्ट में ऐसे व्यक्ति का नाम क्यों और किसके आदेश पर जोड़ा गया है जिस पर मुकदमा दर्ज है ।क्या पुलिस दानवीरों की सूची में भी अपराधियों की पैरवी कर रही है इस पूरे मामले ने पुलिस की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना परिसर में लगा यह शिलापट्ट महज एक पट्टीका नहीं है बल्कि यह दिखाता है कि पुलिस और अभियुक्तों के बीच किस तरह मिली भगत की बू आती है। जनता या पूछ रही की क्या अपराधियों को थाने के मंदिरों तक में सम्मान दिलाने की परंपरा शुरू हो गई है ।

## बिजली, पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर सपा का प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- सपा नेताओं ने जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

सलोन तहसील मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सपा नेताओं ने जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने पुलिस प्रशासन और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। सलोन तहसील मुख्यालय जहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बिजली, पानी और सड़क जैसी समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। भारी संख्या में मौजूद सपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी करते हुए अपनी आवाज़ प्रशासन तक पहुंचाई। सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि जिले की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है और प्रशासन उनकी समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर रहा है।कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश को सौंपा। इस दौरान किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। जनता बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। लेकिन सरकार और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। वहीं उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

## वोट चोरी बंद करे चुनाव आयोग: अतुल सिंह



**ऊंचाहार रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के महिमापुर, गंज, कैथवल आदि गांव में कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी की नीति के बारे में बताया एवं पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हम सबको ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और इसकी देखभाल अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए क्योंकि हरे पेड़ लगातार कट रहे हैं, पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है, इसके लिए हम सबको पौध लगाकर धरती को हरा भरा बनाए रखना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह मोदी सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से वोट चोरी कर राज्यों में बेईमानी से चुनाव जीती आ रही है इसका खुलासा हमारे नेता जननायक राहुल गांधी जी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से हिंदुस्तान की जनता को बताया, आज बिहार में वोट अधिकार यात्रा में राहुल जी के साथ लाखों लोग शामिल हो रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार का विकास करना हमारे प्रथम प्राथमिकता है, मेरा हमेशा यही प्रयास रहता है की जनता का जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है क्षेत्रीय विधायक को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। आवारा पशुओं से किसान हमारा परेशान है, कोई इनकी शुध लेने वाला नहीं है खाद किसानों को नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार से जनता परेशान हो गई है इसका जवाब 2027 में जनता देने जा रही है।

## डीएम ने छतिग्रस्त फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने छतिग्रस्त गल्ला मंडी फ्लाईओवर का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सेतु निगम द्वारा फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया था। फ्लाईओवर छतिग्रस्त होने का संज्ञान लेकर छतिग्रस्त हिस्से में बैरीकेटिंग कराकर 2 पहिया वाहनों के आवागमन हेतु खोला गया है, शेष चार पहिया वाहनों व भारी वाहनों के लिये यातायात मार्ग का डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है, चार पहिया वाहन व भारी वाहन रायबरेली बस स्टॉप से जहानाबाद पुलिस चौकी से त्रिपुला होते हुए लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ-जा सकेंगे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि छतिग्रस्त फ्लाईओवर की जांच कराकर शीघ्र मरम्मत का कार्य कराया जाए, जिससे आम जनमानस का यातायात सुगम बन सकें इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों से संबंधित बैठक आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों से संबंधित माह जुलाई 2025 तक की प्रगति एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही माह जुलाई 2025 के विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होंने लक्ष्य न पूर्ण करने वाले विभागों के अधिकारियों से लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, वन विभाग आदि विभागों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने विद्युत, वन विभाग, वाणिज्यकर, खाद्य सुरक्षा आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। विद्युत चोरी करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। आरसी वसूली में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही करते हुये संबंधित विभाग को सूचित भी किया जाये। उन्होंने कहा कि लम्बित वादों का समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। अधिक समय से लम्बित वादों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाये तथा उसे निस्तारण से अवश्य अवगत कराया जाये। निस्तारण की जांच उच्च अधिकारी स्वयं करें, जिससे गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित हो सके। एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लम्बित एमओयू तत्काल निस्तारित कराए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए बर्ल्ड फ्लू पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर सैम्पलिंग करायी जाये। खाद्य सामग्री विक्रय से सम्बंधित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाये कि अधोमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय न हो।

## विश्व हिंदू परिषद ने धूमधाम से मनाया 61वां स्थापना दिवस



**सीतापुर।** जिला पंचायत सभागार में विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। ज्ञात हो विश्व हिंदू परिषद की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सन 1964 को मुंबई के सांदीपनि साधनालय में की गई थी तब से विश्व हिंदू परिषद हिंदू रक्षा हिंदू संस्कार व हिंदू सेवा की अलख जागते हुए निरंतर काम करता रहा है समाज के मान्य बिंदुओ मठ मंदिर अर्चक पुरोहित साधु संत सांस्कृतिक विरासत देवालय आदि स्थानों की सुरक्षा संरक्षण हेतु विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता निरंतर कार्य कर रहे हैं स्थापना दिवस के अवसर पर अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप द्वारा सारगर्भित भाषण में संगठन के कार्यों और उद्देश्यों को लेकर अडिग रहने के लिए जोर दिया गया है। कार्यक्रम में प्रांत सहमंत्री प्रवीण, प्रांत सहसंयोजक महेंद्र, प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विमल, विभाग मंत्री उत्तम, विभाग संयोजिका प्रज्ञा सिंह एवं नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसपी ने थाना प्रभारी को किया पुलिस लाइन से संबद्ध

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली नाबालिक लड़की की फोटो से अश्लील वीडियो तैयार कर बिहार के रहने वाले एक युवक द्वारा वायरल की जा रही थी। जिस पर पीड़ित परिजन लगातार परेशान थे लेकिन स्थानीय थाने से उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही थी। इसके अतिरिक्त स्थानीय थाने के प्रभारी निरीक्षक द्वारा परिवार के साथ गलत व्यवहार तथा मुकदमा पंजीकृत करने के लिए पैसे मांगने का आरोप भी लगा था। जिससे परेशान होकर पीड़ित परिवार अंत में न्याय की गुहार लगाने के लिए रविवार को पुलिस अधीक्षक के आवास पर धरना देने पहुंच गया था। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया गया था।

### सूचना

एसएमएफजी गृहशक्ती इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महताब अहमद पुत्र मो. अहमद अंसारी सोनार गली कैपर गंज रायबरेली, जो एक प्लॉट खरीद रहें, जिसका गाटा न.227/1 किशुनपुर राय रायबरेली में स्थित है जिसको शबीना बेगम पत्नी मोबिन खान ने 16/05/2006 में सुरेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, गणेश प्रसाद पुत्र शिवनाथ उर्फ विश्वनाथ से खरीदा जिसकी जिल्द संख्या 3515 पेज 39/58 क्रमांक 1763 है, फिर इस प्लॉट को 28/04/2011 को सबीना बेगम पत्नी मोबिन खान से रूही खान पत्नी मुशर्रफ ने खरीदा जिसकी जिल्द संख्या 5372 पेज 1/68 क्रमांक 2172 है फिर ये प्लॉट 11/04/2016 को रूही खान पत्नी मुशर्रफ खान से मो. सिद्दकी खान पुत्र मो. अय्यूब ने खरीदा जिसकी जिल्द संख्या 7362 पेज 241/256 क्रमांक 4484 है,ये सब रजिस्टार ऑफिस रायबरेली में दर्ज है उपरोक्त प्लॉट का क्षेत्रफल 128.061 वर्गमीटर है जिसकी चौहद्दी पूरब में प्लॉट मकसूद का, पश्चिम में प्लॉट विक्रेता, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में मकान उपरोक्त प्लॉट में महताब अहमद पुत्र मो. अहमद अंसारी को एसएमएफजी गृहशक्ती इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा रायबरेली द्वारा होम लोन दे के बंधक किया जा रहा है यदि किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था या बैंक को या सहखातेदार को उपरोक्त मकान के क्रय विक्रय या बंधक किए जाने में कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 3 दिनों के भीतर कंपनी के अधिवक्ता को लिखित रूप से संबंधित दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करा सकता है उपरोक्त साम्यवादी के बाद कोई भी दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा।

**आपत्ति हेतु संपर्क करें-**
**संजीव कुमार शुक्ला**
**पता- 2nd फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स एबोव केनरा बैंक सुपर मार्केट रायबरेली।**
**मो. - 9415190904**

# जमीन कब्जे के आरोपों में भाजपा नेता को मिली क्लीन चिट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष और भाजपा नेता महेश सोनी पर लगे जमीन कब्जे के आरोपों की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक तथा जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर हुई तहकीकात में आरोप पूरी तरह बेबुनियाद पाए गए हैं।

तहसील क्षेत्र अमेठी के जंगल रामनगर गांव की बुजुर्ग महिला कमला देवी ने शिकायती पत्र देकर भाजपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। वहीं, रायपुर फुलवारी निवासी राम सजीवन ने भी 2021 में अपनी जमीन का बैनामा कराए जाने के बाद पैसे न मिलने का आरोप लगाया था। मामला भाजपा नेता से जुड़ा होने के कारण यह खबर जिलेभर में सुर्खियों में रही। लेकिन जांच में साफ हुआ कि कमला देवी की जमीन से महेश सोनी का कोई संबंध नहीं है। वहीं, राम सजीवन ने अपनी जमीन का पूरा भुगतान पहले ही प्राप्त कर लिया था और उसकी दाखिल खारिज भी पूरी हो चुकी है। भाजपा नेता महेश सोनी ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सब कुछ राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की साजिश है। गरीबों का सहारा लेकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मैंने कभी कमला देवी से कोई जमीन खरीदी ही नहीं और राम सजीवन को उसकी जमीन का पूरा पैसा दे चुका हूं।

सोनी ने आगे कहा कि हाल ही में उन्होंने देवीपाटन मंदिर में सौंदर्यीकरण में हुए भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दे उठाए थे, जिसके बाद से ही विरोधियों ने उन्हें निशाना बनाना शुरू कर दिया। यहां तक कि जिला पंचायत से जुड़े कुछ लोगों ने आईजी स्तर तक शिकायत की, लेकिन वहां भी वे निर्दोष पाए गए।

हम अपने कर्मचारियों को महत्व देते हैं।
हम अपने पेंशन प्राप्तकर्ता का ध्यान रखते हैं।

**उत्तर रेलवे द्वारा पेंशन अदालत**

**का आयोजन 15 दिसम्बर 2025**

उत्तर रेलवे के अधीन सभी कार्यालयों जैसे प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली तथा सभी मंडल कार्यालयों पर पेंशन प्राप्तकर्ताओं के लिए पेंशन अदालत दिनांक **15 दिसम्बर 2025** को आयोजित की जायेगी।

**पेंशन अदालत के लिए अभ्यावेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 31.10.2025 तक है।**

**पेंशनर**

- उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय से सेवानिवृत्त – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी–प्र0का0/II को प्रेषित करें।
- मण्डल कार्यालय तथा म0रे0प्र0 के अधीन कार्यालय से सेवानिवृत्त – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित प्र0म0का0 अधि0 को प्रेषित करें।
- कारखाना से सेवानिवृत्त हुए हैं – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित मण्डल कार्यालय को प्रेषित करें।

सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित उप मु0का0अधि0/प्र0का0 II/प्र0म0का0अधि0/उप मु0का0अधि0 एवं प्र0का0अधि0/कारखाना से पत्राचार करें तथा लिफाफे पर **पेंशन अदालत–2025** अवश्य लिखें।

उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय के उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्र0का0) और वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारियों के पते नीचे दिए जा रहे हैं :–

**उप मुख्य कार्मिक अधिकारी / प्र0का0–II**
उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली–110055

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेशन रोड, फिरोजपुर –182001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, त्रिकुटानगर, जम्मू – 180004

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे हज़रतगंज, लखनऊ–226001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे रेल विहार, अम्बाला कैन्ट–133001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे (रेलवे स्टेडियम के निकट), मुरादाबाद–244001

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2385/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## लाइलाज प्लास्टिक

इसमें दो राय नहीं कि मानव जीवन की सुविधा के लिये बना प्लास्टिक आज हमारी धरती के लिये ही घातक साबित हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। निस्संदेह, इसको नष्ट करना बेहद कठिन है क्योंकि धरती में दबाएं तो भूमि की उर्वरता पर संकट आता है। इसको जलाएं तो विषैली गैसों से वातावरण प्रदूषित होता है। ये जल्दी से गलता भी नहीं है। अब तो महानगरों व शहरों की जलनिकासी को प्लास्टिक गहरे तक बाधित कर रहा है। यहां तक कि प्लास्टिक के बारीक कण मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। प्लास्टिक समुद्र में जा रहा है तो मछलियों को जहरीला बना रहा है। नदी, पहाड़ और मैदान सब प्लास्टिक कचरे के आगोश में हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि भयावह संकट के बावजूद इससे निबटने के उपायों को लेकर वैश्विक सहमति नहीं बन पा रही है। वैश्विक प्लास्टिक संधि पर जिनेवा वार्ता विफल होने से इस बाबत वैश्विक विभाजन पूरी तरह उजागर हो गया है। दरअसल, लगभग सत्तर देशों का एक उच्च महत्वाकांक्षी समूह, जो प्लास्टिक पर वैश्विक सीमा और खतरनाक रसायनों पर नियंत्रण की मांग कर रहा है, अब तेल व पेट्रोकेमिकल उत्पादक एक समूह के खिलाफखड़ा है, जो रीसाइक्लिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं को दर्शा रहे हैं। इस समूह में भारत भी शामिल है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक होने का दर्जा दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन में लगभग बीस फीसदी हिस्सा भारत का है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि इस दौरान चरणबद्ध समाप्ति की समय सीमा वाले उत्पादों या रसायनों की कोई वैश्विक सूची नहीं होनी चाहिए। भारत की दलील तार्किक है कि विभिन्न देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियों और क्षमताओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए। विडंबना यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पेट्रोकेमिकल क्षेत्र, माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण का भी एक प्रमुख स्रोत है। लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि इस तरह के प्रदूषण का पारिस्थितिकीय तंत्र, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। खासकर हमारे शरीर पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से यह एक हकीकत है कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन साधना एक टेढ़ी खीर है। लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में सार्थक प्रयास करने जरूरी हैं। इस संकट से मुकाबला करने के लिये भारत को समान विचारधारा व परिस्थितियों वाले चीन, रूस और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ मिलकर काम करना होगा। बहुत संभव है कि प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कानून बाध्यकारी साधन के रूप में कारगर सिद्ध हो सके, लेकिन इससे लोगों और पर्यावरण के प्रति सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं हो सकती। बहुत संभव है कि प्रदूषणकारी उद्योगों पर कार्रवाई कड़ा संदेश दे सकती है। वहीं दूसरी ओर भारत सरकार को पहचाने गए एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध की प्रभावशीलता और उसके प्रवर्तन में कमियों का भी गंभीरता से आकलन करना चाहिए। इसके लिये जनजागरण अभियान चलाने की भी जरूरत है ताकि लोग प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के प्रति उत्साह दिखाएं। अंततरू सभी प्रमुख हितधारकों दृ केंद्र सरकार व राज्यों की सरकारें, जनता, उद्योग जगत को देश में प्लास्टिक के खतरनाक स्तर को कम करने में मदद करने के लिये आगे आना होगा। हमें ध्यान रखना होगा कि भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का सपना पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाए बिना पूरा नहीं हो सकता।

# बुजुर्ग बदल रहे अर्थव्यवस्था की चाल, चमकने लगी 'सिल्वर इकोनॉमी'

**हरीश शिवनानी**

अपने सनक भरे टैरिफ वार के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले दिनों जब भारत को 'डेड इकोनॉमी' बताकर अतिरिक्त व्यापार कर थोप दिया तो भारत सहित दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों ने उनकी बात पर बहुत हैरानी ज़ाहिर की। वज़ह कि, इस समय दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत ही है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था 6.4 से 6.7 फीसदी की दर से बढ़ रही है जबकि अमेरिका की 1.9 की दर से, यानी दो से भी कम। भारत की इस बढ़ती अर्थव्यवस्था में समाज के एक ऐसे वर्ग का हाथ है, जिसे अब तक 'अनुत्पादक' माना जाता रहा है। आज का 60 प्लस आयु वर्ग भारत में एक आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। यह समूह धन और उपभोक्ता खर्च के एक बड़े हिस्से को नियंत्रित कर रहा है।

हाल के वर्षों में बुजुर्ग पीढ़ी में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो मितव्ययिता और पोते-पोतियों की देखभाल पर केंद्रित घर-केंद्रित जीवनशैली की अपनी पारंपरिक छवि से हटकर नई छवि गढ़ रही है। यह पीढ़ी भारत की 'सिल्वर इकोनॉमी' को चमका रही है। सिल्वर इकोनॉमी शब्द बुजुर्ग आबादी से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को समाहित कर उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को बताती है।

वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 68 अरब डॉलर का योगदान दिया है जो भारत के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। गैर सरकारी संगठन 'रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज' की हाल ही जारी रिपोर्ट %लोंगेविटी- ए न्यू वे आफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग% में कहा गया है कि वृद्धजनों की ज़रूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं। भारत में आर्थिक सुधारों और छठा और बाद के वेतन आयोग लागू होने के बाद औसत वास्तविक आय में वृद्धि हुई है। 'सिल्वर इकोनॉमी' को बढ़ाने में बुजुर्गों का योगदान दो तरह से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष योगदान के तहत बुजुर्गों की आय विभिन्न स्रोतों से आती है, जो उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग खेती, कुटीर उद्योगों या छोटे व्यवसाय, दुकानदारी में संलग्न हैं तो नगरीय बुजुर्ग

कौशल आधारित कार्यों पर। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वित्त-कर, शैक्षणिक या तकनीकी सलाहकार की भूमिका में आय अर्जित कर रहे हैं। इनके अलावा पेंशन, सामाजिक



**कौशल आधारित कार्यों पर। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वित्त-कर, शैक्षणिक या तकनीकी सलाहकार की भूमिका में आय अर्जित कर रहे हैं। इनके अलावा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा राशि, सावधि जमा राशि, प्रॉपर्टी किराया छोटी बचत के अलावा स्टॉक मार्केट, निवेश, अन्य अंशकालिक कार्य से भी उनकी आय होती है। इनसे अलग बुजुर्गों का अर्थव्यवस्था में अप्रत्यक्ष योगदान भी बढ़ रहा है। मसलन, पारिवारिक देखभाल की श्रेणी में वे प्रति वर्ष लगभग 14 अरब घंटे बच्चों की देखभाल में समय देते हैं, जिससे उनके परिवार की युवा पीढ़ी निश्चिंत होकर व्यवसाय, नौकरी, प्रोफेशनल गतिविधियों में भाग ले पाती है।**

सुरक्षा राशि, सावधि जमा राशि, प्रॉपर्टी किराया छोटी बचत के अलावा स्टॉक मार्केट, निवेश, अन्य अंशकालिक कार्य से भी उनकी आय होती है। इनसे अलग बुजुर्गों का अर्थव्यवस्था में अप्रत्यक्ष योगदान भी बढ़ रहा है। मसलन, पारिवारिक देखभाल की श्रेणी में वे प्रति वर्ष लगभग 14 अरब घंटे बच्चों की देखभाल में समय देते हैं, जिससे उनके परिवार की युवा पीढ़ी निश्चिंत होकर व्यवसाय, नौकरी, प्रोफेशनल गतिविधियों में भाग ले पाती है।

इसी तरह बुजुर्ग प्रति वर्ष 2.6 अरब घंटे वे सामुदायिक कार्यों (जैसे धार्मिक-सामाजिक-सामुदायिक आयोजन, स्थानीय प्रशासन) में योगदान देकर उनका व्यय बचाकर अपना योगदान देते हैं। आय प्राप्ति के बाद बुजुर्ग अपनी आय को अनेक क्षेत्रों में खर्च करते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। पहला और महत्वपूर्ण बिंदु है स्वास्थ्य। रिटायरमेंट और कमजोर होते शरीर से भी बुजुर्ग योगदान देकर अर्थव्यवस्था की चाल बदल रहे हैं। हेल्थ और फार्मा उद्योग तो अधिकतम बुजुर्गों पर ही निर्भर है। बुजुर्ग परिवार स्वास्थ्य पर औसतन 12 प्रतिशत खर्च करता है।

राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के अनुसार, उम्र-संबंधी बीमारियाँ आम हैं, जिससे दवाओं, अस्पतालों, स्वास्थ्य-बीमा, हैल्थ सप्लीमेंट्स,और सहायक चिकित्सा उपकरणों की मांग बढ़ती है। भारत में साल 2027 तक स्वास्थ्य सेवाओं के 1.74 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। आवास एवं यात्राः अमीर बुजुर्ग 'सीनियर लिविंग कम्युनिटीज' में निवेश करते हैं, जबकि मध्यम वर्ग धार्मिक पर्यटन (जैसे तीर्थयात्रा) पर खर्च करता है। इस सेक्टर में यह वर्ग तेजी से प्रमुख उपभोक्ता शक्ति बनता जा रहा है। इसके अलावा, यह पीढ़ी अब अपने व्यक्तित्व को निखारने पर भी ध्यान दे रही है।

यह समूह पहले से अधिक अधिक सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र और आभूषण भी खरीद रहा है, जिससे घरेलू और विदेशी, दोनों ही लक्ज़री ब्रांडों को लाभ हो रहा है। वित्तीय सेवाएँ बुजुर्ग अपनी बचत को सावधि जमा, म्यूचुअल फंड, या अन्य निवेश में लगाते हैं, जिससे वित्तीय क्षेत्र में पूंजी प्रवाह बढ़ता है। पके हुए चांदी जैसे बालों वाली आधुनिक बुजुर्ग पीढ़ी की बढ़ी हुई संपत्ति ने धन प्रबंधन, वित्तीय नियोजन और बीमा क्षेत्रों में वृद्धि को प्रोत्साहित किया है। वृद्धाश्रम और देखभाल सेवाएँ- आधुनिक दौर में वृद्धाश्रमों और डे-केयर केंद्रों की मांग बढ़ रही है, जो रोजगार सृजन और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देता है। विशेष डिज़ाइन वाले ये घर रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा बनाए जाते हैं जो बुजुर्ग उपभोक्ताओं को सेवाएँ प्रदान करते हैं। ये तथ्य इस बात के संकेतक हैं कि भारत में बुजुर्गों पर आधारित बाजार तेजी से बढ़ रहा है। आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक सालाना 6.2 प्रतिशत की गति से बढ़ती 'सिल्वर इकोनॉमी' 2030 तक 12 बिलियन डॉलर तक हो सकती है और मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो 2050 तक करीब 35 करोड़ की बुजुर्ग जनसंख्या और उनकी खर्च करने की क्षमता एक ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी जो जीडीपी में 4-5 प्रतिशत अतिरिक्त योगदान देगी।

## विचार

# अक्षय ऊर्जा : असीम शक्ति, स्वच्छ भविष्य

**योगेश कुमार गोयल**



धरती पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए।

अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात् अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज के समय में यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' भी मनाया जाता है।

आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसे में अक्षय ऊर्जा ही ऐसा विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्रोतों का अपार भंडार मौजूद है लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले अधिकांश उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, कुछ साल पहले सौर ऊर्जा के लिए करीब 90 प्रतिशत उपकरण विदेशों से आयात किए गए थे, जिससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, अब भी भारत की सौर सेल और मॉड्यूल की जरूरत का अधिकांश हिस्सा, कभी-कभी 90 प्रतिशत तक, आयात से ही पूरा होता रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में एएलएमएम नियम और पीएलआई स्कीम के कारण यह निर्भरता घट रही है। 2023-24 में चीन से सौर सेल्स का 53 प्रतिशत और मॉड्यूल्स का 63 प्रतिशत भारत में आया। देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर भी तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल

**अक्षय ऊर्जा दिवस (20 अगस्त) पर विशेष**

**आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसे में अक्षय ऊर्जा ही ऐसा विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है।**

स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 450 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है, जिसमें अब 230 गीगावॉट से अधिक अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो-पावर और छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अधिक बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से तथा परमाणु ऊर्जा से भी अक्षय ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। कुल बिजली उत्पादन में अब अक्षय ऊर्जा का हिस्सा अब लगातार बढ़ रहा है, जो भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल करता है। भारत में ऊर्जा खपत भी तेजी से बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि वर्ष 2040 तक भारत में ऊर्जा की कुल मांग वर्तमान की तुलना में लगभग दोगुनी हो जाएगी। विशेषकर बिजली तथा ईंधन के रूप में उपभोग की जा रही ऊर्जा की मांग घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में ही बिजली तथा पैट्रोलियम जैसे ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का लगभग 55 प्रतिशत उपभोग किया जाता है। हम जिस बिजली से अपने घरों, दुकानों या दफ्तरों को रोशन करते हैं, जिस बिजली या पैट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के अन्य स्रोतों का इस्तेमाल कर खेती-बाड़ी या उद्योग-धंधों के जरिये देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाता है, क्या हमने कभी सोचा है कि वह बिजली या ऊर्जा के अन्य स्रोत हमें कितनी बड़ी कीमत पर हासिल होते हैं? यह कीमत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी धरती पर विद्यमान हर प्राणी पर बहुत भारी पड़ती है।

## और घिर गया चुनाव आयोग

रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त समेत तीनों चुनाव आयुक्तों की प्रेस कांफ्रेंस से देश में मताधिकार की रक्षा और मत चोरी के सवाल पर नयी हलचल खड़ी हो चुकी है। चुनाव आयोग को यह गलतफहमी रही होगी कि उसकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद विपक्ष थोड़ा दब जाएगा। लेकिन अब विपक्ष दोगुनी ताकत से चुनावी घोटाले पर आवाज उठा रहा है। सोमवार को आठ विपक्षी दलों के सांसदों ने दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में प्रेस कांफ्रेंस की। खास बात यह थी कि इसमें आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह भी शामिल हुए, जबकि आप ने घोषणा की है कि वह अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

कांग्रेस से गौरव गोगोई और नासिर हुसैन, सपा से रामगोपाल यादव, राजद से मनोज झा, वामदलों से जॉन ब्रिटास, डीएमके से तिरुचि शिवा, शिवसेना से अरविंद सावंत और टीएमसी से महुआ मोइत्रा इन आठ सांसदों ने पत्रकारों के जरिए देश के सामने फिर से निर्वाचन आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। बल्कि कुछ ऐसे सवाल भी उठे, जिनमें निर्वाचन आयोग की सत्तापक्ष की तरफ झुकाव का साफ आरोप था। हमने इसी जगह कल लिखा था कि निर्वाचन आयोग 7 अगस्त की राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद केवल वक्तव्य जारी कर रहा था, जबकि उसके पास सामने आकर जवाब देने के लिए पूरा वक्त था। लेकिन आयोग ने सामने आकर अपनी बात रखने के लिए वही दिन चुना जब राहुल गांधी और तेजस्वी यादव बिहार में वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे थे। फिर भी बड़ी संख्या में पत्रकार चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस में पहुंचे और यह देखकर अच्छा लगा कि कमोबेश तमाम पत्रकारों ने सीधे-सीधे सवाल चुनाव आयोग से किए। यह खेदजनक है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक बार में पांच-पांच सवाल तो सुने, लेकिन किसी का भी सीधा जवाब नहीं दिया।

जलेबी की तरह बात को घुमाया जाता रहा कि वोट चोरी के आरोप लगाना संविधान का अपमान है, हमारे सामने सब समकक्ष हैं, कोई पक्ष-विपक्ष नहीं है, सच सच होता है और सूरज पूरब से निकलता है। 80 मिनट की प्रेस कांफ्रेंस के बाद ज्ञानेश कुमार अपने सहयोगियों के साथ उठकर चले गए, लेकिन 79 बरसों से जो लोकतंत्र देश में बना हुआ है, उसे बचाए रखने की कोई आश्वस्ति उनके जवाबों से नहीं मिली। लिहाजा सोमवार को पांच दिनों के अंतराल के बाद फिर से जब संसद का मानसून सत्र लगा तो विपक्ष को विरोध के लिए संसद परिसर में उतरना पड़ा। लोकसभा और राज्यसभा के भीतर भी स्पेशल इंटेसिव रिविजन (एसआईआर) पर चर्चा की मांग विपक्ष करता रहा। जिसके कारण सदन बाधित हुआ। आसंदी पर बैठे महानुभावों का कहना है कि एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है इसलिए उस पर चर्चा नहीं हो सकती। तो क्या यही तर्क चुनाव आयोग पर लागू नहीं होता कि जब दो दिन में सुप्रीम कोर्ट फिर से अपनी सुनवाई को आगे बढ़ा रहा है और हो सकता है इस बार कोई फैसला ही आ जाए, तब चुनाव आयोग को छुट्टी के दिन दोपहर में प्रेस कांफ्रेंस क्यों की, क्या आयोग कुछ दिन और नहीं रुक सकता था। सोमवार को विपक्षी दलों की प्रेस कांफ्रेंस में यह मुद्दा भी उठा।

इसके अलावा बिहार में एसआईआर की गड़बड़ियों पर पुराने सवालों को विपक्ष ने दोहराया। ज्ञानेश कुमार के लिए सवाल उछाला गया कि जब कश्मीर से कन्याकुमारी तक मतदान केंद्रों के बाहर महिलाएं खड़ी रहती हैं और उनसे मीडिया बात करता है, तब क्या माताओं-बहनों की निजता का हनन नहीं होता। महुआ मोईत्रा ने बताया कि ममता बनर्जी ने सबसे पहले प.बंगाल में दो-दो एपिक कार्ड की गड़बड़ी पकड़ी थी तो संजय सिंह ने दिल्ली का उदाहरण दिया कि विधानसभा चुनावों से पहले कई सांसदों के घरों पर 15-20 लोगों के मतदान कार्ड बने। जॉन ब्रिटास ने बताया कि केरल की एकमात्र सीट किस तरह बीजेपी ने जीती तो अरविंद सावंत ने बताया कि किस तरह चुनाव आयोग पूरी तरह से सत्ता के पक्ष में है, क्योंकि शिवसेना का नाम और निशान पार्टी तोड़ने वाले एकनाथ शिंदे को दिया गया, जबकि वे इसके पात्र नहीं थे।



## राशिफल

**मेष :-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभ :-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मीनः- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# चेक बाउंस मामले में राहत समय पर कार्रवाई से

दिल्ली के भजनपुरा थाने में दर्ज चेक बाउंस के इस मामले में वादी और प्रतिवादी के बीच 2.5 लाख रुपये की उधारी को लेकर विवाद हुआ था। वादी ने कहा कि वादी ने प्रतिवादी को जरूरत पड़ने पर पैसा दिया और प्रतिवादी ने उस रकम के बदले चेक जारी किया, जो बाउंस हो गया और इसके बाद कानूनी नोटिस भेजा गया। प्रतिवादी के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि वादी ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है, इस कारण वादी को राहत नहीं मिल सकती। प्रतिवादी ने तर्क दिया कि वादी ने नोटिस भेजने में 31 दिनों का समय लिया, जो 30 दिनों के भीतर ही भेज सकते हैं।

इसके अलावा, नोटिस में प्राप्तकर्ता का पता अधूरा था, जिससे यह साबित नहीं होता कि नोटिस प्रतिवादी को प्राप्त हुआ। वादी ने नोटिस की जो जानकारी कोर्ट को दी थी, उसमें अंकित था कि नोटिस प्रतिवादी को मिला ही नहीं। इस प्रकार, अदालत में यह मामला इस बात पर केंद्रित हो गया कि वादी ने चेक बाउंस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। इसमें हाईकोर्ट में हुए फैसलों की नजीरें भी गई हैं। चेक बाउंस के केस में लोग अक्सर गलती करते हैं,कानूनी प्रक्रिया का समयबद्ध व पूर्ण पालन नहीं करते, जिसका लाभ प्रतिवादी उठाकर दंड से बच जाता है। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट ऐसा कानून है जो चेक, प्रॉमिसरी नोट और बिल ऑफ एक्सचेंज जैसे दस्तावेजों से जुड़े लेन-देन को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाता है। इसके तहत अगर कोई व्यक्ति किसी को भुगतान करने को चेक देता है और वह बाउंस हो जाता है तो उसे दंडित किया जा सकता है। चेक से लेन-देन में परेशानी तब होती है जब दिया गया चेक बाउंस हो जाए। कभी खाते में बैलेंस कम, कभी तारीख या हस्ताक्षर में गड़बड़ी, और कभी जानबूझकर गलत चेक थमा दिया जाता है।

ऐसे में न सिर्फ नुकसान होता है, बल्कि भरोसे पर भी आंच आती है। इन्हीं समस्याओं को रोकने को भारतीय रिजर्व बैंक ने नए नियम लागू किए, जिनका उद्देश्य है पारदर्शी और सुरक्षित लेन-देन। जब चेक बाउंस हो जाता है तो बात कानूनी विवाद तक बात पहुंच जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नए नियम में कहा है कि अगर चेक बाउंस होता है तो बैंक को 24 घंटे के अंदर एसएमएस और ईमेल के जरिए ग्राहक को जानकारी देनी होगी। अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर चेक देता है और खाते में पैसे नहीं रखता, तो उसे गंभीर सजा हो सकती है। पहले यह सजा एक साल तक थी, अब इसे बढ़ाकर 2 साल तक कर दिया है। साथ ही, भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। वहीं बैंक भी 750 रुपये तक जुर्माना लगा सकता है।

अगर किसी का लगातार 2-3 बार चेक बाउंस होता है, तो बैंक उसकी चेकबुक सुविधा बंद कर सकता है। ऐसे व्यक्ति सिर्फ डिजिटल या ऑनलाइन भुगतान ही कर पाएंगे। वहीं 5 लाख रुपये से अधिक के चेक जारी करने से पहले उसकी जानकारी बैंक को देनी होगी यानी राशि, तारीख, और लाभार्थी का नाम। इससे धोखाधड़ी की संभावना कम होगी। चेक बाउंस मामलों में अब पीड़ित कोर्ट जाने की बजाय ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के जरिए कर सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक चाहता है कि ऐसे मामलों का निपटारा 6 महीने के भीतर हो जाए। लेकिन अगर बैंक की वजह से चेक बाउंस होता है, तो ग्राहक पर जुर्माना नहीं लगेगा। चेक देने से पहले खाते में बैलेंस जांच लें व बड़े चेक का विवरण पॉजिटिव पे सिस्टम में भरें। वहीं मोबाइल और ईमेल अपडेट करना जरूरी है। बार-बार बाउंस से बचें, वरना कानूनी कार्यवाही हो सकती है। चेक बाउंस होने पर, प्राप्तकर्ता को 30 दिनों के भीतर चेक जारी करने वाले व्यक्ति को कानूनी नोटिस भेजना होता है। प्रतिवादी को नोटिस मिलने के 15 दिनों के भीतर, चेक राशि का भुगतान करना होता है। यदि 15 दिनों में भुगतान नहीं किया जाता, तो प्राप्तकर्ता 30 दिनों के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कर सकता है। चेक बाउंस मामले में यदि अदालत में शिकायत दर्ज की जाती है और दोषी पाया जाता है, तो चेक जारी करने वाले व्यक्ति को सजा संभव है। चेक की रकम वसूली के लिए सिविल मुकदमा भी दायर किया जा सकता है। हालांकि चेक बाउंस के मामले में, अदालतें अक्सर समझौते के लिए प्रोत्साहित करती हैं, और यदि प्रतिवादी राशि का भुगतान कर देता है, तो मामला बंद हो सकता है।

**अगर किसी का लगातार 2-3 बार चेक बाउंस होता है, तो बैंक उसकी चेकबुक सुविधा बंद कर सकता है। ऐसे व्यक्ति सिर्फ डिजिटल या ऑनलाइन भुगतान ही कर पाएंगे। वहीं 5 लाख रुपये से अधिक के चेक जारी करने से पहले उसकी जानकारी बैंक को देनी होगी यानी राशि, तारीख, और लाभार्थी का नाम। इससे धोखाधड़ी की संभावना कम होगी। चेक बाउंस मामलों में अब पीड़ित कोर्ट जाने की बजाय ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के जरिए कर सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक चाहता है कि ऐसे मामलों का निपटारा 6 महीने के भीतर हो जाए। लेकिन अगर बैंक की वजह से चेक बाउंस होता है, तो ग्राहक पर जुर्माना नहीं लगेगा। चेक देने से पहले खाते में बैलेंस जांच लें व बड़े चेक का विवरण पॉजिटिव पे सिस्टम में भरें।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### लाइन सही कर रहे संविदाकर्मी की करंट की चपेट में आने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार दोपहर बाद ग्यारह हजार लाइन सही करते करंट की चपेट में आने से एक संविदा लाइनमैन की मौत हो गई बताया जाता है कि सढ थाना क्षेत्र के गांव पासी खेड़ा में विद्युत लाइन ठीक कर रहा था की तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया स्थानीय लोगों ने दी विद्युत विभाग, पुलिस व परिजनों को सूचना दी तथ पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से उपचार हेतु सीएचसी घाटमपुर पहुंचाय जहां उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल किया रेफर रास्ते में संविदा कर्मी लाइनमैन प्रेमनारायण प्रजापति ने तोड़ा दिय, प्रेम नारायण घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पहेवा गांव रहने वाला था।

### सपा पंचायत चुनाव में नहीं देगी समर्थन, बूथवार सर्वे के बाद पार्टी निर्देशों पर होगा फैसला



**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य पद पर किसी का समर्थन नहीं किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में सपा जिला पंचायत सदस्य पद पर किसी प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेगी। बूथवार सर्वे के उपरांत बाद में पार्टी के निर्देशों पर अमल करने के उपरांत फैसला किया जाएगा। बैठक में राठ विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर राहत सामग्री बांटने पर विचार किया गया। बैठक को पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरन सिंह परिहार, पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव ओपी सोनकर आदि ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह राजपूत ने किया। बैठक में पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, चंद्रवती वर्मा, मनप्यारे निषाद, युगांक मिश्रा, वेद प्रकाश वर्मा, लालता खंगार, मुन्नीलाल निषाद, रिजवान खान, लाला प्रधान, रामबाबू यादव, लाल सिंह यादव, हरनरायन निषाद, अनार सिंह, बिट्टू यादव, आलोक कबीर, अरुण यादव, जगमोहन यादव मौजूद रहे।

### कामतानाथ दर्शनार्थियों को भोजन-प्रसाद वितरण किया



**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हिंदुओं के आस्था का केंद्र कामतानाथ स्वामी के दर्शन के लिए जा रहे हजारों की संख्या में पैदल यात्रियों को जगह–जगह जलपान भोजन दवा की व्यवस्था समाजसेवियो की ओर से किया गया जिससे श्रद्धालुओ को थकान ना महसूस कर यात्रा मंगलमय हो सके। ।मतानाथ स्वामी जहां भगवान राम ने 14 वर्ष बनवास का लंबा समय बिताया है। हिंदुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ जहां क्षेत्र के सैकड़ो किलोमीटर दूर से श्रद्धालु पैदल सिर में समान लिए ढोलक मंजीरे के साथ भादों की अमावस्या को दर्शन करने के लिए जाते हुए देखे जा रहे हैं श्रद्धालुओं ने जगह–जगह स्टॉल लगाकर पैदल यात्रियों को रोक कर भोजन, जलपान करवा रहे हैं थकान ना हो इसके लिए जगह–जगह दवा की व्यवस्था भी कराई गई।इसी प्रकार कुनेहटा गांव में बुंदेलखंड निर्माण सेना के अध्यक्ष विनय तिवारी द्वारा स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन कराया इसी प्रकार कस्बे में पुरानी अस्पताल के पास स्टेट बैंक के सामने बजरंग धाम सिजनौड़ा मंदिर, टिकरी, कपसा, नायक पुरवा, इचौली गुसियारी ग्राम में प्रधान असरार अहमद ने स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन कराया और यात्रा मंगलमय की कामना की श्रद्धालुओं ने खुशी मन से आशीर्वाद देते हुए यात्रा शुरू कर कामतानाथ स्वामीजी के दर्शन करने के लिए रवाना हो गए।

### घटती आय देख एआरएम ने संभाला मोर्चा, डग्गामार वाहनों को खदेड़ा



**राठ।** रोडवेज बसों की दिनों दिन घटती आय को देखते हुए आज एआरएम ने बस स्टैंड के आसपास खड़े डग्गामार वाहनों को खदेड़ दिया। इस दौरान उन्होंने डग्गामार वाहनों को बस स्टैंड से 100 मीटर की दूरी पर खडा करने की हिदायत दी। बताते चलें कि नगर के रोडवेज बस स्टैंड के समीप सुबह से ही डग्गामार वाहनों का हुजूम लग जाता है। जो सवारियों को कम किराए का लालच देकर उन्हें अपने वाहनों में बैठाकर जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने का आश्वासन देते हैं। इसके साथ ही इन वाहनों में जल्दी सवारियां भर जाने से लोग जल्दी पहुंचने के चक्कर में रोडवेज बसों की अपेक्षा इन वाहनों में जाने पर मजबूर होते हैं। जिससे रोडवेज बसों की आय कम हो रही है। जिसको देखते हुए आज रोडवेज के एआरएम संतोष कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ केंद्र प्रभारी विजयनारायण विश्वकर्मा, डिपो प्रभारी निखिल कुमार वर्मा व सफीक खान सहित अन्य कर्मियों ने अपने हाथों में लाठी ठंडा लेकर रोडवेज बस स्टैंड के आसपास खड़े डग्गामार को खदेड़ दिया और उन्हें 100 मीटर की दूरी पर रहने की हिदायत दी है।

### बंधी खाली कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मौदहा।** आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कम्हरिया बंधी में एकत्र जलभराव को निकालने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते बंधी के फाटक नहीं खोले गए तो सभी लोगों की धान की फसल पूर्णतया नष्ट हो जाएगी। क्षेत्र के ग्राम मसगवां, ढुनगवां, असुई, कम्हरिया, मांचा सहित अन्य ग्रामों के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि कम्हरिया बंधी में भारी मात्रा में जलभराव है। लगातार हो रहे जलभराव से उनकी धान की पूरी फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते बंधी के फाटक खोलकर पानी नहीं निकाला गया तो निश्चित तौर पर सभी ग्रामवासी भूखो मरने की कगार पर पहुंच जाएंगे। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि गेंहू की कटाई के समय बंधी के अंदर हुई आगजनी में उनकी पूरी गेंहू की फसल नष्ट हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने कुछ भरपाई के उद्देश्य से धान की रोपाई की थी लेकिन क्षेत्र में हुई अत्यधिक वर्षा से धान की फसल भी पूरी तरह से चौपट होने की कगार पर पहुंच गई है।

### संकट मोचन मंदिर प्रागण में हुआ पौधरोपण



**बबेरू/बांदा।** सिमौनी धाम स्थित संकट मोचन मंदिर प्रागण मे चन्देश्वर महादेव चौरटेबिल ट्रस्ट के तत्वाधान मे एक पेड माँ के नाम के तहत वृक्षा रोपण किया गया। जिसमे पर्यावरण के बारे मे जानकारिया दी गयी। कार्यकम एक पेड मॉ के नाम कार्यकम को सजय सिह ने कहा कि प्रदूषित वायु मण्डल मानवीय सभ्यता के लिय विनाशकारी है अतः वृक्षों की हरियाली मानव के लिये जीवन दायनी हवा को शुद्ध करती है और वायुमंडल मे ऑक्सीजन का स्तर तेजी से बढ़ाती है। इस मौके पर संकट मोचन मंदिर के महंत बालक दास महाराज राकेश शुक्ला राम किशोर कुशवाहा सोनू वरुण श्रीवास्तव से ग्रामीण मौजूद रहे।

### आइटीआई में प्रवेश 24 तक

**बांदा।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांदा ने बताया है कि जनपद बांदा के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र 2025 हेतु निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया 2025 के अनुसार तृतीय चरण चयन परिणाम से प्रवेश होने के उपरान्त इच्छुक अभ्यर्थियों ने 15 अगस्त 25 तक प्रवेश हेतु नवीन आवेदन किये है एवं पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी रिक्त सीटों के सापेक्ष अपनी रैंक निकाल करके संस्थान में 23 अगस्त की सायंकाल तक संस्थान में जमा कर सकते है एवं जमा रैंककार्ड के आधार पर 24 से 25 तक प्रवेश ले सकते है।

### मरकज़ी कमेटी जश्ने ईद मिलादुन्नबी, बांदा की अहम बैठक हुई सम्पन्न

**बांदा।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तत हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश के मौके पर आगामी 5/6 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया जाएगा। जिसमें मरकजी कमेटी जश्ने ईद मिलादुन्नबी पूरे जोश, आमनो अमन व परंपरागत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। जुलूस ए मोहम्मदी अपने शान ओ शौकत से शेख सरवर साहब की मस्जिद से बाद नमाज़ असिर 5.30 बजे शुरू होकर अपने निर्धारित मार्गो से निकला जाएगा जिसका समापन इस्तेकबालिया गेट ईदगाह चौराहे पर होगा, इसी को लेकर शहर के एक मैरिज हाल में शहर की अन्य कमेटियों की एक बैठक बुलाई गई, जिसमें परंपरागत रूप से जुलूस ए मोहम्मदी को संपन्न कराने के लिए चर्चा हुई, शहर की कमेटियों को यह हिदायत दी गई है किसी भी तरीके की अफवाहों पर ध्यान ना दें और परंपरागत रूप से अपने जुलूस को अमन ओ मोहब्बत के साथ कामयाब करने में सहयोग करें, रास्ते में गड्ढे व तारों के नीचे होने की कोई दिक्कत हो, किसी भी तरह की की परेशानी हो तो मरकज़ी कमेटी को अवगत कराएं, कोई ऐसा काम ना करें जिससे हमारी कौम की बदनामी हो। बैठक में शहर की लगभग 88 कमेटीयाँ शामिल रहीं। शहर की अन्य कमेटी ने भी अपने–अपने सुझाव रखें, बैठक में मरकज़ी कमेटी के मुमताज अली, शहर काजी अकील मियां, इमरान अली राजू डाक्टर शोएब, अयूब खान, हाजी आरिफ खान, बाबू भाई, जुगनू भाई, वहीद नेता, शाहिद निजामी, हस्सान मसूदी, नवाब मासूदी, सहित मरकजी कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# गवाहों की सुरक्षा पर दें विशेष ध्यानः डीएम

**कलेक्ट्रेट सभागार में हुई अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न अभियोजन कार्यों/केसों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों द्वारा सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाए, केसो में लचर रवैया ना अपनाया जाए। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी लोगों को जेल भेजा जाए। जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न अभियोजनो के दौरान तथ्यों की सही से जानकारी कर प्रभावी ढंग से विवेचना एवं पैरवी की जाए। उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा अभियुक्तों पर सजा कराकर ऐसी नजीर पेश की जाए ताकि लोग अपराध करने से डरें। इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उसके संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए।इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, संयुक्त निदेशक अभियोजन, सूचना अधिकारी, सतीश कुमार सहित अभियोजन विभाग के अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता गण तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## अतिक्रमण पर नगर पालिका प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



**हमीरपुर।** कई बार नोटिस मिलने के बावजूद रोड़ में जानवर बांधकर अतिक्रमण करने पर नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण पर मंगलवार को बुलडोजर चला दिया है। इस दौरान प्रशासन ने छह अतिक्रमण कारियों को दुबारा अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के डिग्गी रमेड़ी मुहाल निवासी श्रीकांत, वीरेंद्र, रचपाल, लाखन सिंह, बच्चू सहित छह लोग वर्षों से सड़कों पर जानवरों को बांध कर अतिक्रमण करें थे। वहीं स्थित सरदार बालिका इंटर कालेज और लघु सिंचाई विभाग में वाहनों का आवागमन होता है। जिससे सड़कों पर बंधे जानवरों से लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती है। जिसको लेकर इन अतिक्रमणकारियों को कई बार नगर पालिका प्रशासन ने नोटिस भी जारी की है। कोर्ट से भी एक बार पांच-पांच हजार की नोटिस मिलने के बावजूद इन अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं हटाया जिस पर मंगलवार को नगर पालिका इओ, सदर एसडीएम और पुलिस प्रशासन दल बल के साथ मौके पर पहुंचे जहाँ उन्होंने अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटा दिया है। वहीं नगर पालिका इओ ने सभी को दुबारा सड़क पर जानवर बांध कर अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी है। उधर टीम के जाते अतिक्रमणकारियों ने फिर ह्य कब्जा जमाना शुरू कर दिया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृति बोध परियोजना अभियान का हुआ शुभारंभ



**हमीरपुर।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संस्कृति बोध परियोजना अभियान का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम नारायन (पूर्व अध्यापक) रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, धर्म , इतिहास, पर्वों, तीर्थ स्थलों, पवित्र नदियों- पर्वतों और राष्ट्रीय महापुरुषों के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान करना है। यह परियोजना 1980 से विद्या भारती द्वारा संचालित की जा रही है और इसका लाभ विद्या भारती के विद्यालयों के साथ साथ अन्य विद्यालयों के छात्र, शिक्षक, माता पिता और आम जनता भी उठा रहें हैं। कहा कि हाल ही में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान ने तीन दिवसीय संस्कृति बोध परियोजना कार्यशाला का समापन किया है। जिसमे देश भर से 73 विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाली संस्कृति ज्ञान परीक्षा और प्रश्न मंच के लिए प्रश्न संच का निर्माण किया गया है। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ल ने दी।

### हाईवे पर ओवरटेक करते तीन डंपर भिड़े, एक घंटे ठप रहा हाईवे

**सुमेरपुर।** बीती रात कस्बे में बड़े पावर हाउस के सामने हाईवे में ओवरटेक करते समय तीन डंपर आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में तीन डंपरों के चालक और खलासी बाल बाल बच गए हैं। डंपरों के आपस में भिड़ने से हाईवे में लंबा जाम लग गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त डंपरों को हाईवे से हटाकर यातायात सामान्य कराया। सोमवार को रात 10 :00 बजे नेशनल हाईवे 34 में तीन डंपर ओवरटेक करने के चक्कर में बड़े पावर हाउस के सामने टकरा गए। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन भीषण जाम लग गया है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह, फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और हाईवे में आड़ा–तिरछा हुए डंपरों को क्रेन की मदद से सीधा कराकर हाईवे में किनारे खड़ा कराया तब कहीं जाकर 1 घंटे बाद यातायात समान्य हो सका।

# लेखपाल संघ का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना-प्रदर्शन

**प्रशासन और लेखपालों के मध्य जारी दावों की जंग से जनता परेशान**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



एक लेखपाल का निलंबन और दूसरे के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई से आक्रोषित लेखपाल संघ का मंगलवार को दूसरे दिन भी तहसील परिसर में कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मांगें पूरी ना होने पर अनवरत धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।वहीं तहसील पहुंच रहें किसान से लेकर छात्र व अन्य लोग आय, जाति तथा निवास प्रमाणपत्र निर्गत कराने के लिए भटक रहे हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष विजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में चल रहे धरने के दौरान बताया कि एसडीएम सदर द्वारा संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य द्विवेदी को झूठा आरोप निलंबित कर दिया गया है जबकि महिला लेखपाल शिवांगी ओमर पर विभागीय कार्यवाही कर दी है। जिसके विरोध में उन्होंने सोमवार को सदर तहसील परिसर में कार्य बहिस्कार कर धरना प्रदर्शन किया था जो मंगलवार को भी जारी रहा है। उन्होंने आदित्य कुमार द्विवेदी के निलंबन को निरस्त करने और शिवांगी ओमर पर विभागीय कार्यवाही रोकने की मांग की है। इस दौरान अशोक कुमार चंद्रेश सिंह मोहम्मद अकरम चंद्रशेखर भारती मिथिलेश कुमार सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे। वहीं प्रशासन और लेखपालों के मध्य एक-दूसरे के विरुद्ध जारी दावों की जंग में जनता परेशान हो रही है।

# तीन दशक की जद्दोजहद का अंत, सुदामा को मिला मेहनत का पूरा हक

**कानपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**जिलाधिकारी की सक्रियता से हुआ 1996 से लंबित प्रकरण का समाधान, मिली जीपीएफ की राशि**

लगभग तीन दशक की लंबी जद्दोजहद, धैर्य और उम्मीद के बाद सेवानिवृत्त संग्रह सेवक सुदामा प्रसाद को आखिरकार उनकी मेहनत की कमाई मिल गई। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की सक्रिय पहल और लगातार निगरानी के चलते सामान्य भविष्य निधि का वह भुगतान संभव हुआ, जो वर्ष 1996 से अटका था। आखिरकार ब्याज सहित तीन लाख सात हजार रुपये सुदामा के खाते में पहुंच गए। फरवरी की एक सुबह जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन चल रहा था। अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे लोगों की भीड़ में एक बुजुर्ग भी खड़े थे। साधारण पैंट-शर्ट पहने, हाथ में पुरानी फाइल और थैला थामे, चेहरे पर धैर्य और आंखों में उम्मीद की चमक। यह थे 89 वर्षीय सुदामा प्रसाद, जो उनतीस वर्षों से अपनी मेहनत की पाई-पाई पाने के लिए दर-दर भटक रहे थे। कितने ही दफ्तरों के चक्कर, कितनी ही बार फाइलें चलीं और लौटीं, अधिकारी बदलते गए, नियमावली के पन्ने पलटते रहे लेकिन मेहनत की कमाई तक पहुंच नहीं बन सकी। खास बात यह रही कि उन्होंने कभी न्यायालय का दरवाज़ा नहीं खटखटाया, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भरोसा बनाए रखा। प्रकरण की जड़ सेवानिवृत्ति अभिलेखों में छूटे एक महत्वपूर्ण तथ्य में छिपी थी। पारिवारिक न्यायालय बांदा ने सुदामा को पत्नी को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, लेकिन 1995 में उनकी पत्नी का निधन हो चुका था। यह जानकारी अभिलेखों में दर्ज न हो पाने से भुगतान वर्षों तक थमा रहा। जनता दर्शन में जब उन्होंने जिलाधिकारी के सामने अपनी व्यथा रखी तो जिलाधिकारी ने तुरंत गंभीरता से सुनवाई की। वर्षों पुरानी फाइलें मंगाई गई, रिकॉर्ड खंगाला गया। डीएम ने निर्देश दिया कि अब इस मामले में और देरी नहीं होनी चाहिए। जनपद बांदा से आवश्यक अभिलेख मंगाए गए। इसके बाद कोषाधिकारी ने रिपोर्ट दी कि खाते में जमा राशि पर चालू वित्तीय वर्ष तक ब्याज जोड़कर पूरा भुगतान अनुमन्य है और अब तक कोई आंशिक भुगतान भी नहीं हुआ है। इसके बाद उपजिलाधिकारी सदर की जांच रिपोर्ट में ब्याज सहित तीन लाख सात हजार रुपये देय पाए गए। सामान्य भविष्य निधि नियमावली 1985 के तहत आदेश जारी हुए और जिलाधिकारी ने प्रगति पर स्वयं नज़र रखी। आखिरकार 18 अगस्त को वह दिन आया जब भुगतान सुदामा प्रसाद खाते में पहुंच गया। लगभग तीस साल की प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद उन्हें अपनी मेहनत का हक मिला। राशि खाते में आने की खबर मिलते ही उनकी आंखें नम हो गई लेकिन होंठों पर सुकून की मुस्कान थी। उन्होंने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी का आभार व्यक्त करते हुए बस इतना कहा कि देर है, पर अंधेर नहीं। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह रकम केवल पैसे भर नहीं थी, बल्कि आत्मसम्मान और विश्वास की वापसी है।

## 13 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**बांदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर, को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से सम्बन्धित वादों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने हेतु आज दोपहर 03.00 बजे से प्रथम प्रारम्भिक वार्ता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संजीव कुमार सिंह पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटनाओं दावा अधिकरण, बांदा द्वारा की गयी। इस बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये 50 वादों की पत्रावलियों पर विचार करते हुए अधिवक्ताओं व पक्षकारों के साथ सुलह के आधार पर वादों के निस्तारण के सम्बंध में चर्चा की गयी। जिस पर 7 वादों का निस्तारण मौके पर ही पक्षकारों की आपसी सहमति से सुलह समझौता के आधार पर किया गया। इस बैठक में श्रीपाल सिंह-अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा, द्वारिकेश सिंह मण्डेला अध्यक्ष/वरिष्ठ अधिवक्ता जिला अधिवक्ता संघ, बांदा तथा अधिवक्ताओं में यासमीन खान, राजीव चौधरी, कामता निगम, मनोज तिवारी, यज्ञस्वरुप गुप्ता, रामेन्द्र तिवारी, सत्यदेव त्रिपाठी, कालका गुप्ता व पेशकार आशोक शुक्ला के साथ राशिद अहमद डीईओ उपस्थित रहें।

## व्यापारियों की कई समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी आयुक्त से मिले



**बांदा।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष/चित्रकूट धाम मंडल प्रभारी विनय चौरसिया के नेतृत्व में कई व्यापारियों ने चित्रकूट धाम मंडल के कमिश्नर को व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग कि मंडल के सभी व्यापारिक चौराहों को सीसीटीवी कैमरों को सिस्टम बनाकर कर कम्पलीट किया जाय। बांदा शहर के मार्डन मैरिज लॉन तिंदवारी रोड के ऊपर निकले बिजली के तारो को तुरंत हटाया जाय।क्योंकि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। महोबा सब्जी मंडी को कम्पलीट कराया जाय।मंडल के सभी व्यापारियो को आवश्यकतानुसार आत्मरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेन्स दिलाये जाये।यूपीसीडा का कार्यालय चित्रकूट धाम मंडल बांदा में खोला जाय या जिला उद्योग केन्द्र से सम्बद्ध किया जाय। बीती 22 जुलाई को हुई मंडलीय व्यापारी अधिकारी मिलन कार्यक्रम में अधिकारी नहीं आये कारण क्या है? बांदा शहर की कताई मील की जमीन को व्यापारियों को फूड पार्क के लिये मुहैया कराई जाये ताकि नगर बांदा का विकाश हो सके इसके लिये दैनिक अखबारों में सूचना देकर तथा सभी ब्यापारी संगठन के बड़े नेताओं को सूचना देकर भू खंडों को लॉटरी सिस्टम के जरिए दिए जाय।

# आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार ने आज बी-पैक्स केन्द्र मुरवल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुरवल एवं यू.पी. कापरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, बाँदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पायी गई अनियमितताओं पर आयुक्त ने गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बी-पैक्स केन्द्र मुरवल में निरीक्षण के समय केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित मिले, शेष कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। केन्द्र तक पहुंचने का मार्ग अत्यन्त गन्दा एवं कीचड़युक्त पाया गया। क्षेत्रवासियों ने शिकायत की कि केंद्र प्रभारी द्वारा गोदाम में खाद उपलब्ध होने के बावजूद वितरण उपकेंद्र बगेहटा से कराया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी असुविधा होती है। इस पर आयुक्त ने सहायक निबंधक एवं सहायक आयुक्त, सहकारिता बांदा को तत्काल मुरवल केन्द्र पर खाद उपलब्ध कराकर किसानों को यहीं से वितरण कराने के कड़े निर्देश दिये। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मुरवल में चिकित्सक अंजली मिश्रा उपस्थित पायी गयीं। किन्तु केन्द्र के बाहर कूड़े के ढेर एवं कीचड़युक्त पहुंच मार्ग गंदगी की स्थिति में मिला। इस पर आयुक्त ने खण्ड विकास अधिकारी, बबेरू को उक्त मार्ग को दुरुस्त कराने एवं कूड़े की तत्काल सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। यू.पी. कापरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, बाँदा के निरीक्षण के दौरान कृषक केन्द्र पर खाद लेने के लिए किसानों की लम्बी लाइन लगी मिली। केन्द्र प्रभारी ने अवगत कराया कि सर्वर न चलने के कारण वितरण बाधित है। इस पर आयुक्त ने क्षेत्रीय प्रबंधक, पी.सी.एफ. बाँदा को निर्देशित किया कि तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण कर आज ही पंक्ति में खड़े सभी कृषकों को खाद वितरण सुनिश्चित कराया जाए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी में कई पकड़े गए

**ओरन/बांदा।** बिजली विभाग के चेकिंग अभियान में कई लोग बिजली चोरी में पकड़े गए। उपखण्ड अधिकारी अतर्रा बिमलेश सिंह के निर्देशन में अवर अभियंता बदौसा विजय बहादुर संविदा स्टॉफ भीमचंद्र यादव, दिलीप कुमार के नेतृत्व में बदौसा थाना अंतर्गत ग्राम धौरही माफी में बृहद चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे चेकिंग दौरान हरिकृष्ण गुप्ता पुत्र छेदीलाल, लालबाबू पुत्र केशव प्रसाद, रामप्रकाश पुत्र खेमराज, देवनारायण पुत्र शिवनाथ, जागेश्वर यादव पुत्र दिरगज, राजा यादव पुत्र दिरगज विधुत चोरी करते पाये गए। इसकी जानकारी अवर अभियंता बदौसा विजय बहादुर ने दी।

# पंजीकरण के अनुसार बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएंः डीएम

**जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जे.रीभा ने आज प्राथमिक विद्यालय बोधी पुरवा एवं प्राथमिक विद्यालय परम पुरवा विकास खण्ड बडोखरखुर्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम बोधी पुरवा विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थित, शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर एवं विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अध्यापकों को निर्देश दिये कि सभी बच्चे डेऊस पहनकर आयें। उन्होंने शुद्ध पेयजल एवं हैण्डवाश हेतु पानी की टोटी लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कक्षा-3 के बच्चों से जोड़-घटाव के प्रश्न करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन किया तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश अध्यापकों को दिये। शौचालय को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्र/छात्राओं की उपस्थिति पंजीकरण के अनुसार सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश विद्यालय के अध्यापकों को दिये।

जिलाधिकारी ने इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय परम पुरवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर पंजीकृत बच्चों के अनुसार बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर चेक करते हुए बच्चों से गणित व विज्ञान के प्रश्न पूंछे तथा शैक्षणिक स्तर बच्चों का ठीक पाया गया। उन्होंने विद्यालय में निर्माणाधीन एकल कक्ष भवन का गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त मिड-डे-मील वितररण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षामित्र एवं तीन अध्यापक उपस्थित पाये गये तथा एक सीसीएल अवकाश पर मिले। उन्होंने विद्यालय में गतवर्ष प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए चाहर दीवारी में पेन्टिंग आदि कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी सहित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने की चकबंदी कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

- चकबन्दी गतिमान गांवों की धरावार प्रगति का लिया ब्यौरा
- पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर दिया जोर



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में उप संचालक चकबंदी ;डीडीसी आलोक कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी गतिमान ग्रामों की धरावार प्रगति की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मिशन मोड में संचालित कर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराए जाएँ। उन्होंने कहा कि कार्य की प्रत्येक अवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो ताकि कास्तकारों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने भदरास, मवइया, रसूलपुर और कान्हीपुर गांवों में चल रहे कार्यों की प्रगति पर जानकारी ली और उसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सहावरए बिजौली, डिंगरी और बच्छराजमऊ गांवों में की जा रही गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने लंबित आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसी प्रकार लाही, बबुआपुर, ओदार, जासेपुर, सलेमाबाद सहित अन्य ग्रामों में प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को तेज गति से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पुराने मुकदमों के निस्तारण पर विशेष बल देते हुए कहा कि चकबंदी से जुड़े पुराने मुकदमों का मेरिट के आधार पर शीघ्र और प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक चकबंदी अधिकारी द्वारा निस्तारित मुकदमों की प्रगति देखी। इस अवसर पर उप संचालक चकबंदी डीडीसी आलोक कुमार श्रीवास्तव बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी ;एसओसी संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी बीण्केण् मिश्रा सुरेश कुमार शर्मा एवं सहायक चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरकर यात्री घायल, सीएचसी में भर्ती

**फतेहपुर, बाराबंकी।** जन सेवा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा एक यात्री ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। मंगलवार देर रात लगभग 11 बजे पंचा कुमार ;25 पुत्र कामेश्वर साहनी निवासी पटिया टोला थाना मोहम्मदपुर जिला गोपालगंज ;बिहार ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पंचा हरियाणा प्रदेश के अंबाला में कबाड़ का गोदाम चलाते हैं और मां पूर्णावती बहन रूपमाला तथा तीन वर्षीय बेटे आर्यन कुमार के साथ जन सेवा एक्सप्रेस से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में यात्रा के दौरान वह ट्रेन के गेट पर बैठे थे। इसी दौरान बीती देर रात करीब 11:00 बजे अचानक नींद आने से वे फतेहपुर थाना क्षेत्र के गेट नंबर 12 रेलवे क्रॉसिंग से करीब एक किलोमीटर आगे ट्रेन से नीचे गिर पड़े।

# टोलकर्मियों ने सपा नेता से की मारपीट, मुकदमा दर्ज




मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहबपुर टोल प्लाजा कर्मियों की उदण्डता इस कदर हावी हो गई है कि आये दिन किसी न किसी वाहन चालको को पिटाई कर देते है ऐसे ही एक मामले मे सोमवार की देर शाम उदण्ड टोल कर्मियों ने गोंडा के सपा नेता की पिटाई कर दी पीड़ित की तहरीर पर थाना मसौली मे अमित सहित 4 टोलकर्मियों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चले कि सोमवार की देर शाम गोंडा जनपद के नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गरीबी पुरवा मजरे बुड़ा देवर के सपा नेता देवेंद्र यादव पुत्र ओमप्रकाश सहाबपुर टोल प्लाजा पार करने के लिए पहुंचे थे कि इसी दौरान वी आई पी मूमेंट हो रहा था जिससे टोल प्लाजा पर वाहनो की लम्बी कतारे लगी हुई थी वी आई पी वाहन पास होने के बाद भी टोल गेट को चालू न करने पर सपा नेता ने टोलकर्मी से वाहन पास करने के गेट खोलने को कहा तो टोल कर्मी आग बगुला होकर सपा नेता व उसके भाई पर टूट पड़े और जमकर लात घुसो से पिटाई कर दी बुरी तरह पीटने के बाद टोलकर्मियों ने महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ मे फंसा देने की धमकी देने लगे पीड़ित सपा नेता की तहरीर पर थाना मसौली मे टोलकर्मी अमित सहित 4 अज्ञात टोलकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबी बालिका की मौत

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार को कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक बालिका की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। यह दर्दनाक हादसा थाना क्षेत्र के बाजपुरा मजरे भेड़िया गांव का है ।यहां के निवासी राम नेवाज की दस वर्षीय पुत्री सोनिका सुबह घर के पास खड़ी थी तभी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई ।जिसकी जद में आकर बालिका घायल हो गई ।परिजन घायल बालिका को एक निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई ।दोपहर में घर लाते समय रास्ते में बालिका ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार बीते दिनों हुई बारिश से कच्ची दीवार जर्जर हो गई थी।

# तालाब में नहाने के दौरान युवक की डूबकर मौत

बाराबंकी,मसौली समृद्धि न्यूज़।



सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा व करमुल्लापुर मार्ग पर स्थित एक तालाब मे नहाने के दौरान एक 40 वर्षीय युवक की डूब कर मृत्यु हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली निवासी सफाईकर्मी पप्पू वाल्मीकि पुत्र जीवन वाल्मीकि मंगलवार को सुबह कुछ रिस्तेदारो के साथ दादरा करमुल्लापुर मार्ग पर स्थित देशी शराब ठेका पर शराब पीने के बाद थोड़ी ही दूरी पर स्थित तालाब मे नहाने चला गया नहाते समय मे गहरे पानी मे जाने के कारण युवक डूब गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाल के सहारे शव को तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक सफाई कर्मचारी पद पर तैनात है सफाई कर्मचारी की मौत की सूचना पर घर मे कोहराम मच गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है मृतक के 4 पुत्र है।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू ने निकाली रैली

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ज़ैदी के बाराबंकी मुख्यालय पर विशाल किसान महारैली का आयोजन किया गया। इस रैली मे किसानो ने अनेक गंभीर समस्याओ को उठाया। जिनमे प्रमुख रूप से खाद की कालाबाजारी और किसानों को समय पर उपलब्ध न होना। पट्टे की जमीनों पर कब्जे के विवाद। जल जीवन मिशन के अंतर्गत किसानों की भूमि पर पानी की टंकी का निर्माण अमरून इंसरिंग हाउस अगासंड से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों को रेठ नदी में डाले जाने से उत्पन्न प्रदूषण व बीमारियों का खतरा जिससे पीने योग्य जल दूषित हो चुका है। कोला गहबड़ी क्षेत्र में श्मशान घाट की भूमि दर्ज कराने की मांग। राष्ट्रीय स्तर पर एमएसपी गारंटी कानून 250 लागू किए जाने की मांग। स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध। किसानों की भूमि का सर्किल रेट न बढ़ाया जाए तथा अधिग्रहण पुराने दरों का भुगतान किए जाने और नए रेट लागू न करने पर सवाल।खाद न मिलने पर किसानों पर लाठीचार्ज और फर्जी मुकदमे दर्ज करने की घटनाओं का विरोध।मनरेगा मजदूरों की मजदूरी में पंचायत स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार की जांच तथा विद्यालयों को बंद करने और शराब के ठेकों को बढ़ावा देने का विरोध। किसानो ने सैकड़ो की संख्या में पलहरी चौराहा से पटेल तिराहा तक नारे लगाते हुए पैदल मार्च किया।इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सक्षम अधिकारी को सौंपा गया तथा क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। महारैली कार्यक्रम की अगुवाई राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने स्वयं की। आयोजन की ज़िम्मेदारी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी की गई।

## पत्रकार की बहन का निधन, शोक की लहर

**बाराबंकी।** मान्यता प्राप्त छायाकार वरिष्ठ पत्रकार अशोक सैनी की बहन का बीती रात निधन से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। गंभीर बीमारी से जूझ रही निर्मला उर्फ मुन्नी सैनी 74 वर्ष का सोमवार की देर रात जिला अस्पताल में निधन हो गया। वह अशोक सैनी की बहनए पति के निधन के बाद पिछले 40 वर्षों से पूरी तरह भाई अशोक सैनी व भाभी पर आश्रित थीं। बीमारी के दौरान अशोक सैनी ने उनके इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पत्रकार कोटे से बहन का आयुष्मान कार्ड भी बनवाया था ताकि बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सके। उनके निधन पर पत्रकार आमिर अली, पिंकू सैनी राकेश श्रीवास्तव, अब्दुल खालिक, साकेत मौर्य, पाटश्वरी प्रसाद, रत्नेश कुमार अज़ीज़ अहमद अज्जू, सैफ मुख्तार, अली चांद समेत कई सामाजिक लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया कर्मी झुलसा, ट्रामा रेफर



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

जेपी कंस्ट्रक्शन कंपनी व बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान 22 वर्षीय प्राइवेट विद्युत कर्मी हाई टेंशन लाइन में उतरे करंट की वजह से गंभीर रूप से झुलस गया बुरी तरह झुलसने के बाद खंभे से गिरे विद्युत कर्मी को सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था में सिविल अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के पालपुर माजरा पोखरा गांव निवासी शिवा पिछले 1 वर्ष से जेपी कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिए इलेक्ट्रिशियन का काम करते आ रहे हैं आज ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए उनके साथ काम कर रहे एक अन्य युवक ने बताया कि सिट डाउन लेने के पश्चात वह खंभे पर काम कर रहे थे कि अचानक लाइन चालू हो जाने से वह बुरी तरह झुलस गए।

# खबरें एक नजर में

## आदर्श स्कूल में अभिभावक गोष्ठी 22 को

**इकदिल, इटावा।** कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 22 अगस्त दिन शुक्रबार को प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। आदर्श एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाली अभिभावक गोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. सम्राट ने समस्त अभिभावक बंधुओं से अभिभावक गोष्ठी में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## बैठक 24 अगस्त को

**इटावा।** बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड मुगलपुरा विकासखंड बसरेहर की अति आवश्यक बैठक 24 अगस्त दिन रविवार को प्राइमरी पाठशाला मुगलपुरा में दोपहर 1 आयोजित की गई है जिसमें मछुआ समुदाय के 18 वर्ष से अधिक के समस्त महिला पुरुष सादर आमंत्रित है।

## झुग्गी झोपड़ में रहने वाले लोगों को वितरित की मिठाई

**इटावा।** बल्देव प्रसाद समाज सेवा समिति ने रेलवे कालोनी झुग्गी झोपड़ में रहने वाले लोगों को मिठाईयां वितरित की। समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र यादव व सचिव विश्वास यादव ने रेलवे कालोनी झोपड़ झुग्गी में जाकर वहां के लोगों को मिठाईयां वितरित की।

## कानपुर मंडल के मण्डलाध्क्ष बने मनोज कुमार गुप्ता

**इटावा।** वैश्य गरिमा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह एवं राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र अग्रवाल ने कानपुर के समाजसेवी, उद्योगपति तथा रियल एस्टेट कारोबारी मनोज कुमार गुप्ता को कानपुर मंडल का मण्डलाध्क्ष पद पर मनोनीत किया है। श्री गुप्ता के मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने कहा कि कानपुर मंडल के प्रतिष्ठित समाजसेवी उद्योगपति के रूप में अच्छी छवि रखने वाले मनोज कुमार गुप्ता जल्दी ही संगठन की मंडलीय समिति बनाकर संगठन को गतिशील बनाने में अपना योगदान देंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हाइवे पर मिला श्रमिक का शव

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाइवे स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा गहिरा के पास एक श्रमिक का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को जिला अस्पताल परीक्षण को भेजा है। फैजाबाद के खंडासा क्षेत्र के पूरबली निवासी राजेन्द्र प्रसाद 35 पुत्र जियालाल सात वर्षों से बन्थर औद्योगिक क्षेत्र में बतौर श्रमिक काम करता था। मंगलवार हाइवे स्थित बैंक शाखा निकट औंधे मुंह मृत अवस्था में पड़ा पाया गया। प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी चोट का निशान नहीं मिला है। सूचना पर पहुंचे एसओ राजेश पाठक ने उसके पास मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई है। पुलिस की सूचना पर उसका भाई लल्लू सरोज अन्य रिश्तेदारों के साथ मंगलवार अपरान्ह पहुंचा है। बताया कि सात वर्षों से यहां रह रहा था और बतौर दिहाड़ी मजदूर यहां अलग-अलग इकाइयों में काम करता था। दो भाई में बड़ी बहन की भी हाल ही में मौत हो गयी है।

## शौर्य चक्र से सम्मानित किया जायेगा बैसवारे का लाल

**उन्नाव।** तहसील बीघापुर अन्तर्गत बड़ी पनई निवासी भारत मां के लाल मेजर आदित्य प्रताप सिंह को देश का प्रतिष्ठित शौर्य चक्र सम्मानित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय द्वारा 14 अगस्त को जारी गजट में इस बात की आधिकारिक घोषणा की गई है। गजट में प्रकाशित सूची में मेजर आदित्य का नाम शौर्य चक्र विजेताओं की श्रेणी में चौथे स्थान पर दर्ज है। राजपूताना राइफल्स रेजीमेंट से संबद्ध मेजर आदित्य वर्तमान में 44 असम राइफल्स के साथ पूर्वोत्तर भारत में काउंटर इनसरजेंसी ड्यूटी पर तैनात हैं। चार वर्ष पूर्व, एक महत्वपूर्ण काउंटर इनसरजेंसी एवं काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन के दौरान उन्होंने साहसिक रूप से मोर्चा संभालते हुए कई आतंकियों को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में वे स्वयं भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# गायत्री पूजन के बाद हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को शहर के गायत्री शक्तिपीठ में पूजन अर्चन के बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन अजय शुक्ला की टोली द्वारा किया गया। मंदिर व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि श्रद्धा भक्ति से सुग्रीव के सेवक राम का आश्रय पाकर हनुमान बन गए। कहा कि सभी को मंगलवार को सुंदरकांड पाठ करना चाहिए। यह रामचरित मानस का दिल है। इसीलिए इसका नाम सुंदरकांड रखा गया। सभी अंजनीलाल की जीवन शैली से प्रेरणा लेकर जीवन सुखमय बना सकते है क्योंकि इसकी प्रत्येक चौपाई मंत्र है व रामचरित मानस धर्म ग्रंथ नहीं यह मंत्रों की खान है। इस अवसर पर अजय शुक्ला, जगदेव शर्मा, ईश्वरानंद बाजपेई, कन्हैया,गौरव, तिलक श्रीवास्तव, अशोक राय, रघुनाथ त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्कूटी फिसलने से तहसील कर्मी घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार मियागंज-सफीपुर मार्ग पर स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल जाने तहसील कर्मी युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रयागराज निवासी पवन मिश्रा पुत्र केशव प्रसाद मिश्रा सफीपुर तहसील में बाबू है।

# आम की फसल के लिए डीएपी की उपलब्धता करायें सुनिश्चितः डीएम

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं की विभिन्न प्रकार की विभागों से सम्बंधित समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारी को गुणवत्ता पूर्ण समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आम के निर्यात के अच्छी सुविधा मिल सके कृषकों को इसके लिए कार्य करें। उपनिदेशक कृषि अधिक से अधिक एफ़पीओ का गठन कराएं। साथ ही किसानों को क्लस्टर के रूप में तैयार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नाव में आम का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है किसानों को निर्यात के लिए गुणवत्तापूर्ण संसाधन मिल सके, अच्छी मार्केट मिल सके, इसके लिए उन्नाव में मैंगो पैक हाउस के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसी प्रकार आम के अच्छे उत्पादन वाले क्षेत्रों में आम मंडी भी बनाई जाएंगी ताकि आम उत्पादकों के लिए अच्छी सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने किसान बन्धुओ की डीएपी की मांग पर एआर कोऑपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि आम की फसल के लिए जरुरत वाले क्षेत्रों में डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं को निर्देशित करते हुए कहा किसान आवश्यकता के अनुसार यूरिया का स्टॉक रखे ताकि सभी किसानों को यूरिया उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आज किसान दिवस में जो किसानों की शिकायतें मिली हैं प्राथमिकता के साथ उनका समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक के अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरजी उपनिदेशक कृषि मत्स्य अधिकारी एआर कॉआपरेटिव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी और कृषक मौजूद रहे।

# एसी संयंत्र एवं तार की चोरी से व्यापारी त्रस्त, लगाई गुहार

- उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जताई नाराजगी

इटावा, समृद्धि न्यूज।



तहसील चौराहा के आसपास मुख्य बाजार के व्यापारियों का चोरों ने जीना दुश्वार कर रखा है दुकानों पर लगे ऐसी संयंत्र ब तारों की चोरी बड़े पैमाने पर की जा रही है जिससे त्रस्त होकर व्यापारियों ने जिला प्रशासन से उपरोक्त चोरी रोकने को प्रभावित कदम उठाए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने कहा की तहसील चौराहे के आसपास आशीष ज्वेलर्स एमके ज्वेलर्स कानपुर कंफर्ट वाले सहित एक दर्जन व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से छत पर रखे ऐसी संयंत्र तथा उसमें लगे तांबे के तार को चोरों के द्वारा काट कर चोरी कर लिया गया है जिससे व्यापारियों में भय व्याप्त है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से उपरोक्त ऐसी संयंत्र चोरों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है मांग करने वालों में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री बीके वर्मा, शहर संरक्षक मनोज गुप्ता, शहर महामंत्री विवेक गुप्ता, शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा, अमित तिवारी, अखिलेश कौशिक, उपाध्यक्ष सुमित गर्ग, अनु कुमार गुप्ता, आशुतोष पमार, दीपक अग्रवाल, दिलीप जैन, मनीष अग्रवाल, फिरोज आलम, रामसेवक कुशवाहा एडवोकेट, एजाज अहमद, आकाश गुप्ता, बंटू चौहान, विनय यादव, विपिन बघेल, संतोष बाल्मिक, हिमांशु यादव, उमाशंकर पोरवाल, अमित वर्मा, विवेक अग्रवाल, मंत्री कमलेश कुमार पाल, शिवम यादव, राहुल पटेल, राजीव कठेरिया, गौरव सोनी, सुदीप जैन, एकलव्य भदोरिया, अक्षय बाजपेई, अविनाश पाल, सारूल हसन, शिवम दुबे, राकेश तिवारी, एवं शरद अग्रवाल हरेंद्र भदोरिया ने की है।

## झील के पानी में मिला युवक का शव, मचा हड़कम्प

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर महारण झील में भरे बाढ़ के पानी में युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस को शव के पास से खोजबीन के बाद जेब में कागज मिला जिससे युवक की राहुल भाटिया (45) पुत्र हरिमोहन भाटिया निवासी एल ब्लॉक 117/257 नवीन नगर थाना काकादेव कानपुर नगर के रूप में पहचान हुई जिसकी सूचना परिवारवालों को दी गई। राहुल की बहन का कहना है कि शादी नहीं हुई थी वो ऑटो चालक थे। उनका हर रोज इधर-उधर आना था, किसी की बात मानते नहीं थे लेकिन हम लोग सब साथ में रहते थे। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी एसएन तिवारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन ग्रह भेज दिया। परियर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया जायेगा, परिवार ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी ने बाइक में मारी टक्कर, महिला घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज चौराहे पर मंगलवार सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पीछे बैठी महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। जिसे मजिस्ट्रेट ने अपनी गाड़ी से मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी रामभजन की पत्नी सुषमादेवी 55 रक्षाबंधन के त्योहार पर मधेगंज पुलिस चौकी लखनऊ मायके गयी थी जहां से मंगलवार बेटे अंश के साथ बाइक से घर लौट रही थी। इसी बीच मियागंज चौराहे पर उन्नाव से हसनगंज की ओर सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी के चालक ने लखनऊ मार्ग पर गाड़ी मोडी ही थी कि सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक उछलकर दूसरे छोर पर गिर गयी और पीछे बैठी महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी जबकि बेटा मामूली रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद सिटी मजिस्ट्रेट गाड़ी से नीचे उतरे और ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को अपनी गाड़ी में बिठाकर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# प्रतिमा के अनावरण हेतु डीएम से मिले शरद बाजपेयी

इटावा, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष नेता भाजपा सभासद दल शरद बाजपेयी ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण हेतु जिलाधिकारी से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा।

शरद बाजपेयी ने मांग करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को उनकी गरिमा के अनुरूप ही लगाया जाए, उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष पूर्व अटल पथ पर अटल की हाथ जोड़कर प्रतिमा लगाई गई थी जिसका सर्वप्रथम और लगातार मैंने विरोध किया था और मैंने मांग की थी कि हाथ जोड़कर लगाई गई प्रतिमा को हटाकर दूसरी प्रतिमा जिसकी आकृति सावधान की मुद्रा में या अभिवादन करते हुए लगाई जाए , प्रतिमा हटाई गई और हाथ जोड़कर भी हटाया गया लेकिन उनके हाथों को छाती पर चिपका दिया गया हैं ऐसा प्रतीत हो रहा है, और प्रतिमा भी वही लग रही है, प्रतिमा बहुत ही खराब लग रही है और एक महान नेता एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद निंदनीय और अशोभनीय है। शरद बाजपेयी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रशासन सभी कार्यो को यथाशीघ्र समय से पूर्ण करायेंगे और अटल जी की प्रतिमा बदलवाकर सही मुद्रा में लगवायेंगे जिससे प्रतिमा का अनावरण शीघ्र किया जा सकेगा। इस अवसर पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष सोमेश अवस्थी, अरुण मिश्रा, एसपी तोमर, रईस आदि उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के दो आरोपी पति व सास गिरफ्तार

ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र में हुई दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति नितिन और सास रोहनमुखी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों पर मृतका की मां ने दहेज में प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया गया था। ताखा क्षेत्र के मजरा नंदपुर हवेली गांव का है, जहां बीते रविवार शिवानी (25) पत्नी नितिन की संदिग्ध हालात मौत हुई थी। मायके पक्ष ने इसे हत्या मानते हुए दहेज हत्या करार दिया था। मृतका की मां सुनीता देवी निवासी खसुआ सराय थाना कुदरकोट जिला औरैया ने तहरीर देकर अपने दामाद नितिन, सास रोहनमुखी सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में अतिरिक्त सामान की मांग कर रहे थे और पूरा न होने पर शिवानी का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। ऊसराहार पुलिस ने मंगलवार को पति नितिन और सास रोहनमुखी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। इंचार्ज थानाध्यक्ष मंगल सिंह ने बताया कि दहेज हत्या मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सीडीओ ने की गौशालाओं का निरीक्षण, जताई नाराजगी

ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।



मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने सोमवार को ताखा क्षेत्र की मामन हिम्मतपुर गोशाला और समथर गोशाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशालाओं में पशुओं की देखभाल, सफाई व्यवस्था और पौधारोपण के लिए बनाए जा रहे गमलों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। मामन हिम्मतपुर गोशाला में सीडीओ ने पाया कि पौधारोपण के लिए जो गमले बनाए गए हैं, वे निर्धारित डिजाइन से भिन्न हैं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल उन गमलों को तोड़कर जालीदार डिजाइन के अनुसार दोबारा बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गमले मानक के अनुसार ही बनने चाहिए ताकि पौधों को बढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके।

वहीं, समथर गोशाला में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था बेहद लचर पाई गई। सीडीओ ने गंदगी देखकर जिम्मेदार कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और नियमित रूप से सफाई कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में मवेशियों के स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीडीओ अजय कुमार गौतम ने दोनों गोशालाओं के प्रभारियों को निर्देशित किया कि मवेशियों को समय से चारा-पानी उपलब्ध कराया जाए और गोशाला परिसर में अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाई जाए। इस मौके पर बीडीओ ताखा प्रदीप कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी शिवांगी पांडेय, सचिव विवेक कुमार, इंद्रपाल सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# वार्षिक फास्टैग पास सुविधा लागू, यात्रियों को राहत

- पांच दिनों में 1500 लोग वार्षिक फास्टैग सुविधा से जुड़े
- सिर्फ 15 रुपए में टोल पार, कुल 200 ट्रिप शामिल
- पास की कीमत 3000 रुपए, एक साल के लिए होगा वैध




**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के निर्देशन पर 15 अगस्त से राष्ट्रीय राजमार्गों पर वार्षिक फास्टैग पास योजना लागू कर दी गई है।

इस योजना का उद्देश्य टोल टैक्स भुगतान को और अधिक आसान, सुलभ और किफायती बनाना है। अब निजी वाहन चालक एक तय शुल्क देकर टोल प्लाजा से बार-बार गुजरने की सुविधा पा सकेंगे।

वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपए तय की गई है, जिसमें 200 ट्रिप शामिल हैं। इसका मतलब है कि एक यात्रा (टोल प्लाजा पार करना) पर सिर्फ 15 रुपए खर्च होंगे। यह सुविधा उन वाहन चालकों के लिए बेहद फायदेमंद है, जो अक्सर हाईवे पर सफर करते हैं। क्षेत्र के जेंवा स्थित टोल प्लाजा के टोल मैनेजर घनश्याम सिंह ने बताया कि इस नई सुविधा के तहत निजी कार, जीप और वैन (नॉन कमर्शियल वाहन) के मालिक वार्षिक पास बनवाकर एक साल के भीतर 200 बार टोल प्लाजा पार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिनों में इस योजना से करीब 1500 लोग जुड़ चुके हैं। यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। तय सीमा (200 ट्रिप या एक वर्ष, जो पहले पूरा हो) के बाद पास स्वतः सामान्य फास्टैग में बदल जाएगा और फिर मौजूदा दरों पर ही टोल देना होगा। टोल मैनेजर ने लोगों से अपील की है कि वे इस किफायती योजना का लाभ उठाएं और अनावश्यक टोल खर्च से बचें।

### क्या है फास्टैग एनुअल पास

जलालाबाद। यह एक प्रकार की प्रीपेड टोल स्कीम है, जिसे खासतौर से कार, जीप और वैन जैसे नॉन- कमर्शियल निजी वाहनों के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य 60 किलोमीटर के दायरे में आने वाले टोल प्लाजा से आवागमन करने वालों को राहत देना है।

### कैसे लें सुविधा का लाभ

जलालाबाद। इस सुविधा के लिए नया फास्टैग खरीदने की जरूरत नहीं है। यह मौजूदा एक्टिव फास्टैग से भी जोड़ा जा सकता है। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर फास्टैग से जुड़ा होना चाहिए। यूज़र राष्ट्रीय राजमार्ग एप्प (एनएचएआई) को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सीधे पास रिचार्ज कर सकते हैं। यह योजना केवल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधीन आने वाले हाईवे और एक्सप्रेसवे पर लागू होगी।

# किंग कोबरा के अस्पताल में घुसने से हड़कंप, सपेरे ने किया रेस्क्यू

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



खानपुर कसावा गांव के आयुष्मान आरोग्य उपकेंद्र में मंगलवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक 3.5 फीट लंबा किंग कोबरा डॉक्टर के केबिन में दवाइयों की रैक में जा घुसा।

अस्पताल के कर्मचारियों ने सांप को देखते ही तुरंत स्थानीय लोगों को सूचना दी, जिससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। डर और दहशत के माहौल में एक सपेरे को बुलाया गया। सपेरे ने सावधानी पूर्वक जांच की और पाया कि रैक में मौजूद सांप खतरनाक किंग कोबरा है। उसने कुशलता से सांप को सुरक्षित पकड़ लिया और वन विभाग को सूचित किया। बाद में सांप को पास के एक खेत में छोड़ दिया गया। सांप के पकड़े जाने के बाद अस्पताल में मौजूद मरीजों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। इस घटना ने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया, और लोग सांप के अस्पताल में घुसने के कारणों पर अटकलें लगा रहे हैं।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने भक्ति रस में डुबोया



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला बस्तीराम में ब्रह्मलीन शिव श्याम वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया।

आचार्य संकल्प पाठक ने आशीष वर्मा, सचिन वर्मा व नितिन वर्मा से सपरिवार राम दरबार का विधिवत पूजन करवा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात, श्री राम के परम भक्त भानु प्रताप सिंह चौहान ने सुंदरकांड की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा सुंदरकांड हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और समर्पण का गीत है, जो हमें प्रभु श्री राम के प्रति अटूट विश्वास की प्रेरणा देता है। यह पाठ जीवन में संकटों से उबारने और मन को शांति प्रदान करने वाला है। भानु प्रताप सिंह ने भजनों तेरी कृपा का क्या भरोसा, कब किस पर हो जाए, बजरंगी लाए खबरिया, राम आए नगरिया और नित प्रेम की गंगा बहती है, बालाजी तुम्हारे चरणों में से समां बांध दिया। अमरेश प्रताप सिंह और रुद्र प्रताप सिंह चौहान ने भी भजनों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। सचिन दुबे की ढोलक ने भजनों में जान डाली। कार्यक्रम में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा, उमेश मिश्रा, रोबिन मिश्रा, अनुराग अग्निहोत्री, पंकज तोमर, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। अंत में भंडारे के प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पूर्व विधायक डॉ. मन्ना की पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. जगदीश्वर दयाल अग्निहोत्री उर्फ डॉ. मन्ना की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

25 मई 1923 को छिबरामऊ में जन्मे डॉ. मन्ना का निधन 19 अगस्त 1977 को हुआ था। उन्होंने छिबरामऊ टाउन एरिया के तीन बार और नगरपालिका के एक बार चेयरमैन के रूप में सेवा की। उनके कार्यकाल में प्रथम पेयजल योजना की शुरुआत हुई। 1969 से 1974 तक विधायक रहे डॉ. मन्ना ने ऑल इंडिया मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कई बच्चों को चिकित्सा शिक्षा का अवसर प्रदान किया। डॉ. मन्ना अपने पीछे चार पुत्र–ओमहरि, ओम कुमार, ओमप्रकाश और ओम नारायण अग्निहोत्री का परिवार छोड़ गए। गजेटियर के अनुसार, छिबरामऊ की टाउन एरिया/ नगरपालिका का गठन ब्रिटिश काल में 17 जुलाई 1860 को हुआ था। कार्यक्रम में उनके पौत्र राजीव अग्निहोत्री, कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे, अजय दुबे, आसाराम यादव, प्रदीप दुबे, प्रिया श्रीवास्तव, दिनेश पांडेय, जितेंद्र यादव, भैया लाल दुबे, राजेश कुमार, अखिलेश सिंह भदौरिया, सुरजीत सिंह नायक और श्याम सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पुरानी मंडी का जर्जर गेट, कभी भी हो सकता है हादसा

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर में स्थित पुरानी मंडी का जर्जर गेट खतरे का सबब बना हुआ है। ब्रिटिश काल में निर्मित यह गेट कभी भी ढह सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। हाल ही में बरसात के कारण गेट में सीलन बढ़ गई, और सोमवार को इसका एक बड़ा हिस्सा गिर गया, जिससे कई लोग बाल-बाल बचे। नगर पालिका चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद गेट का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू और किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने गेट की मरम्मत की मांग की है। शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को पत्र लिखकर गेट को गिराने या मरम्मत करने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चेयरमैन ने निरीक्षण के बाद जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया है। व्यापार मंडल और किराना एसोसिएशन ने प्रशासन की अनुमति मिलने पर अपने खर्चे से मरम्मत की पेशकश की है। 18वीं शताब्दी में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इस गेट के साथ तहसील, सराय और पुलिस थाना भी ककइया ईंटों से निर्मित थे। पुरानी तहसील की जगह अब बालिका कॉलेज है, जबकि सराय में अवैध कब्जे हैं। मंडी में रोजाना भारी भीड़ रहती है, और गेट के अचानक ढहने से जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**टेंडर के बाद होगा जीर्णोद्धार**

## खबरें एक नजर में

### नीट यूजी में सफलता पाकर आकाश ने नाम किया रोशन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी आकाश वर्मा पुत्र संजय कुमार वर्मा ने नीट यूजी 2025 में यूपी में 2038वीं रैंक हासिल कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला प्राप्त कर अपने परिवार सहित नगर का नाम रोशन कर दिया। जनता इंटर कॉलेज से इंटर पास करने के बाद आकाश ने कोटा में रहकर कठिन परिश्रम से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। सरकारी अध्यापक उनकी माता सुमन तथा पिता संजय कुमार ने उनकी मेहनत को प्रेरित किया। उन्हें एटा मेडिकल कालेज नें प्रवेश मिला है। आकाश का सपना गरीबों का इलाज और समाज सेवा करते हुए कार्डियोलॉजिस्ट बनना है। उनके दादा सत्य प्रकाश वर्मा और चंद्र प्रकाश ने कहा आकाश की इस उपलब्धि ने परिवार और समुदाय का गौरव बढ़ाया है। उनकी लगन और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है।

### पड़ोसियों से परेशान महिला ने पुलिस से की शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** काशीराम कॉलोनी निवासी एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर लड़ाई झगड़ा करने तथा किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। नगर के काशीराम कॉलोनी निवासी मंशा पत्नी सलीम ने बताया कि उनके पड़ोस के क्वार्टर में रहने वाले लोग आए दिन उनके साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने पर आमदा रहते हैं और क्वार्टर से बाहर निकाल देने की धमकी देते हैं। पीड़ित महिला ने अपने व अपने परिवार के साथ उक्त व्यक्तियों द्वारा अनहोनी घटना घटित किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ रोड पर नादनपुर पुलिया के पास बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल ही गए। बाइक सवार कृष्णा शर्मा पीओपी कारीगर (28), वैभव शर्मा (18) निवासी बहवलपुर व शिवम् उपाध्याय (24) निवासी कोलियान को छिबरामऊ की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार नीलप्रताप सिंह (42) निवासी जनपद मैनपुरी थाना किशनी ग्राम चितायन ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक घायल अवस्था में गिर गए। उनको 100 शैय्या अस्पताल ले जाया गया। हालत अधिक गंभीर होने पर डॉक्टरों ने युवकों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया।

### मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम माधोनगर स्थित इंडिस टावर से 24 बैटरी चोरी हो गई। कंपनी के टेक्नीशियन ने कोतवाली पुलिस से घटना की शिकायत की है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधोनगर में इंडिस का टावर लगा है। उसके टेक्नीशियन गौरव कुमार ने कोतवाली पुलिस से की शिकायत में बताया है कि सोमवार की रात चोरों ने टावर में रखी लगभग 24 बैटरियां चोरी कर ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# देवसेना ने किया संगठन का विस्तार

- गोपाल दुबे टाडा बने जिलाध्यक्ष

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला ग्रेसीगंज में पूर्व भाजपा सभासद अरविंद गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में देवसेना के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह सिसोदिया ने संगठन का विस्तार किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने गोपाल दुबे टाडा को जिलाध्यक्ष, पवन तिवारी को छिबरामऊ विधानसभा अध्यक्ष, शिवराम सिंह सेंगर को विधानसभा महासचिव, संदीप शाक्य को विधानसभा संगठन सचिव और कौशलेंद्र को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल दुबे टाडा ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका ईमानदारी से कार्य करके संगठन को मजबूत बनाऊंगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष दीपेंद्र चौहान, विनोद मौर्य, भूरे सिंह, शिवम ठाकुर, प्रमोद शर्मा, बृजेश मिश्रा, श्याम सुंदर, सोमदेव, रामविलास यादव, महावीर सक्सेना, कल्लू गुप्ता एवं ओम गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसके बाद जिलाध्यक्ष गोपाल दुबे टाडा ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम नौली में अमर शहीद जवान स्वर्गीय कुलदीप मिश्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# किसान के घर चोरी, हज़ारों के जेवरात ले उड़े चोर

- मुख्य गेट का ताला तोड़ घर के अंदर घुसे चोर, वारदात को दिया अंजाम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



बिखरा पड़ा सामान

कस्बा जसोदा में बीती रात चोरों ने एक किसान के घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे हज़ारों रुपए जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जसोदा निवासी सुभाष कुशवाहा पुत्र मुनेश कुशवाहा खेती- बाड़ी कर परिवार का पालन- पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात वह मकान के मुख्य गेट को ताला लगाकर पास के कमरे में सोने चले गए थे। कुछ देर बाद आंख खुली तो देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा पड़ा है।

अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था और उसमें रखे हजारों रुपए के जेवरात गायब थे। पीड़ित ने तुरंत ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आसपास के इलाके में चोर को तलाशने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सूचना पर पहुंची जसोदा चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। पुलिस ने जल्द से जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।

### मायके में रह रही पत्नी से पति ने की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कुंवरपुर जनू स्थित मायके में रह रही पत्नी ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर जनू निवासी सोनम पुत्री श्रीकृष्ण जाटव ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसका विवाह फर्रुखाबाद के आवास विकास कॉलोनी निवासी इंद्रपाल पुत्र भरत सिंह के साथ हुआ था। महिला का आरोप है कि 2 वर्ष पूर्व जब वह गर्भवती थी। तब ससुराल पक्ष ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब से वह अपने मायके में रह रही है। बीते शनिवार को पति उसको अपने दो वर्षीय बच्चे के साथ घर ले जाने का दबाव बनाने लगा। पत्नी ने जाने से इनकार कर दिया, जिस पर पति ने उसके साथ मारपीट कर दी।

# सड़क किनारे पड़े मुर्गा के पंख दे रहे बीमारियों को दावत



मेन सडक किनारे मीट दुकानदारों की ओर से फेंके गये मुर्गा के पंख

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के सख्त दिशा निर्देशों के बाद भी नगर के मुर्गा मीट दुकानदारों की ओर से आय दिन उनके पंख मैन सड़क किनारे डाल देने से नगर पंचायत की ओर से चलायें जा रहे स्वच्छता मिशन अभियान की खुलेआम धज्जियां उडा रहे है। इनकी बदबू से आवागमन करने वाले राहगीरों व पास में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में पढ़ने जाने वाले बच्चों को बड़ी मुसीबतों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। समधन नगर पंचायत के मेन सडक गुरसहायगंज व फर्रुखाबाद मार्ग पर नगर पश्चिमी स्वागत द्वार गेट के नजदीक आय दिन नगर के मुर्गा मीट दुकानदारों की ओर उनके पंख आदि कचरा सड़क किनारे फेंक देने से इनकी बदबू से जहां एक ओर स्थानीय राहगीरों के अलावा राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रों को आवागमन करने में बेहद दिक्कतो के चलते बेहद रोष व्याप्त है वहीं यह गन्दगी नगर पंचायत की ओर से शासन के निर्देश पर चलाएं जा रहे स्वच्छता मिशन अभियान को खुलेआम धज्जियां उडा रहे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि मुर्गा मीट पंखों की वजह से बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों की चहलकदमी से सड़क पर आय दिन दोपहिया वाहनों से टकराकर लोगों को घायल कर रहे आगे कहा कि अगर नगर पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम जल्द न उठाये गये किसी बड़ा हादसा होने की आंशका जताई है। उधर नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारे संज्ञान में नहीं है अब वहां जल्द मीट दुकानदारों की ओर से फैलाई जा रही गन्दगी को जल्द हटवाकर ऐसे लोगों को चिन्हित करके पहले नोटिस भेजकर वाद में कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।



मासिक बैठक में चर्चा करते शिक्षकगण

### मासिक बैठक में निपुण विद्यालय बनाएं जाने पर दिया जोर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसआरजी संजीव कुमार कटियार ने विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाए जाने के लिए शिक्षण कार्य के दौरान रुचिकर एवं नवाचारी गतिविधियों को शामिल करके अपने अपने विद्यालयों में ऐसा माहौल बनाए जाने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। शिक्षक संकुल अबधनारायण ने सामुदायिक सहभागिता से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों से नियमित रूप से संपर्क में रह करके बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति एवं ठहराव को सुनिश्चित करते हुए निपुण विद्यालय बनाए जाने का सुझाव दिया। एआरपी राकेश कुमार ने शिक्षक संदर्शिका आधारित साप्ताहिक शिक्षण चक्र योजना के अनुसार शिक्षण कार्य करते हुए निपुण विद्यालय बनाए जाने का सुझाव दिया। शिक्षक संकुल वसीम खान ने शिक्षण कार्य के दौरान अधिकाधिक टीएलएम का प्रयोग करने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया।

# बाढ़ से किसानों की फसलें बर्बाद, अब मदद का इंतजार

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बाढ़ और वारिश से फसलों के नष्ट हो जाने के मामले में शासन से अभी किसानों की मदद का ऐलान नहीं किया है। पर लेखपालों का आर्थिक मदद दिलाए जाने का खेल शुरू हो गया है जिसके चलते मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान तहसील में खतौनी आहरण कर लेखपालों के आसपास देखे गये है।

विदित हो कि 28 जुलाई से यमुना का बढ़ना शुरू हुआ था तब क्षेत्र के किसानों को लगा था कि थोड़ा बढ़कर नदी की रफ्तार थम जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका और बाढ़ के कहर से फसलें तो पूरी तरह तबाह हो गई थी और गांवों तक पानी पहुंच गया था जिससे उनकी मदद के लिए शासन और प्रशासन को उतरना पड़ा था हालांकि बाढ़ 5 अगस्त के बाद शांत हो गई थी लेकिन किसानों को तबाह कर गयी है। प्रशासन की माने तो बाढ़ से तहसील क्षेत्र के लगभग 36 गांव प्रभावित हुए हैं जिसमें सबसे ज्यादा क्षति आधा दर्जन गांवों में हुई है। बाढ़ प्रभावितों को उम्मीद थी कि राहत किट के अलावा शासन उनकी फसलों के नष्ट हो जाने पर आर्थिक मदद करेगा हालांकि एक पखवारा बीत जाने के बाद भी अभी शासन ने किसानो की मदद का ऐलान नहीं किया है।

### कोंच व नदीगांव खंड विकास अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

**कोंच,जालौन।** कोंच तहसील के कोंच व नदीगांव के खंड विकास अधिकारी को आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ स्थानांतरण किया गया है साथ ही खण्ड विकास अधिकारी कोंच का भव्य विदाई समारोह खंड विकास अधिकारी के सभागार में आयोजित किया गया है आपको बता दें कि कोंच ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी गिरकर प्रसाद वर्मा और नदीगांव के खंड विकास अधिकारी मानू लाल यादव को आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ में सम्बद्ध किया गया साथ ही कोंच ब्लॉक के सभागार में भव्य बिदाई समारोह आयोजित किया गया है जिसमें ब्लॉक के कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया कई ग्राम प्रधानों ने शाल उढाकर स्मृति चिन्ह दिये तो वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र पटेल शीलू पडरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि ट्रांसपर एक सरकारी प्रक्रिया है।

# खराब प्रगति पर सीडीपीओ कदौरा रामपुरा, डकोर से मांगा स्पष्टीकरण

- बच्चों के वजन मापन में लापरवाही पर कुठौंद सीडीपीओ को दी चेतावनी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, सम्भव अभियान 2025 की प्रगति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, बाल वाटिका तथा तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने जैसे विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी में खराब प्रगति पर सीडीपीओ कदौरा, रामपुरा और डकोर से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही निर्देश दिया कि सभी सीडीपीओ तीन दिन के भीतर लगकर 80 प्रतिशत एफआरएस की प्रगति सुनिश्चित करें। बच्चों के वजन मापन में लापरवाही पर कुठौंद सीडीपीओ को चेतावनी दी गई।

# अन्ना पशुओं से त्रस्त ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीणों के साथ ग्राम प्रधान।

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नदीगांव विकास खण्ड के ग्राम पचीपुरा खुर्द के ग्रामीणों व ग्राम प्रधान राजीव कुमार के साथ मिलकर एसडीएम को एक सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सादुल्ला खाँ को सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से गाँव में आवारा पशुओं की समस्या से प्रशासन को अवगत कराते हुए कहा कि गाँव में पूर्व में संचालित गौशाला को दो वर्ष पूर्व बंद कर दिया गया था। गौशाला बंद होने से गाँव और आसपास के किसानों की फसलें लगातार आवारा पशुओं द्वारा बर्बाद की जा रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में करीब 20 से अधिक आवारा पशु दिन-रात खेतों में घूमते रहते हैं। यह पशु न केवल खेतों की फसलें चर जाते हैं बल्कि किसानों को भारी आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गाँव की गौशाला को पुनः चालू कराया जाए या फिर कोई स्थायी व्यवस्था बनाई जाए जिससे आवारा पशुओं से निजात मिल सके। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा गौसंरक्षण से जुड़ी कोई स्थायी योजना लागू की गई है तो उसका लाभ गांव पचीपुरा खुद को भी मिले। ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी मेहनत की फसल सुरक्षित रह सके। जनहित में उठाए गए इस कदम को लेकर ग्रामीणों ने आशा जताई है कि प्रशासन शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान राजीव कुमार के साथ विन्द्रावन, सुरेंद्र पाल, रामजी, आशाराम, नारायण सिंह, रणवीर सिंह, कालू सिंह, राजे सिंह, कृष्णतकांत सिंह आदि शामिल रहे।

# बाढ़ की त्रासदी झेल रहे गंगापार के लोगों के बीच पहुंचे डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

- समर्थकों के साथ आधा सैकड़ा गांवों का भ्रमण कर वितरित की खाद्य सामग्री
- दर्जनों गांवों का सम्पर्क कटने के बाद भी नाव व स्टीमर से पहुंचायी गई मदद


राहत सामग्री को झंडी दिखाकर रवाना करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


स्टीमर से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जाते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


पीड़ितों को जरूरतमंद चीजें वितरित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ की त्रासदी झेल रहे गंगापार के लोगों के बीच डॉ. जितेंद्र सिंह यादव अपनी टीम के साथ पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि वह पीड़ितों की मदद के लिए 24 घंटे तैयार हैं। किसी को भूखा नहीं सोने दूंगा। दवाई आदि की भी कोई कमी नहीं होने दूंगा, क्योंकि गंगापार के लोगों से हमारा पुराना रिश्ता है।

बताते चलें कि सपा के प्रदेश सचिव व 193 विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव एक नेता ही नहीं, बल्कि एक समाजसेवी के रुप में भी जाने जाते हैं। वह प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाढ़ पीड़ितों के बीच मसीहा बनकर पहुंचे और उनका दुख दर्द बांटा तथा उनको खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को भूखे पेट नहीं सोने दूंगा। उनकी पीड़ितों के प्रति सेवा बदस्तूर जारी रहेगी। बाढ़ के चलते सड़क मार्ग से कई गांवों का संपर्क टूट चुका है उन गांवों में स्टीमर व नाव में राहत सामग्री रखकर सुरक्षा की दृष्टि से गोताखोरों के साथ पहुंचकर वितरित की और उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। वहीं मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने कैंप लगाकर पीड़ित ग्रामीणों का परीक्षण कर उन्हें दवायें वितरित कीं। मंगलवार को ब्लाक राजेपुर के करीब आधा सैकड़ा गांवों का भ्रमण कर जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित की गयी। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की ओर से हेल्पलाइन नंबर 7470222222, जनसंपर्क कार्यालय 8934852222 भी जारी किये गये हैं। जिन पर पीड़ित अपनी समस्या बता सकते हैं। जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। इस दौरान सुधांशु पाठक, अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अजीत यादव, धर्मेंद्र यादव, सोनू ठाकुर, अमन सूर्यवंशी, अभय यादव, आशीष यादव, अमित कठेरिया, सानू मिर्जा, दीपक यादव, प्रेम ठाकुर, विपिन यादव, अनमोल यादव, अंकित यादव, अनिल यादव आदि लोग साथ रहे।

## थानाध्यक्ष की तैनाती उप निरीक्षकों के तबादले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बीती देर रात थानाध्यक्ष पद पर तैनात करके उप निरीक्षकों के तबादले किए है। कोतवाली फतेहगढ़ के अपराध निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा की राजेपुर थानाध्यक्ष पद पर तैनाती की है। पुलिस लाइन से निरीक्षक तेज सिंह का कोतवाली फतेहगढ़ में अपराध निरीक्षक, महेंद्र प्रताप सिंह का थाना मेरापुर एवं सर्वेश कुमार का महिला थाने के लिए तबादला किया गया। महिला थाने के उपनिरीक्षक कमलेश कुमार को थाना कमालगंज भेजा गया, जबकि थाना कमालगंज के वरिष्ठ उपनिरीक्षक गीतम सिंह का इसी पद पर थाना नवाबगंज तबादला किया गया।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की छात्राओं को अब मिलेगी मशीन से बनी रोटी

- कपड़े धोने के लिए छात्राओं को उपलब्ध होगी वाशिंग मशीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्राओं के लिए वाशिंग मशीन एवं रोटी बनाने की मशीनें लगेंगी। इस हेतु जनपद में स्थित पांच विद्यालयों के लिए दो-दो लाख रुपये प्रति विद्यालय हेतु बजट आवंटित किया गया है।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कस्तूरबा गांधी की छात्राओं को अब हाथ से कपड़े नहीं धोने पड़ेंगे। साथ ही उन्हें मशीन से बनी रोटी भी मिलेगी। इस हेतु जनपद में स्थित पांच विद्यालयों के लिए सरकार ने दो-दो लाख का बजट आवंटित कर दिया है। प्रत्येक विद्यालय में 100-100 छात्राओं के एडमीशन होते हैं। अब वहां 100 किलोग्राम की फुल आटोमेटिक मशीनें लगायी जायेंगी. कस्तूरबा गांधी विद्यालय कमालगंज उच्चीकृत होने से 6 से 12वीं कक्षा तक हो गया है। वहीं शमशाबाद ब्लाक के कस्तूरबा विद्यालय में भी छात्रावास बना है। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्रायें रहती हैं। कमालगंज और शमशाबाद वाले कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में बालिकाओं की संख्या अधिक होने के कारण यहां रोटी बनाने की मशीनें लगायी जायेंगी। शासन ने इस हेतु बजट आवंटित कर दिया है।

दोनों विद्यालय में रोटी बनाने हेतु अलग से 8.50 लाख रुपये दिये गये हैं। जानकारी के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कस्तूरबा विद्यालयों के लिए वाशिंग मशीनें तथा रोटी बनाने की मशीनों की खरीददारी की प्रक्रिया शुरु की जायेगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात महिला घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना स्थित ब्रह्मदेव के निकट एक अज्ञात महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने महिला को घायल अवस्था में पड़ा देख 108 एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी। मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट दल सिंह व ईएमटी रजनीश कुमार ने घायल महिला को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। वहां मौजूद चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।


सीएचसी में भर्ती घायल महिला

# संदिग्ध लोगों की हलचल व घरों के ऊपर उड़ रहे ड्रोन से ग्रामीणों में दहशत

- ग्रामीणों ने की हवाई फायरिंग, लाठी-डंडे लेकर खेतों में की बदमाशों की खोज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नगला बारग, जाफर नगर, नया गनीपुर, पुराना गनीपुर, बाईपास रोड, नगला जोधा व थाना क्षेत्र के नगला दुर्गा, जानकीपुर, बबुरारा, हमीरपुर, हुसैनपुर आदि गांव में सोमवार रात लोग ने खेतों की ओर कुछ संदिग्ध लोगों की हलचल को देखा। जिससे लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों के अपने घरों के ऊपर ड्रोन कैमरे भी उड़ते देखे। खेतों की ओर बदमाश होने की जानकारी होने पर व अपने घर पर ड्रोन कैमरे उड़ते देख ग्रामीणों ने ड्रोन कैमरे पर हवाई फायरिंग भी की। फायरिंग की आवाज से ड्रोन कैमरे गायब हो गए। खेतों में बदमाशों की आशंका पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे को लेकर खेतों में टॉर्च से रोशनी कर घेराबंदी कर शोर शराबा करना शुरू कर दिया। लोग छतों पर चढ़कर शोर मचाने लगे। लोगों में बताया कि इसी दौरान बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से निकल गए। लोगों ने पूरी रात छतों पर जागकर काटी। सूत्रों से पता चला है कि बदमाशों की चहलकदमी देख ग्रामीणों ने हवाई फायरिंग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने घर पर ड्रोन कैमरे को उड़ता देख तुरंत थाना नवाबगंज को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन मौके पर किसी संदिग्ध व्यक्ति या ड्रोन पकड़ा नहीं जा सका। मोहल्ला जाफर नगर के निवासी ग्रामीणों ने ड्रोन को देख पुलिस को घटना के बारे में अवगत कराया। वहीं नगला बारग निवासी एक ग्रामीण ने घर के ऊपर उड़ रहे ड्रोन कैमरे पर लाठी से प्रहार करना चाहा लेकिन ड्रोन तक लाठी नहीं पहुंच सकी। वहीं थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि बदमाशों के होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है और फायरिंग की सूचना गलत है। यह महज एक अफवाह है। यदि अनावश्यक अफवाह फैलता या फायरिंग करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्वाही की जाएगी।

# ट्रैक्टर बैक करते समय चपेट में आये बाइक सवार छात्र की मौत, साथी घायल

- गुस्साये ग्रामीणों ने लगाया जाम, पुलिस छात्र को अपनी जीप में लेकर पहुंची सीएचसी


मृतक का फाइल फोटो


थानाध्यक्ष से घटना की जानकारी करते सीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर बैक करते समय बाइक सवार छात्र उसकी चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने मौके पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझा बुझाकर घायल छात्र को लेकर सीएचसी नवाबगंज पहुंची। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह 9 बजे के करीब महबूब अली का पुत्र कामिल उम्र 18 वर्ष जो कि एसकेएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 11 का छात्र था, अपने साथी इजहार आलम पुत्र इरशाद के साथ स्कूल जा रहा था, तभी रास्ते में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को बैक कर रहा था, तभी छात्र कामिल ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे वह वह उसका साथी इजहार गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने मौके पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी सरकारी गाड़ी से दोनों छात्रों को लेकर सीएचसी नवाबगंज पहुंची। जहां कामिल की हालत गंभीर देख लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने कामिल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मोहम्मदाबाद थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला और सीओ अजय वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद से मृतक की मां खुशनुमा बेगम व भाई माहिद व बहनों इल्फा और उमराह का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का पिता महबूब अली मुंबई में ड्राइवरी का काम करते हैं।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध के कटे पैर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पटरी पार करते समय मालगाड़ी की चपेट मे आकर वृद्ध के पैर कट गये। उसी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव खेतलपुर सौरिया निवासी जानकी प्रसाद उम्र 72 वर्षीय पुत्र तिलक सिह दवा लेने के लिए कटिया थाना कम्पिल गये थे। कटिया स्टेशन पर पटरी पार करते समय अचानक मालगाड़ी आ गई। जिसकी चपेट मे आकर वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेन्स को सूचना दी। मौके पर पहुँचे एम्बुलेन्स के ईएमटी लोकेन्द्र घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


बाढ़ पीड़ितों को दवा का वितरण करते चिकित्सक

## नाव से चलकर बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचा होम्योपैथिक विभाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ की विभीषिका को झेल रहे राजेपुर ब्लॉक के बाढ़ग्रस्त गांव आशा की मड़ैया और उदयपुर गांव के बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य की देखभाल को होम्योपैथिक विभाग के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कड़हर द्वारा एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गांव में नाव से पहुंचकर किया गया। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 154 रोगियों को प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह द्वारा होम्योपैथिक दवाओं से उपचारित किया गया। इस शिविर में ज्यादातर रोगियों को बाढ़ के गंदे पानी में रहने से होने वाले विभिन्न प्रकार के चर्म रोगों सर्दी,जुकाम,खांसी, पेट दर्द, अतिसार पेचिश, जोड़ दर्द एवं बुखार इत्यादि से पीड़ित पाया गया सभी को मौके पर ही रोगानुसार होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया गया। इस शिविर के अंत में चिकित्सा अधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं समस्त रोगियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी और अनावश्यक रुप से बाढ़ के गंदे पानी में अधिक देर रहने से बचने की सलाह दी और कहा कि अपनी व्यक्तिगत एवं अपने परिवेश की स्वच्छता रखने की हिदायत दी।

## मारपीट के मामले में चाचा भतीजे पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव खाड़े नगला सिवारा निवासी सुनील कुमार पुत्र हरवीर सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि हम अपने खेत पर जा रहे थे। रास्ते में गाँव के रामसेवक पुत्र बहोरन सिंह अपने चाचा पूर्व प्रधान गणेश पुत्र वीरेन्द्र के साथ आये और आते ही हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उक्त चाचा भतीजे मेरे साथ मारपीट करने लगे। हमें पिटता देख बीच बचाव के लिए आई मेरी पत्नी को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चाचा भतीजे के विरुद्ध मामला दर्ज कर सुनील कुमार का मेडीकल परीक्षण करवाया।


घटना की जानकारी देते दंपति

## ठेकेदार शमीम हत्याकाण्ड: दलीले पूर्ण, फैसले के लिए 27 अगस्त की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ठेकेदार मो0 शमीम हत्याकांड के मामले में जेल में बंद बसपा नेता अनुपम दुबे के खिलाफ अपर जिला जज ईसी एक्ट के न्यायालय में विचारण अभियोजक पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलें पूर्ण हो गयी। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने जजमेंट के लिए 27 अगस्त की तिथि नियत की है। बताते चले कि जनपद कन्नौज कोतवाली गुरसहायगंज के कस्बा समधन निवासी ठेकेदार शमीम खान की 25 जुलाई 1995 को फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मोहल्ला कसरट्टा निवासी अनुपम दुबे व बाल किशन उर्फ शिशु के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं इसी मामले में गुरसहायगंज कोतवाली में तैनात तत्कालीन इंस्पेक्टर रामनिवास यादव की वर्ष 1996 में कानपुर के रावतपुर स्टेशन के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को न्यायालय में ठेकेदार मोहम्मद शमीम हत्याकाण्ड के मामले में अपर जिला जज ईसी एक्ट के न्यायालय में विचारण अभियोजक पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलें पूर्ण हो गयी। अपर जिला जज ईसी एक्ट के न्यायाधीश ने जजमेंट के लिए 27 अगस्त की तिथि नियत की है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, भाकियू ने कोतवाली में दिया धरना

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


कोतवाली प्रभारी से वार्ता करते अजय कटियार व अन्य

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें पुलिस द्वारा कारवाई ना किए जाने से नाराज सैकड़ों किसान नेताओं ने कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मुकदमा पंजीकृत होने के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त किया। किसान यूनियन के पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष अजय कटियार, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, लक्ष्मीशंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, बृजेश गंगवार, मुकेश गंगवार आदि ने बताया कोतवाली क्षेत्र के गॉव ग्राम चिल्सरी निवासी शशिकांती पत्नी शिशुपाल ने गांव की ही अनीता पत्नी मुकेश कुमार से खेत दिनाक 30 जनवरी को खरीदा था। उक्त खेत पर काफी लम्बे समय से फूल सिंह पुत्र राम भरोसे आदि के द्वारा खेत को अनीता से बटाई पर लिया था। अनीता ने फूल सिंह से कहा हमने खेत बेच दिया है। तुम मक्के की फसल करके खेत छोड़ दो। मक्के की फसल हो जाने के वाद भी फूल सिंह जमीन से अपना कब्जा नहीं छोड़ रहा है तथा परिवार की महिलाएं कब्जा करने की नियत से पहुंचीं। जब शशिकांती व उसकी बेटी पूजा ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने एकत्र होकर मिर्ची पाउडर डालकर षड्यंत्र के तहत लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान इन लोगों ने कान के कुंडल, गले की चैन और अंगूठी उपरोक्त लोग मारपीट कर छीन ले गये। घटना की जानकारी देने और रिपोर्ट लिखाने जब पीड़ित थाने आए, तो पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। घटना की जानकारी पर भाकियू नेता कोतवाली पहुंच गए और थाना परिसर में दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने उन्हें कारवाई का भरोसा दिया। जिस पर किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# हत्या व जानलेवा हमले में एक ही परिवार के छः लोग सहित सात पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कटहल के फल को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष ने जानलेवा हमला कर फायरिंग कर दी थी। जिसमें घायल राजबहादुर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उपरोक्त मामले में अपर जिला जज एवं सत्र पॉक्सो प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने सुरेन्द्र सिंह, रामरतन पुत्रगण मुंशीलाल, मुंशीलाल, रामपाल पुत्रगण रामचंद्र, पवन कुमार, माखनलाल पुत्रगण रामपाल निवासी कुंदननगला कमालगंज, नवरत्न सिंह, लाल बाबू निवासी बिरिया नगला जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल दिया। सजा के बिंदु पर 21 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। बीते 15 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज के ग्राम नगला कुंदन निवासी फूल सिंह पुत्र लालमन ने पुलिस को सूचना दी कि मेरा शामिलाती का एक कटहल का पेड़ जिसके फल के बंटबारे को लेकर विवाद हो गया था। उसी रंजिश को लेकर 13 जुलाई 2010 को समय शाम छः बजे पड़ोस के सुरेन्द्र अपने पिता की लाइसेंस बंदूक लेकर पवन, रामरतन, माखन लाल, रामपाल, मुंशीलाल, नवरत्न अपने-अपने हाथों में नाजायज तमंचा व देशी बंदूक लेकर एक राय होकर मेरे चचेरे भाई राजबहादुर पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली लगने से वह जमीन पर गिर गए। उनको बचाने के लिए मां सहित परिवार के अन्य लोग आ गए। सभी लोगों ने भद्दी गालियां देते हुए कहा आज इन सभी सालों को जान से मार दो कहकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिससे मेरे परिवार के सभी लोग घायल हो गए। शोरगुल सुनकर गांव के लोग आ गए। उक्त लोग फायर करते हुए भाग गए। घायलों को उपचार के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। घटना से लगभग दो माह पूर्व थाना कमालगंज में मारपीट के मामले एनसीआर दर्ज कराई थी। उचित कार्यवाही न होने पर आरोपियों के हौसले बुलंद थे। उपचार के दौरान राजबहादुर की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने हत्या व जानलेवा हमले में सुरेन्द्र, रामरतन, मुंशीलाल, पवन कुमार, माखनलाल, नवरत्न, रामपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 21 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। वहीं दूसरे पक्ष से सुरेंद्र पुत्र मुंशीलाल निवासी कुंदन नगला ने मारपीट व गाली-गलौज जान से मारने की धमकी के मामले में अपने गांव के ही अशोक पुत्र नंदराम, मिलन, फूल सिंह पुत्रगण लालमन के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनिक कुमार बाजपेई की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने अशोक, मिलन, फूल सिंह को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तिथि नियत की गयी है।

# अवैध असलहा रखने में महिलाएं गिरफ्तार, 26 कारतूस बरामद


पुलिस हिरासत में आरोपी महिलायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में कोतवाली कायमगंज पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर अवैध असलहा रखने के आरोप में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचे और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पहला मामला नगर के मोहल्ला मेहंदीबाग का है। महिला दरोगा सुधा पाल अपने हमराह पुष्पेन्द्र, रोहित सहित पुलिस की टीम के साथ दबिश देकर किराये के मकान में रह रही महिला प्रियंका उर्फ प्रेमिका पत्नी धर्मपाल को पकड़ा। तलाशी में कमरे की अलमारी से एक तमंचा 315 बोर और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि असलहा उसके पिता रतीभान निवासी छिबरामऊ जनपद कन्नौज और पति धर्मपाल मूल निवासी रानीपुर गौर ने सुरक्षा की नीयत से रखा था।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर महिला को जेल भेज दिया। दूसरा मामला ग्राम रानीपुर गौर का है। मंगलवार तड़के मुखबिर की सूचना पर रानीपुर गौर गांव में पुलिस ने चेकिंग के दौरान छापेमारी कर प्रथ्वीराज और रानी यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम जब उनके मकान पहुंची तो आरोपियों ने भूसे के ढेर से छिपाकर रखा तमंचा और 11 जिंदा कारतूस निकालकर पुलिस को सौंप दिए। दोनों के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की।

## 59वें आवा महोत्सव पर मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन


स्वास्थ्य कैंप में महिलाओं को देखतीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा भल्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वस्थ्य महिला ही परिवार को स्वस्थ्य रख सकती है। परिवार समाज की इकाई है। परिवार स्वस्थ्य होगा, तो समाज स्वस्थ्य होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य पर भी परिभाषाएं देता है। ये विचार आज राजपूत रेजीमेंट सेंटर के जसराम आडोटोरियम में आयेजित 59 वें आवा महोत्सव के अवसर पर आयोजित मेडिकल कैंप रख रहे थे डॉ. मेजर रोहित तिवारी। स्वास्थ्य कैंप में राजपूत सेंटर के परिवार की महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयुर्वेद को जीवन का अंग बनाना चाहिए। हमें नियमित रुप से योग करना चाहिए। यह बात डॉ. क्षमा चतुर्वेदी ने जीवन में आयुर्वेद का महत्व समझाते हुए कही। मेडिकल कैंप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा भल्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ आकांत्रा त्रिपाठी, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. नवनीत, आर्थो के डॉ.नीरज वर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रेय खंडूजा ने अपनी सेवायें दीं। आवा प्रेसीडेंट अनुपमा डीसूजा ने कैंप का निरीक्षण किया। बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने स्वास्थ्य कैंप का लाभ लिया।

# नल पर शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने युवक पर झोंका फायर, घायल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

नल पर शराब पीने की मना करने पर दबंगों ने युवक पर फायर कर दिया। गोली हाथ में लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए युवक को सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया रेफर किया गया। पीड़ित के पिता ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी मोहम्मद समीर ने मंगलवार की बीती रात घर के बाहर सड़क पर पेशाब करने आया था। देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे पड़ोसी के यहां जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। घर में डीजे भी बज रहा था। उसी समय पड़ोसी दो साथियों के साथ घर के बाहर लगे नल पर शराब पी रहा था। मोहम्मद समीर ने उक्त लोगों से नल से शराब पीने का मना किया। इसी बात पर बाद विवाद हो गया। गाली-गलौज करते हुए एक युवक ने मोहम्मद समीर के ऊपर फायर कर दिया। घबराकर भागे मोहम्मद समीर के कोहनी में गोली लग गई। डीजे की आवाज तेज होने का फायदा उठाकर आरोपित युवक मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ मोहम्मद समीर ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी स्वजनों को दी। स्वजन आनन-फानन में घायल युवक को थाने ले आए। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को लोहिया रेफर किया गया। मंगलवार शाम पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार्यवाहक थाना प्रभारी विभूति प्रसाद ने बताया मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्वाई की जाएगी।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर छाया चित्रों की लगायी गई प्रदर्शनी

▶ छायाकारों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मीडिया सेंटर द्वारा आयोजित विश्व फोटोग्राफी दिवस पर छायाचित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन एशियन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट जोगराज पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विजय यादव का कला मित्र एवं अनुराग पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय विश्व फोटोग्राफी दिवस की थीम रोज मर्रा की जिंदगी में समाज के विभिन्न चित्र प्रदर्शित किए गए। छाया चित्रों के माध्यम से नगर की समस्याएं तो कहीं उनकी चुनौतियों को उनका समाधान मीडिया के प्रेस फोटोग्राफर ने छायाचित्रों के द्वारा अपने-अपने कैमरा के द्वारा अभिव्यक्त की। आजादी का जुनून, प्राकृतिक आपदा, वर्षा एवं बाढ़, संस्कृतिक ऐतिहासिक धरोहर, इतिहास एवं कला दर्शन के छायाचित्रों ने सभी को आकर्षित किया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते विजय यादव

छायाकार रविंद्र भदोरिया, मीडिया सेंटर से अनुराग पांडेय के साथ फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष का स्व0 रामनारायण पाण्डेय की स्मृति में कला सम्मान प्रमोद द्विवेदी उर्फ भोले को देकर सम्मानित किया गया। छायाचित्रों की प्रदर्शनी में सहयोगिता करने वाले प्रेस फोटोग्राफरों एवं पत्रकारों को अनुराग अग्रवाल भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा भी सभी पत्रकारों एवं छायाकरो को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में साहित्यकार डॉ0 रामकृष्ण राजपूत ने कहा युग परिवर्तन के साथ चले विज्ञान सभी के लिए वरदान बने। समाजसेवी संजय गर्ग ने बचपन की यादें मेला में अपनी मां से कैमरा लिया था, कैमरा मेरा बचपन का शौक है, आज सेल्फी में माफिया बन गया। राजेश निराला ने कहा अतीत में वर्तमान तक की फोटो यात्रा में मोबाइल फोटोग्राफी का क्रेज बढ़ा है। छायाकार रविंदर भदोरिया ने कहा एआई तकनीक से मानवता को बचाने की आवश्यकता है।

विजय यादव ने कहा की फोटो के महत्व पर प्रकाश की प्रतिक्रिया, नेत्र दृष्टि से हमने चित्र देखें, जीवन में नेत्र और प्रकाश की भूमिका, फोटोग्राफी के ज्ञान को अध्यात्म एवं भौतिक विज्ञान के द्वारा समाज और देश का निर्माण में सहयोग दें। विजय यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन सुरेन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम संयोजक अनुराग पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आदेश अवस्थी, प्रशांत सिंह, गुड्डू पंडित, धीरज अग्निहोत्री, सोनेलाल, अजीत अग्निहोत्री, आदर्श मिश्रा, सुशील मिश्रा, मोहनलाल गौड़, दीपक सिंह, भानु शंकर वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड शिविर 21 व 22 अगस्त को लखनऊ में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▶ यदि किसी का आयुष्मान कार्ड बनना है या संशोधन होना है तो वह शिविर में ले सकता है प्रतिभाग

उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने राज्य के पत्रकारों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग के अनुसार स्टेट हेल्थ एजेंसी (साची) द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करने एवं संशोधन कराने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 व 22 अगस्त गुरुवार एवं शुक्रवार को आयोजित होगा।

अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र ने सभी जिलों के उप निदेशक, सहायक निदेशक एवं जिला सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को इस शिविर की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि वे निर्धारित तिथियों में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा या उसमें आवश्यक संशोधन करवा सकें। यदि किसी का आयुष्मान कार्ड बनना है या उनके आयुष्मान कार्ड में किसी प्रकार की कोई त्रुटि या संशोधन होना है तो वह इस शिविर में प्रतिभाग कर लाभ उठा सकते हैं।

# राजस्व वाद के अब तक कुल 111872 मामले चिन्हित


बैठक में मौजूद अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में प्रशासनिक मामलों संबंधित तैयारी बैठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी अभिनितम उपाध्याय की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक में ज्यादा से ज्यादा मामले चिन्हित करने के निर्देश दिये गये। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले योग्य राजस्व, चकबंदी, लघु फौजदारी, विद्युत विभाग आदि राजस्व मामलों संबंधित बैठक हुई। अब तक राजस्व वाद के 283 मामले, फौजदारी वाद के 1007 मामले, प्रकीर्ण वाद के 110582 मामले चिन्हित कर कुल111872 मामले चिन्हित किये जा चुके है। बैठक में अपर जिलाधिकारी अनीश कुमार, राम कुमार वर्मा, मनीष वर्मा, विनोद कुमार, उमाशंकर, राधारमण आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# दिलीप कश्यप की कविता का दूरदर्शन पर हुआ प्रसारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

देशभक्ति की कविताओं के माध्यम से अपनी पहचान चुके जिले के युवा कवि दिलीप कश्यप की कविताओं का प्रसारण दूरदर्शन पर हुआ।

शहर के मोहल्ला छत्तादलपतराय के रहने वाले युवा ओज कवि दिलीप कश्यप की देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं को खूब सराहना मिल रही है। बीते दिनों देश के प्रतिष्ठित टीवी चैनल दूरदर्शन पर उनकी चर्चित कविता सरदार भगत सिंह की रिकॉर्डिंग हुई थी, जिसका प्रसारण देर शाम को दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के साहित्यिक कार्यक्रम हुआ। दिलीप को जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग बधाई दे रहे हैं। मालूम हो कि दिलीप पिछले कई वर्षों से साहित्यिक मंचों पर सक्रिय है और विभिन्न साहित्यिक संस्थाओ से जुड़े हुए है। वह प्रदेश विभिन्न शहरों में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के मंचों पर प्रस्तुति देते है।


दिलीप कश्यप

# गौशाला में गोबर मिलने पर नियंत्रक अधिकारी को नोटिस जारी

▶ हरा चारा न बोने वाले 17 से स्पष्टीकरण व टीकाकरण की असंतोषजनक स्थिति पर नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में गौशाला के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने निरीक्षण में जहां गौशाला में गोबर पाया गया, वहां के नियंत्रक अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। 26 में से 9 स्थानों पर ही हरा चारा बोने पर डीएम ने नाराजगी जतायी व स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। कुडरी सारंगपुर में पानी भरा होने की जानकारी दी गई। टीकाकरण की असंतोषजनक स्थिति पर भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। चारागाह की भूमि व गौशाला की भूमि के स्पष्ट चिन्हीकरण कर सूचित करने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिये कि कहीं भी भूसा की कमी नहीं होने चाहिए, अगर कहीं भी समस्या है तो अवगत कराये। बाढ़ के निरीक्षण में दोष पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। वहीं एक अन्य बैठक में पंचायत सहायकों को 100 फेमिली आईडी प्रतिदिन फीड करने के निर्देश दिये। बाढ़ रहित स्थानों पर बाढ़ का झूठा बहाना नहीं चलेगा। फार्मर रजिस्ट्री में भी आवंटित लक्ष्य पूरा करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम

# संकिसा स्थित बौद्ध मठों में पर्यटन विकास के सम्बन्ध डीएम ने ली बैठक

▶ अत्याधुनिक बनाने के लिए दिये गये सुझाव/प्रस्ताव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में पर्यटक स्थल संकिसा स्थित बौद्ध मठों में पर्यटन विकास के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं एवं बौद्ध मठों को अत्याधुनिक बनाने के लिए सुझाव/प्रस्ताव दिये गये व सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। विभिन्न बौद्ध विहारो से आये पदाधिकारियों ने उपरोक्त कार्य कराने पर सहमति व्यक्त की। प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन लखनऊ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बौद्ध मठों पर कराये जाने वाले पर्यटन विकास कार्यों के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये। विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य ने पर्यटकों की सुविधा हेतु संकिसा स्थिति बौद्ध स्तूप के समीप शुलभ शौचालय निर्मित कराये जाने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी दीप्ति वत्स, कर्मवीर शाक्य, आनन्दभान शाक्य, नगेन्द्र सिंह शाक्य, आर.डी. बौद्ध, प्रभुदयाल, वेनपी सुमन्त्र, चेत सिंह, वीके त्रिपाठी आदि उपस्थति रहे।



बैठक लेते डीएम मौजूद विधायक आदि

## डीएम ने एनआरसी वार्ड का किया निरीक्षण, एसी मिली खराब

▶ 12 बच्चों को वितरित किये फल व बिस्किट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय पहुंचकर एनआरसी वार्ड का निरीक्षण किया। डीएम ने बार्ड में भर्ती 12 बच्चों को फलों व बिस्किट का वितरण किया एवं बच्चों की माताओं से बातचीत कर उनको मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देशित किया कि एनआरसी बार्ड में तैनात पुरुष स्टाफनर्स को बदलकर केवल महिला स्टाफनर्स की ही ड्यूटी लगाई जाये व खराब पड़े एसी ठीक कराये जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस पुरुष व महिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी व संबंधित उपस्थिति रहे।


फल वितरित करते डीएम



कार्यक्रम में मौजूद विहिप पदाधिकारी

## विहिप ने मनाया 61वां स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस फतेहगढ़ स्थित एक होटल में मनाया गया। मुख्य अतिथि कानपुर प्रांत के कार्य अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल रहे। कार्यक्रम संयोजक जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने हिन्दुत्व व सनातन धर्म को मजबूत करने पर जोर दिया। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश बाथम व जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा एवं जिला संयोजक सुदीप, विभाग संयोजक अभिषेक ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर रोहन मिश्रा, नितिन बाजपेयी, रिषभ, योगेंद्र, श्रवण, अनुज, नयन, आशुतोष, अंकित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संस्कृति बोध परियोजना अभियान की हुई शुरुआत


कार्यक्रम में मौजूद लोग

▶ भारतीय शिक्षा एवं संस्कृति को दिया जायेगा बढ़ावा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में संस्कृति बोध परियोजना के अभियान की शुरुआत हुई। विद्यालय की वंदना सभा में क्षेत्रीय अभियान प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी, संभाग निरीक्षक अजय द्विवेदी, जन शिक्षा के संभाग निरीक्षक विजय शंकर, प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेई मौजूद रहे। क्षेत्रीय अभियान प्रमुख ने सभी छात्र-छात्राओं को संस्कृति बोध परियोजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास, तीर्थ स्थलों आदि की जानकारी प्रदान करना है। अभियान 18 अगस्त से 5 सितम्बर तक चलेगा। क्षेत्रीय अभियान प्रमुख, अध्यक्ष उदय पाल सिंह एवं प्रधानाचार्य ने अभिभावकों, विद्वतजनों, पूर्व छात्रों, संकुल के सभी प्रधानाचार्यों, जन शिक्षा के प्रधानाचार्यो एवं विद्यालय के सभी आचार्यों एवं आचार्या बहिनों के साथ बैठक की।

# गैंगेस्टर के मामले में तीन आरोपी को छह-छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त होकर समाज में भय व आतंक व्याप्त करने के मामले में थाना शमशाबाद में बलवीर पुत्र महेश्वर यादव, नन्हकू पुत्र हवलदार यादव निवासीगण वाजिदपुर, श्याम बाबू, दफेदार निवासी नगला जमुनिया के विरुद्ध दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने बलवीर, नन्हकू, श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व प्रत्येक आरोपी को दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।




# फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला संयोजक राकेशानंद ने विश्व फोटोग्राफी दिवस रतन मिश्रा के प्रतिष्ठान पर मनाया। सभी ने अपने विचार व्यक्त किये और भाईचारा एवं आपसी प्रेम बढ़ाने पर जोर दिया। एसोएिशन कई वर्षों से कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष की सहमति पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंचासीन वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संचालन शरद कुमार यादव ने किया। जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू ने कहा कि शासन के द्वारा फोटोग्राफर्स के लिए दो पहिया वाहन पर तीन लोगों को चलने हेतु अनुमति प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर शिवम वर्मा, भानू शंकर वर्मा, अनूप गुप्ता, देव कठेरिया, अरुण आनंद, भूरे शाक्य, सनी आदि फोटोग्राफर मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद फोटोग्राफर

## आईटीआई में प्रवेश लेने हेतु अंतिम तिथि हुई 30 अगस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र अगस्त प्रवेश हेतु लेने वाले अभ्यार्थी जिनका आईटीआई संस्थानों में ऑन लाइन आवेदन किये थे। उनका प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण में प्रवेश लेने हेतु नाम नहीं आया है, वे बेवसाइट में दिये गये लिंक पर चौथे चरण की रैंक में अपना आन लाइन फार्म जमा कर सकते है और रिक्त सीटों में प्रवेश 19 अगस्त से 24 अगस्त तक नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई ठंडी सड़क में प्रवेश ले सकते है। जिसके लिए अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य ने दी है।

# पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक ने ली व्यापारी बंधु की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन में व्यापार बंधु की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। व्यापारियों ने बैठक में समस्यायें रखी। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि अराजकतत्वों से व्यापारी की सुरक्षा पर विचार किया जाये। रात्रि में मोहल्लों में चोर आने लगे है।

गश्त बढ़ायी जाये। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल व प्रबल महेश्वरी ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि सर्राफा व्यापारियों को पुलिस परेशान करती है। कोई गिरवीं चीज पर विवाद होने पर पुलिस व्यापारी की ही गलती देती है और बात भी नहीं सुनती है और सर्राफा व्यापारियों को परेशान किया जाता है। ऐसे में व्यापारियों के सर्कुलर बनाया जाये। साथ ही नगर पालिका व बिजली विभाग एवं आरटीओ विभाग की भी समस्यायें उठायी गई और उनका समाधान करने के लिए बात रखी गई। सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए एएसपी ने आश्वासन दिया। इस मौके पर ऋषि बंसल, मोहित यादव, संदीप सक्सेना, राजकुमार सिंह, विशाल कश्यप, देवेश कुमार, राहुल श्रीवास्तव, रविकांत गुप्ता, अंकित गुप्ता, विनोद गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता, मनोज सक्सेना, शिवाशीष तिवारी, चमन टंडन, सदानंद शुक्ला, मनोज मिश्रा, अनिल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


व्यापारियों को सम्बोधित करते एएसपी

# ग्रामीणों ने गिरे ड्रोन कैमरे को उठाकर पुलिस को दी जानकारी



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली बीआरसी ऑफिस के पास रात्रि को ड्रोन कैमरा आकर गिरा। ग्रामीण दौड़कर वहां पहुंचे और ड्रोन मिलने की जानकारी मंडी चौकी प्रभारी अवधेश कुमार को दी। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर ड्रोन को कब्जे में ले लिया। रोशनी से जगमगाते ड्रोन को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। एसआई ड्रोन को लेकर पुलगालिब पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा को जानकारी दी। उन्होंने सभी उप निरीक्षकों को सतर्क रहने, संदिग्धों पर नजर रखने और बैंकों की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात हल्का इंचार्ज और बीट के सिपाहियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मंडी चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि बरामद ड्रोन बच्चों का खिलौना है। उसमें कैमरा भी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर गौर न करने की अपील की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कोरी खेड़ा विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 — दिनांक 19/08/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वितत अन्तर्गत ग्राम पंचायत-कोरी खेड़ा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजनाओं में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 20/08/2025 से 26/08/2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 26/08/2025 को 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, तकनीकी सहायक एवं उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक दिनांक 20/08/2025 से 26/08/2025 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रू0 500-00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामऔतार के खेत से रामरतन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.75 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामपाल के घर से डामर रोड तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.01 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- ग्रा0पं0 कोरी खेड़ा वि0ख0 कमालगंज सचिव-

